ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आश्विन कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 04 अक्टूबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 241 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मोना सिंह, राजेश तैलंग गैंगस्टर ड्रामा सीरीज... पेज 12 पर



## राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में विस अध्यक्ष बोले — लोकतंत्र के ध्वजवाहक हैं भारत व घाना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि भारत और घाना विश्व में लोकतंत्र के ध्वजवाहक हैं। विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ विश्व का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा संसदीय राष्ट्रों का गठबंधन है। पूरे विश्व में संसदीय व्यवस्था को और कारगर व लोक हितकारी बनाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। बता दें कि स्पीकर रबींद्रनाथ महतो 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में भाग लेने को लेकर घाना की राजधानी अक्रा के छह दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने भारत घाना कोफी अन्नान सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र पर अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

छह दिवसीय दौरे के क्रम में वे तीन विषयों पर वक्तव्य देंगे। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि जहां एक ओर भारत महात्मा गांधी के विचारों की अलख पूरी दुनिया में जगा रहा है, वहीं दूसरी ओर क्वामे नक्रुमा द्वारा स्थापित लोकतंत्र को घाना के चौथे गणराज्य में मजबूती से आगे बढ़ाया जा रहा है।

हालांकि कुछ समय के लिए सैन्य शासन द्वारा घाना में शासन किया गया था, लेकिन तीस वर्षों से अनवरत यहां लोकतंत्र कायम है। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि भारत में लगातार 75 वर्षों से लोकतंत्र के रूप में कायम है और विश्व के सबसे बड़े जनसमुदाय के रूप में अपनी पूरी विविधता के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान के योगदानों की भी चर्चा की। उन्होंने जिक्र करते हुए कहा कि कोफी अन्नान घाना के ही थे। झारखंड के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम से ईडी की पूछताछ आज

### रांची जमीन घोटाले में आज होनी है पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पांचवें समन पर पूछताछ की पूरी तैयारी ईडी ने की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पांचवें समन में ईडी ने उन्हें बुधवार को दिन के 10.30 बजे उपस्थिति का नोटिस दिया है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को सीएम को एक सरकारी कार्यक्रम में शरीक होने पलामू जाना है। इससे पहले चार अक्तूबर को सीएम के देवघर का कार्यक्रम तय था, लेकिन वह कार्यक्रम रद किया जा चुका है।

### बरियातू जमीन को लेकर सीएम को किया गया है समन



**बड़गाई** अंचल के बरियातू इलाके में एक ही बाउंड्री में 8.50 एकड़ जमीन को लेकर सीएम हेमंत सोरेन से ईडी पूछताछ करना चाहती है। इन जमीन से जुड़े कागजात गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के मोबाइल फोन से मिले थे। मोबाइल फोन में मिले दस्तावेजों के आधार पर ही ईडी ने जमीन की जांच शुरू की थी। इस मामले में गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक और बड़गाईं अंचल के तत्कालीन सीओ का बयान भी ईडी ने दर्ज किया था। जिसके बाद एजेंसी ने मुख्यमंत्री को समन किया था। मुख्यमंत्री को उपस्थिति का पहला समन 14 अगस्त, दूसरा समन 24 अगस्त, तीसरा समन 9 सितंबर और चौथा समन 23 सितंबर की तारीख के लिए भेजा गया था। समन को पहले सुप्रीम कोर्ट में और अब हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

वहीं पूरे मामले में सीएम की तरफ से ईडी के अधिकारों को चुनौती देने वाली याचिका पर सबकी नजर है।

## गागर में सागर

### हाईकोर्ट में रांची हिंसा मामले में दायर जनहित याचिका की हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा की एनआईए जांच को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार से पूछा कि वह कैसे इस केस को एनआईए को ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। क्या इसका कोई साक्ष्य है कि यह घटना शेड्यूल ऑफेंस के तहत आ रही है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उनकी ओर से सिर्फ यह कहा गया कि मामले की जांच नहीं हो रही है। इससे पहले एनआईए और राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूरे प्रकरण में यह मामला शेड्यूल ऑफेंस के दायरे में नहीं आता है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने मंगलवार को मामले की सुनवाई की। इस केस के साथ संलग्न एक अन्य जनहित याचिका, जिसमें याचिकाकर्ता अधिवक्ता एके रशीदी ने मामले की न्यायिक जांच करने की मांग की। साथ ही याचिकाकर्ता ने पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने राज्य सरकार, एनआईए एवं याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के बाद मामले की सुनवाई 21 नवंबर निर्धारित की है।

### जमीन घोटाला मामले में आरोपी राजेश की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने मंगलवार को जमीन घोटाला मामले के आरोपित राजेश राय की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने राजेश राय की जमानत याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। इसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी।

### विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामले की हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण मामले में सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा समरी लाल के मामले में अंतिम आदेश पारित नहीं करने के आदेश को बरकरार रखा है। मामले की अगली सुनवाई पांच दिसंबर को होगी।

### अवैध खनन मामला: पंकज मिश्रा की जमानत पर अगली सुनवाई 13 को

**रांची।** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। इसके बाद अदालत ने पंकज की जमानत पर अगली सुनवाई की तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित की है। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं लेकिन अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि हैं।

### एसीबी में अफसरों के बीच काम का बंटवारा, प्रमंडलों का मिला प्रभार

**रांची।** एसीबी में एसपी स्तर के अधिकारियों के बीच काम का बंटवारा हो गया है। रांची प्रमंडल, विशेष प्रमंडल व जमशेदपुर प्रमंडल का प्रभार मणिलाल मंडल को दिया गया है। वहीं, आरिफ एकराम को हजारीबाग व पलामू प्रमंडल का प्रभार दिया गया है। जबकि कैलाश करमाली को धनबाद व दुमका प्रमंडल के एसपी का प्रभार दिया गया है। पूर्व में अफसरों की तैनाती नहीं होने की वजह से पद खाली थे।

### जेई की परीक्षा देने जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां गौरी पुल के समीप मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे दो वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जयनगर के सांथ निवासी जोहीत कुमार (पिता घनश्याम राम) एवं मोहसिन अंसारी (पिता इम्तियाज अंसारी) दोनों की उम्र करीब 22 साल, एक बाइक पर सवार होकर जेई की परीक्षा देने हजारीबाग जा रहे थे। इसी दौरान गौरी नदी पुल के समीप एक वैगन आर कार से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। वहीं उनकी बाइक पूरी तरह से जल गई। घटना की सूचना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वैगन आर कार को कब्जे में लेकर कार के चालक को हिरासत में लिया है।

## मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों के बीच बांटे नियुक्ति पत्र, कहा

# जल्द कई विभागों में बड़ी संख्या में होगी नियुक्तियां

- निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में नौजवानों को मिल रहा ऑफर लेटर
- सामाजिक सुरक्षा देने के लिए लागू किया सर्वजन पेंशन योजना
- कई चुनौतियों का सामना करते हुए बढ़ रहे आगे
- राज्य में संभावना, क्षमता और दक्षता की कमी नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्ति हो रही है, आज यह कोई पहला अवसर नहीं है बल्कि पिछले कई अवसरों पर हमारी सरकार ने झारखंड मंत्रालय के इस सभागार में राज्य के युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र देने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में शिक्षक सहित विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की जानी है। हमारी सरकार ने डीएसपी, बीडीओ, सीओ सहित राज्य में पहली बार खेल पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, लैब साइंटिस्ट की भी नियुक्तियां की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बनने के बाद पहली बार जेपीएससी की नियमावली बनी। इससे पहले जो भी बहाली होती थी, वह कोर्ट-कचहरी के चक्कर में फंस जाता था।

मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत झारखंड नगरपालिका सेवा के 47 सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) तथा वाणिज्य-कर विभाग अंतर्गत लिपिकीय सेवा संवर्ग के 46 निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के बीच शेष पृष्ठ 11 पर

## भौतिकी के नोबेल 2023 पुरस्कार का ऐलान

# 3 वैज्ञानिकों को सम्मान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को प्रकाश की अत्यंत छोटी तरंगों के साथ इलेक्ट्रॉनों की दुनिया की खोज के लिए भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया। 2023 का यह नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल'हुलियर को दिया गया है।अवॉर्ड उन प्रायोगिक तरीकों के लिए दिया गया, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न किए गए। इलेक्ट्रॉनों की दुनिया में, एटोसेकंड के कुछ दसवें हिस्से में परिवर्तन होते हैं, एक एटोसेकंड इतना छोटा होता है कि एक सेकंड में उतने ही परिवर्तन होते हैं जितने ब्रह्मांड के जन्म के बाद से हुए हैं। लॉरेंट्स के प्रयोगों ने प्रकाश के इतने छोटे स्पंदन उत्पन्न किए हैं कि उन्हें एटोसेकंड में मापा जाता है, इस प्रकार यह प्रदर्शित होता है कि इन स्पंदनों का उपयोग परमाणुओं और अणुओं के अंदर प्रक्रियाओं की तस्वीरें प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।

अकादमी ने एक बयान में कहा, भौतिकी 2023 में तीन नोबेल पुरस्कार विजेताओं को उनके प्रयोगों के लिए मान्यता दी जा रही है, जिन्होंने मानवता को परमाणुओं और अणुओं के अंदर इलेक्ट्रॉनों की दुनिया की खोज के लिए नए उपकरण दिए हैं। पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल'हुलियर ने शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में 8 अक्टूबर तक होगी बारिश, अलर्ट जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिसने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह बारिश अगले 8 अक्टूबर तक राज्यभर में होती रहेगी। इसकी जानकारी मौसम विभाग केंद्र रांची ने दी है। विभाग ने 5 अक्टूबर तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है वहीं अगले 8 अक्टूबर तक राज्यभर में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

मौसम विभाग ने बताया है कि राज्य में 3 और 4 अक्टूबर को राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है वहीं राज्य के कई जिलों में भारी बारिश होने की बात कही है जिसमें सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा समेत कई जिलों के नाम शामिल है इन हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात की भी संभावना है जिले को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले 8 अक्टूबर तक मौसम का ऐसा ही मिजाज बने रहने की संभावना है।

विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश के साथ वज्रपात की आशंका जताते हुए अलर्ट जारी किया है। बता दें बीते कुछ दिनों से राज्यभर में जमकर बारिश हो रही है। इस बीच कई जगहों पर वज्रपात भी हुए। जिसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हुए तो कई लोगों ने अपनी जान गंवाई। राजधानी रांची में इन दिनों लगातार रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है जिसकी वजह शेष पृष्ठ 11 पर

## एक तरफा प्यार में लड़की को मार डाला, दो भाईयों की हालत नाजुक

**साहिबगंज।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एकतरफा प्यार में प्रेमी ने कथित प्रेमिका समेत उसके दो भाइयों पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले लड़की की मौत हो गयीं जबकि उसके दोनों भाईयों की हालत नाजुक बनी हुई है। दोनों को भागलपुर रेफर किया गया है। घटना सोमवार देर रात की है। इस संबंध में एसपी नौशाद आलम ने मंगलवार को बताया कि पड़ोस में रहने वाले बासुदेव को इंदू कुमारी उर्फ बुधिया से प्यार हो गया था। वह इंदु पर शादी का दबाव बना रहा था लेकिन लड़की ने इंकार कर दिया। इस बात को लेकर दो-तीन पहले भी विवाद हुआ था। बासुदेव सोमवार की आधी रात में लड़की के घर में घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसने चाकू से लड़की पर हमला बोल दिया। चीख-पुकार सुनकर बगल के कमरे में सो रहे दो भाई लालन यादव और बवन यादव पहुंचे तो आरोपित ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया, जिसमें तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गए।

## दिल्ली में गिरफ्तार आईएसआईएस के तीन आतंकियों में दो झारखंड के




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को आईएसआईएस के जिन तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था, उनमें दो झारखंड के रहने वाले हैं। दोनों ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। इनमें शाहनवाज आलम एनआईए का मोस्ट वांटेड था और उस पर तीन लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह हजारीबाग शहर के पगमिल-पेलावल का रहने वाला है। दूसरा आतंकी रिजवान अशरफ झारखंड के गढ़वा का रहने वाला है। इनकी गिरफ्तारी की खबर उनके होमटाउन पहुंची तो हर कोई सन्न रह गया। दोनों के परिजनों में कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है। इसके पहले 19 जुलाई को एनआईए ने झारखंड के लोहरदगा से आईएसआईएस के एक अन्य आतंकी फैजान को गिरफ्तार किया था। ढाई महीने के दौरान आईएसआईएस से जुड़े झारखंड के तीन युवकों की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। झारखंड में इनसे जुड़े लोगों के कांटैक्ट्स खंगाले जा रहे हैं। आशंका है कि इन्होंने राज्य में कई अन्य युवाओं को संगठन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जोड़ रखा है। लोहरदगा के फैजान से पूछताछ के आधार पर एनआईए ने बीते दिनों देश के अलग-अलग राज्यों में छापामारी की थी। उससे मिली जानकारी के आधार पर एनआईए ने आईएसआईएस के लिए काम करने वाले मध्य प्रदेश के देवड़ा निवासी राहुल सेन को गिरफ्तार कर बीते दिनों रांची लाया था।

हजारीबाग के रहने वाले शाहनवाज उर्फ अब्दुल्ला उर्फ शफी उज्जमा उर्फ प्रिंस ने बेंगलुरु के विश्वेश्वरैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से माइनिंग इंजीनियरिंग में बी-टेक किया है। उसके पिता हजारीबाग में केएन इस्लामिया स्कूल में हेडमास्टर रह चुके हैं। उसका पासपोर्ट रांची में 31 अक्टूबर 2016 को बना था, जिसकी वैधता 30 अक्टूबर 2026 तक है। हजारीबाग के बड़ा बाजार थाने की पुलिस ने उसे उसके दो साथियों के साथ वर्ष 2020 में पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। करीब छह महीने तक हजारीबाग स्थित जेपी सेंट्रल जेल में रहने के बाद वह जमानत शेष पृष्ठ 11 पर

### बिहार के जातीय गणना की रिपोर्ट आने के बाद झारखंड में भी उठ रही मांग

# नफा-नुकसान पर छिड़ी बहस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिहार सरकार ने महात्मा गांधी की जयंती के दिन जातीय गणना रिपोर्ट जारी कर दिया है। बिहार के इस जातीय सर्वे के बाद झारखंड में जातीय गणना की मांग तेज हो गई है। कांग्रेस, राजद और एनडीए का घटक दल आजसू ने भी इसकी पूरजोर सिफारिश की है। आने वाले दिनों में जातीय गणना को लेकर झारखंड में भी मांग तेज होगी। वैसे पहले भी झारखंड बनने के बाद से ही आबादी के हिसाब से पिछड़ों को कम आरक्षण का मामला उठता रहा है। लिहाजा, झारखंड में जातीय गणना की जरूरत को आजसू, राजद और कांग्रेस जोरशोर से उठाती रही है। वहीं भाजपा और सत्ता का नेतृत्व कर रही झामुमो इसकी पैरवी तो करती है लेकिन उत्साह नहीं दिखाती। वैसे रिपोर्ट जारी होते ही, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में 6 अक्टूबर को सुनवाई होनी है। अब सवाल है कि बिहार का जातीय सर्वे झारखंड की राजनीति पर किस तरह का असर डाल सकता है। क्या यहां भी जातीय सर्वे कराने का सरकार पर दबाव बढ़ेगा। किस पार्टी को इसका फायदा मिल सकता है। जब जाति आधारित ही राजनीति होनी है तो फिर जाति-पात से बाहर निकलने की बात क्यों की जाती है। इसको राजनीति के जानकार और ओबीसी के हक की बात करने वाले किस रूप में देखते हैं। जानकारों के मुताबिक जातीय सर्वे से जातीय गोलबंदी बढ़ेगी। जाति आधारित छोटी-छोटी पार्टियां पनपेंगी जो बार्गेनिंग करेंगी। उन्होंने यूपी में ओपी राजभर के स्टैंड का हवाला दिया। जातीय गोलबंदी हमेशा से रही है। लेकिन लालकृष्ण आडवाणी ने केंद्र में वीपी सिंह की सरकार से समर्थन वापस लेकर गिरा दिया था। उसी समय मंडल-कमंडल खूब सुर्खियों में आया था। दरअसल, पार्टियां जाति आधारित वोटर को लुभाती रहती हैं। लेकिन ऐसा नहीं शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्य में 152 बीडीओ का तबादला, अधिसूचना जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राज्य सरकार ने एक साथ 152 प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) का तबादला किया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने मंगलवार शाम अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार जामताड़ा जिले के सदर क्षेत्र के बीडीओ जहीर आलम को धनबाद के गोविंदपुर का बीडीओ बनाया गया है। जबकि बोकारो के पेटरवार बीडीओ शैलेश कुमार चौरसिया को धनबाद टुंडी का बीडीओ, गढ़वा के डंडा में पदस्थापित बीडीओ फनीश्वर रजवार को धनबाद के तोपचांची का बीडीओ, पलामू के हरिहरगंज में पदस्थापित जय प्रकाश नारायण को धनबाद के कलियासोल का बीडीओ, सुषमा आंनद को धनबाद के बाघमारा का बीडीओ, गढ़वा के सदर इलाके में पदस्थापित कुमुद कुमार झा को खूंटी जिले के तोरपा का बीडीओ बनाया गया है। इसके अलावा प्रशांत डांग को खूंटी जिले के रनिया का बीडीओ, सुलेमान मुंडारी को खूंटी के मुरहू का बीडीओ, गणेश महतो को खूंटी के अड़की का बीडीओ, स्मिता नगेशिया को खूंटी के कर्रा का बीडीओ, ज्योति कुमारी को खूंटी जिले के सदर का बीडीओ बनाया गया है। इसके अलाव अन्य कई अधिकारियों को एक जगह से दूसरे जगह भेजा गया है।

## गागर में सागर

### जेएन कॉलेज के छात्रों ने की तालाबंदी



**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर महाविद्यालय (जेएन कॉलेज) के मुख्य गेट में मंगलवार को छात्रों ने तालाबंदी की। आक्रोशित छात्र कॉलेज के एंथ्रोपॉलजी के एचओडी प्रोफेसर रवि भूषण साहू पर कार्रवाई की मांग को लेकर तालाबंदी की है। साहू पर आरोप है कि वह कॉलेज के महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लंबे समय से लगातार दुर्व्यवहार और शारीरिक शोषण कर रहे हैं। इस संबंध में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने महिला थाना ,राजभवन, रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, वीसी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। लेकिन प्रोफेसर रवि भूषण साहू के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों ने तालाबंदी की। पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशित छात्रों को समझ रही है।

### अनियंत्रित ट्रक ने बीच सड़क पर लगे लोहे के बिजली पोल में मारी टक्कर

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू मोड़ के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने मंगलवार सुबह बीच सड़क पर लगे हुए लोहे के बिजली पोल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का लोहे का पोल बीच से टूटकर दो भाग में बंट गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना घटने से बच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली की सप्लाई कटवाया। इसके बाद पहले दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोका । घटना के समय सड़क पर सबसे ज्यादा स्कूली बसें गुजर रही थीं। घटना की वजह से लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय तक बरियातू रोड जाम रहा। कई स्कूल बसें जाम में फंसी रही। सड़क से बिजली का तार हटाने के बाद यातायात सामान्य हो सका। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी फरार हो गये ।

### लायंस क्लब ने 200 बालिकाओं के बीच बांटे सेनेटरी पैड

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने कांके स्थित बिरसा उच्च विद्यालय के 200 बालिकाओं के बीच मंगलवार को सेनेटरी पैड का वितरण किया। संस्था की ओर से बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 200 सेनेटरी पैड का वितरण किया। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन आशुतोष द्विवेदी और राजीव रंजन, नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा,पूर्व अध्यक्ष रतन अग्रवाल, स्कूल की प्राचार्या सुषमा तिवारी,सोनू कुमार, नरेश कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

70 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का किया गया आयोजन

# बाबा श्याम के जय जयकारों से गुंजायमान रहा श्री श्याम मंदिर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मंदिर में 70 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने सुंदकर कांड का पाठ किया। दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 70 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 70 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। मंडल के सदस्य अमित सरावगी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया



ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। मंडल के अमित सरावगी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बाब श्याम व बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई । सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया ।

### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

7 अक्टूबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 82 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा ।मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है । उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### स्थापना दिवस पर एसआईपी अबेकस ने किया बच्चों को सम्मानित

**रांची।** रांची मेन रोड ओवरब्रिज स्थित जीनियस किड्स प्ले स्कूल का 12वां और एसआईपी अबेकस का 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। ये कार्यक्रम गुरुनानक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आचार्यकुलम स्कूल की प्रिंसिपल सुजाता गोरा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के रोशन मौजूद रहे। उन्होंने सभी बच्चों को कन्वोकेशन डिग्री देकर सम्मानित किया। इस मौके पर 1000 बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और पेरेंट्स के लिए कई रोचक गेम्स भी रखे गये थे। साथ ही छोटे बच्चों के डांस और फैंसी ड्रेस सबके लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अबेकस के बच्चों के लिए सेंटर लेवल की प्रतियोगिता परीक्षा भी आयोजित की गई। इसमें 12 बच्चे चैंपियन बने। जबकि 70 फर्स्ट रनर अप और 100 बच्चे सेकंड रनर अप हुए। बच्चों के अभिभावक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता हो से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है।

# नवनिर्वाचित सदस्यों को दी गई बधाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, प्रवक्ता संजय सर्राफ, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने मारवाड़ी सहायक समिति के सत्र 2023-2025 के निर्वाचन में विजयी हुए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मनोज चौधरी एवं उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आपके कुशल नेतृत्व में मारवाड़ी सहायक समिति का चौमुखी विकास हो एवं समिति प्रगति के पद पर अग्रसर रहे तथा सामाजिक कार्यों में भी तेजी आएगी। मनोज चौधरी अग्रवाल सभा के सचिव पद पर भी आसीन हैं। उनकी टीम में विजयी हासिल करने वालों में उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया, एवं कौशल राजगढ़िया,सचिव रमन बोढा, उप सचिव अजय डीडवानिया एवं विजय कुमार खोवाल, कोषाध्यक्ष किशन कुमार पोद्दार, एवं 20 कार्यकारणी सदस्य शामिल है।

महिला, बाल विकास व महिला सुरक्षा सचिव की अध्यक्षता में राज्य अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित, कहा-

# बच्चों को कुपोषण मुक्त करने का कार्य करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिला, बाल विकास एवं महिला सुरक्षा सचिव, कृपानंद झा ने कहा है कि बच्चे परिवार, राज्य और देश के भविष्य होते हैं। बच्चों को कुपोषण से बचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विभाग पूरी तत्परता, सजगता और प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। राज्य को हर हाल में कुपोषण मुक्त करने की दिशा में कार्य करना है। राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ लागू करें। राज्य में कुपोषित बच्चों और एनीमिया पीड़ित महिलाओं का सर्वे कर पहचान करें तथा हेल्थ वर्कर्स इनका मेडिकल चेकअप करा कर डाटा तैयार करें। वह मंगलवार को



महिला, बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग की प्रोजेक्ट भवन परिसर सभागार में राज्य अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक में बोल रहे थे। झारखंड राज्य पोषण मिशन की महानिदेशक श्रीमती राजेश्वरी बी ने समर अभियान योजना की कार्य प्रगति में तेजी लाने का निर्देश विभाग के पदाधिकारियों को दिया। बैठक में विभागीय सचिव ने बताया कि अन्य सात जिले में समर अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान से समयबद्ध तरीके से सेवाएं प्रदान करना, ठोस एवं सघन अनुश्रवण एवं हस्तक्षेप की अवसंरचना के लिए तंत्र को सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में महानिदेशक राज्य पोषण मिशन ने ज़िलावार सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन माप की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ैठक में योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु आईसी पर विस्तृत चर्चा की गई। सचिव ने कहा कि प्रचार-प्रसार कर योजना को राज्य में मजबूती से लागू करें। बैठक में मनरेगा आयुक्त ने परियोजनावार सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन की माप की स्थिति की समीक्षा करते हुए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत बच्चों का वजन करायें एवं कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों को एमटीसी में भर्ती सुनिश्चित करायें। बैठक में झारखंड राज्य पोषण मिशन महानिदेशक राजेश्वरी बी, उप सचिव, युनिसेफ के प्रतिनिधि, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, झारखण्ड राज्य आजीविका प्रोमोशन सोसाईटी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अलबर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक कराया गया जाम मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को जाम से मुक्त करने के लिए मंगलवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद सड़कों पर उतरे। अलबर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक एसएसपी के नेतृत्व में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों से जुमार्ना वसूला गया। साथ ही उनके साथ सामान भी जब्त किए गए। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानदारों की मनमानी नहीं चलेगी। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस का विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। शहर में एक साथ कई इलाकों में अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने



सभी थानेदारों को अभियान चलाने का निर्देश दिया है। दुकानदारों से दुकान के आगे सड़क किनारे सामान नहीं रखने और सड़क किनारे पार्किंग नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। साथ ही कहा गया है कि चेतावनी के बाद भी दुकान के आगे सड़क किनारे पार्किंग और सामान रखते हैं, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। एसएसपी ने बताया कि अभियान लगातार चलाया जाया गया। दुकानदारों को चेतावनी दी गयी है कि वह अपने दुकान के अंदर ही समान रखे।




## गागर में सागर

### जमशेदपुर : भतीजे ने चाची की गला दबाकर कर दी हत्या, फरार

**जमशेदपुर।** पोटका थाना अंतर्गत नेतोसोई निवासी 30 वर्षीय साकरो मुर्मू की उसके भतीजे होरेन माझी ने गला दबाकर हत्या कर दी. घटना सोमवार देर शाम की है. घटना के वक्त साकरो घर पर अकेली थी. वहीं हत्या करने के बाद होरेन ने घर के बाहर ताला लगा दिया और फरार हो गया. इधर, जानकारी मिलने पर परिजन घर पहुंचे और ताला तोड़ा. परिजनों ने पाया कि शव पलंग पर पड़ा था. तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जानकारी देते हुए मृतिका के पति सूरज माझी ने बताया कि वह परसुडीह में मजदूरी का काम करता है. सोमवार को भी वह काम पर गया था. लगभग 2 बजे उसे साकरो ने फोन कर बताया कि होरेन घर आया था और उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया. हालांकि, उस वक्त मामला शांत हो गया था. देर शाम जब वह साकरो को फोन कर रहा था तो किसी ने फोन नहीं उठाया. इसके बाद उसने परिवार के अन्य सदस्यों को उसके घर जाकर देखने को कहा. जब लोग घर गए तो कमरे में बाहर से ताला लगा हुआ पाया. ताला तोड़ने पर पाया कि साकरो का शव पलंग पर पड़ा है और उसके कपड़े इधरझ्रउधर है. आशंका है कि हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया है. इधर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.

### प्रतिद्वंद्वी की हत्या करने जा रहा युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बमामाईंस में स्टार टॉकीज के पास पुलिस ने बदमाश कदमा निवासी भानु माझी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने भानु के पास से एक लोडेड पिस्टल और चोरी की बाइक बरामद की है. भानु पर जिले के थानों में 11 मामले दर्ज हैं वहीं बोकारो में भी एक हत्या का मामला दर्ज है. वह कदमा थाना क्षेत्र के एक आर्म्स एक्ट मामले में फरार चल रहा था. जानकारी देते हुए प्रभारी एएसपी सिटी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं. पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग लगाया. इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन युवक आए. पुलिस को देख दो युवक मौके से फरार हो गए पर एक को पुलिस ने पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार बरामद किया गया. उसकी पहचान भानु मांझी के रूप में की गई. पूछताछ में भानु ने बताया कि वह मई माह में ही जेल से बाहर आया है और अपने एक प्रतिद्वंद्वी की हत्या करने के उद्देश्य से घूम रहा है. उसने अपने दो साथियों से चोरी की बाइक ली जिसके बदले पांच हजार रुपए दिए. पुलिस ने भानु को जेल भेज दिया है.

### बेरमो खदान हादसा : 47 घंटे बाद मलवे में दबा मिला सुरक्षा गार्ड सुबोध का शव

**बोकारो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर फेस टू परियोजना में 1 अक्टूबर को हुई लैंड स्लाइडिंग में लापता सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार का शव 3 अक्टूबर को मलवे में दबा मिला. 47 घंटे की जदोजहद के बाद सीसीएल प्रबंधन ने शव को खोज निकालने में सफलता प्राप्त की. मौके पर जीएम, गोविंदपुर के परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं. बता दें 43 घंटे बाद सुरक्षा गार्ड की मोटरसाइकिल मलवे में मिल गई थी. इसके बाद प्रबंधन को भरोसा हो गया था कि इसी आसपास सुबोध कुमार का शव होगा. डोजर ऑपरेटर ने बहुत ही बारीकी से मालवा को हटाकर सुरक्षा गार्ड के शव को बाहर निकाला. बता दें कि 1 अक्टूबर को करीब ढाई बजे लैंड स्लाइडिंग हो गया था. इसके बाद लगातार मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा है. 2 अक्टूबर की देर रात तक मालवा हटाने का कार्य किया गया. इसके बाद पुनः 3 अक्टूबर की सुबह से मालवा हटाने का काम शुरू किया गया. सुबह करीब दस बजे मलवे के नीचे से उसकी बाइक मिली थी.

### मददगार बना आरपीएफ, स्टेशन पर ही हुआ बच्चे का जन्म

**बोकारो।** हटिया-पटना एक्सप्रेस से सफर कर रही एक महिला यात्री का प्रसव सोमवार की रात को बोकारो रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम के सहयोग से कराया गया। महिला ओर बच्चे दोनों सुरक्षित हैं। इसके बाद उन्हें बोकारो सदर अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि पूजा कुमारी अपने पति वीरेन्द्र कुमार के साथ हटिया-पटना एक्सप्रेस पर रांची से सवार हुई। मुरी स्टेशन पर उसने प्रसव पीड़ा महसूस किया। इसके बाद सहयोगी यात्रियों की मदद से यह बात ट्रेन के कोच अटेंडेंट को दिया गया। वहां से गाड़ी खुल चुकी थी। फिर इसकी सूचना बोकारो स्टेशन में दी गई। खबर मिलने पर रेलवे के चिकित्सक को इस बारे में सूचित किया गया। बोकारो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो तत्काल महिला सुरक्षा कर्मियों के सहयोग से उन्हें आरपीएफ सहायता बूथ लाया गया। यहीं पर महिला ने बेटे को जन्म दिया। पूजा का परिवार नालंदा का निवासी है। पति-पत्नी दोनों रांची में रहते हैं। पूजा नालंदा के इशवा गांव की रहने वाली है। पति वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि वे लोग जनरल कोच में रांची से पटना की लिए चढ़े थे। यहां रेलवे सुरक्षा बल की एसआई मीना कुमारी, सहयोगी मीरा कुमारी, मनीषा कुमारी और पिंकी डुमोलिया ने मदद की और रेलवे के चिकित्सक डॉ. एच.पी. सिंह ने प्रसव कराया।

# मनोहरपुर : थाना-स्कूल मार्ग बना तालाब, चलना दूभर



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** लगातार बारिश से मनोहरपुर शहर व आस पास के क्षेत्र की सड़कों पर जलजमाव से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है. सबसे बदतर हालत मनोहरपुर थाना और स्कूल मार्ग की है. इधर कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से मनोहरपुर थाना व स्कूल जाने वाली मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हो गई है. इससे आम लोगों के अलावा स्कूली बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो गया है. विदित हो कि इस मार्ग पर अवस्थित मनोहरपुर थाना, पंचायत भवन, एसएसआईपी प्लस टू स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय, डीएनएम पब्लिक इंग्लिश स्कूल एवं आदिवासी बालक छात्रावास है. इसी मार्ग पर स्थित शहर के सबसे बड़ा टोला बीस खोली एक बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है. चूंकि बारिश के चलते खासकर यह मार्ग पूरी तरह से कीचड़मय व तालाब में तब्दील हो जाता है. उस सड़क पर चलना तो मुश्किल तथा जल की निकासी नहीं होने से दूषित जल से दुर्गंध फैलने एवं वहां बीमारी फैलने की आशंका प्रबल हो गई है. मनोहरपुर अंचल क्षेत्र में मौसमी बीमारी जैसे वायरल फीवर, मलेरिया, टायफाइड के मरीजों के अलावा डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या भी बढ़ी है. उक्त सड़क पर जलजमाव की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है. इससे वहां की स्थिति नर्क बन गई है. खासकर वहां रह रहे आम लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बारिश के दौरान सड़क पर जलजमाव की निकासी के लिए गुहार लगाई है, किंतु आज तक किसी ने सुध नहीं ली है.

# प्रिंस खान गिरोह के चार लोग गिरफ्तार

## आधा दर्जन आर्म्स, कारतूस, बम व नगद 50 हजार बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** व्यवसायियों को धमकी, फायरिंग और बमबाजी मामले में गैंगेस्टर प्रिंस खान के नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सदस्यों में मेजर के नाम से चिट्ठी वायरल करने वाले नसीम अंसारी उर्फ रजि अहमद, हथियार सप्लाई करने वाला विकास सिंह, लोगों का नंबर जमा करने वाला राजू अंसारी व नसीम अंसारी उर्फ मेजर के रिश्ते में चाचा सद्दाम अंसारी शामिल है. इसके अलावा पुलिस ने आधा दर्जन आर्म्स, भारी संख्या में कारतूस, बम व नगद 50 हजार भी बरामद किये हैं. एसएसपी कार्यालय में मंगलवार 3 अक्टूबर को एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी है. एसएसपी ने बताया कि प्रिंस खान के गिरोह को ध्वस्त करने के लिए कई दिनों से टीम काम कर रही थी. उसी कड़ी में मेजर के नाम से चिट्ठी वायरल करने वाले सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. व्यापारियों को धमकी देने व फायरिंग के मामले में भी इन्हीं लोगों का हाथ है. मेजर उर्फ नसीम पहले भी जेल जा चुका है. 8 वर्ष जेल में रहने के बाद पेरोल पर रिहा हुआ था. उन्होंने बताया कि पुलिस इसके पहले भी मेजर के नाम से धमकी देने वाले एक शख्स को जेल भेज चुकी है. उनके पास से दहशत फैलाने के लिए बम चलाने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है. एसएसपी ने बताया कि कुछ सफेदपोश, फर्जी पत्रकार भी जांच के दायरे में हैं. बहुत जल्द उनपर भी शिकंजा कसा जाएगा. उन्होने कहा कि व्यापारी बेखौफ होकर अपना व्यवसाय करें. उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है. पुलिस हर हाल में अपराधियों की गर्दन दबोच कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजेगी. बता दे कि इससे पूर्व एसएसपी ने अब तक प्रिंस खान गिरोह के करीब 45 सदस्यों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है. आज की गिरफ्तारी में जिस मेजर के नाम से व्यापारियों में दहशत फैलाया जाता था, उसे गिरफ्तार कर पुलिस ने बहुत बडी सफलता हासिल की है. एसएसपी ने बताया कि बहुत जल्द प्रिंस खान को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा. उसके गिरोह के किसी भी सदस्य को बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा कि सिटी एसपी, ग्रमीण एसपी, डीएसपी विधी व्यवस्था, डीएसपी वन और कई थानो के थानेदार के अथक प्रयास से प्रिंस खान के नेक्सस को ध्वस्त करते हुए यह गिरफ्तारी की गई है.

### चेन छिनतई गिरोह का मुख्य सरगना संजय स्वर्णकार गिरफ्तार

**धनबाद।** सरायढेला पुलिस ने चेन स्नेचर गिरोह के मुख्य सरगना गुजरात कॉलोनी चास निवासी संजय कुमार स्वर्णकार को बोकारो से गिरफ्तार किया है. मंगलवार 3 अक्टूबर को एसएसपी ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी है. एसएसपी ने बताया कि सरायढेला, झरिया और धनबाद थाना क्षेत्र में लगातार चेन छिनतई की घटना हो रही थी. पिछले दिनों इसी गिरोह के तीन सदस्य हीरालाल सोनार, अकबर अंसारी और इमामुल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. इसके बाद से चेन छिनतई पर कुछ विराम लगा है. परंतु गिरोह का मुख्य सरगना पुलिस की पकड़ से बाहर था. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक विशेष टीम निगरानी रख रही थी. आखिर पुलिस को मुख्य सरगना को पकड़ने में सफलता हाथ लगी. उन्होंने बताया कि यह गिरोह बोकारों से आकर धनबाद में चेन छिनतई करता था. मुख्य आरोपी के पास से एक सोने की चेन, 16 पीस सोने की नाक का पिन, 7 पीस कान की बाली, 9 पीस नाक की रिंग और एक वजन करने की मशीन बरामद की गई है. आरोपी ने विभिन्न महिलाओं को टारगेट कर उनसे छिनतई कर अर्जित की थी.

### कोकर दुर्गापूजा की तैयारी शुरू

## हाथी का सूंड़ उठने के बाद मां के दर्शन कर पायेंगे भक्त





नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कोकर दुर्गापूजा कमेटी और उसके खूबसूरत पंडाल हमेशा ही आकर्षण का केंद्र रहते हैं. इस बार मैकेनिकल थीम पर भव्य पंडाल का निर्माण किया जाएगा। पूजा पंडाल का निर्माण इस बार हाथी के स्वरूप में किया जा रहा है. इसमें जब हाथी का सूंड़ उठेगा, तो भक्त पूजा पंडाल में प्रवेश कर माता रानी का दर्शन कर सकेंगे. पूजा पंडाल के निर्माण में संयोजक राजू राम ने कहा कि एक समय था जब कोकर के पूजा पंडाल व लाइटिंग की चर्चा पूरे शहर में होती थी. पूजा पंडाल से लेकर लाइटिंग तक का काम इस बार चंदननगर के कारीगरों को सौंपा गया है. इसके अलावा प्रतिमा का निर्माण स्थानीय कलाकार द्वारा ही किया जा रहा है. कोकर पूजा पंडाल में इस बार भी श्रद्धालुओं को जबरदस्त लाइटिंग देखने को मिलेगी. साथ ही साथ चुना भट्ठा बजरंग मंदिर से लेकर हैदर अली तक विद्युत चालित गेट लगाये जायेंगे. पूजा के सफल आयोजन को लेकर नयी कमेटी का भी गठन कर लिया गया है.

### खेलो झारखंड वुशु प्रतियोगिता में कुणाल को रजत पदक और मनीष को कांस्य पदक मिला

**गिरिडीह।** खेलो झारखंड राज्यस्तरीय वुशु प्रतियोगिता में गिरिडीह के कुणाल हाजरा ने रजत पदक व मनीष कुमार ने कांस्य पदक जीता. जिला वुशु संघ के महासचिव आकाश स्वर्णकार ने बताया कि गिरिडीह जिला शिक्षा विभाग की ओर से यहां से 8 खिलाड़ी और दो कोच की 10 सदस्यीय टीम रांची गई थी। रांची के खेल गाँव में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चली इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न स्कूलों से लगभाग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया. इसमें गिरिडीह के कुणाल हाजरा अंडर 17 आयु वर्ग के अंडर 65 किलोग्राम में खेलते हुए रजत पदक अपने नाम किया. वहीं अंडर 56 किलोग्राम में मनीष कुमार ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया. इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम अलीन टोप्पो व एपीओ कुमार राज ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं. इधर, गिरिडीह जिला वुशू संघ के अध्यक्ष संदीप डंगेच ने बताया कि यहां के खिलाड़ी लगातार राज्यस्तरीय वुशु प्रतियोगिता में पदक जीतकर पूरे गिरिडीह का नाम रौशन कर रहे हैं. गिरिडीह वुशु संघ इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है. गिरिडीह जिला वुशु संघ के संरक्षक मुकेश जालान, राजेंद्र तर्वे, अनिल मिश्रा, संतोष खत्री, अमित स्वर्णकार, साधन पटनायक, अनिता कुमारी ओझा, रोहित राय, अभिषेक कुमार अन्य पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों और उनके कोच अभिषेक कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### धनबाद : स्कूल की जर्जर छत का प्लास्टर गिरा, बाल बाल बचे 37 बच्चे

**धनबाद।** झरिया शिक्षा विभाग के अंतर्गत डिगवाडीह रामपरीखा मध्य विद्यालय में मंगलवार 3 अक्टूबर को कक्षा 5 व 6 के रूम की छत का प्लास्टर गिर गया, हालांकि 37 बच्चे बाल बाल बच गए. लगातार बारिश के बाद पुराना भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है. मंगलवार को क्लास चल रहा था, तभी जोरदार आवाज शुरू हो गई. क्लास टीचर ने सभी बच्चों को तुरंत रूम को दो मिनट के अंदर खाली करा दिया, जिससे सभी बच्चे बच गए. स्कूल के प्रधानाध्यापक रजनीश प्रशाद ने बताया कि कई बार बीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी से जर्जर भवन को ले कर शिकायत की गई है. परन्तु अभी तक भवन का मरम्मत नहीं की गई है.

### गिरिडीह : बालाजी हनुमान मंदिर में मूर्तियों सहित लाखों की चोरी

**गिरिडीह।** गिरिडीह शहरी क्षेत्र स्थित जेएस माल कोठी की प्रसिद्ध मंदिर में 2 अक्टूबर की देर शाम हुई चोरी का खुलासा घटना के 16 घंटे बाद भी नहीं हो पाया है. बता दें कि टुंडी रोड के ठीक बगल में जेएस माल कोठी के अंदर स्थित बालाजी (हनुमान) मंदिर में चोरी हुई है. चोरों ने यहां से कीमती धातु से बनी लड्डू, गोपाल की चार मूर्तियां, भगवान हनुमान के दो सोने के कड़े, एक हार, नकदी सहित कई अन्य सामान चुरा लिए. चोरी की यह घटना सोमवार शाम की है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. घटना के संबंध में मंदिर के पुजारी कारू शर्मा ने बताया कि सोमवार की सुबह मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वे 11 बजे दिन में घर चले गये. शाम पांच बजे जब वह वापस मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कीमती धातु से बनी चार मूर्तियां, हनुमान जी का दो कड़ा, एक हार, नकदी समेत कई अन्य सामान गायब थे. पुजारी ने बताया कि इस चोरी को अंजाम देने के लिए चोरों ने मुख्य मंदिर के पीछे लगे ग्रिल का ताला तोड़ दिया.

### चाईबासा :16 गांवों के 26 उदीयमान खिलाड़ी हुए सम्मानित

**चाईबासा।** सदर प्रखंड अंतर्गत मतकमहातु गांव की ग्रामसभा में मंगलवार को खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 16 गांवों के 26 खिलाड़ियों को अंगवस्त्र तथा जर्सी प्रदान कर सम्मानित किया गया. सम्मानित होनेवाले खिलाड़ी फुटबॉल तथा कबड्डी से जुड़े हैं. इनके अलावे खेल प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया. सम्मानित करने का कार्य मुख्य अतिथि डीपीएस कॉलेज के प्राचार्य दीपेंद्र प्रसाद साव के हाथों किया गया. इसके साथ स्वयं सहायता समूह व महिला समितियों से जुड़ी महिलाओं को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया. ग्राम मुंडा धननुर्जय देवगम ने कहा कि खेल के क्षेत्र में ग्रामीण इलाके के खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. इसी को प्रोत्साहित करने के लिये खिलाड़ियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया जा रहा है. यह प्रोत्साहन आगे भी जारी रहेगा. गांव के दिऊरी चंद्रमोहन देवगम उर्फ डाडू ने कहा कि खिलाड़ियों की तरक्की के पीछे सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन के फुटबॉल प्रशिक्षक जीतु बारी की भूमिका अहम है.

### बोकारो जिले में बारिश का कहर, कई कच्चे घर गिरे

# घर गिरने से महिला की मौत, बच्ची घायल



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने बोकारो जिले के कई प्रखंडों में जमकर कहर बरपाया है. इस बारिश में कई ग्रामीण बेघर हो गए हैं. दो दिन पूर्व नावाडीह प्रखंड के भेंडरा पंचायत के वार्ड नंबर 10 रविदास टोला में एक घर ढहने से उसके मलबे में दबकर स्व जेटल रविदास की पत्नी रेशमी देवी (49 वर्षीया) की मौत हो गयी. इस घटना में एक तीन साल की मासूम बच्ची अनुष्का कुमारी भी घायल हो गयी थी. बारिश में जिले में गरगा डैम से लेकर तेनुघाट डैम का जलस्तर बढ़ गया है. बारिश के कारण बोकारो जिले की प्रमुख नदी दामोदर, गरगा, खांजो, गुवाई, इजरी, कोनार, बोकारो समेत कई नाले उफान पर है. तेनु डैम व गरगा डैम किनारे रहने वाले लोग गेट खोले जाने से भयभीत हैं. वहीं बारिश के नहीं थमने से सैकड़ो कच्चे व खपरैल घरों में रहने वाले लोग दहशतजदा हैं. जानकारी के अनुसार मूसलाधार बारिश में 2 अक्टूबर को कसमार प्रखंड के दांतू उपरकुल्ही निवासी झरी नायक का कच्चा खपरैल मकान गिर गया, जिसमें घर के अंदर रखे सारे बर्तन व कपड़े सहित अन्य सामान बर्बाद हो गए. वहीं कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत के करमा गांव के पुरनाडीह टोला निवासी राजू महतो की पत्नी गीता देवी का कच्चा खपरैल मकान बारिश में गिर गया. इससे यह परिवार बेघर हो गया है. दांतू व करमा में घर गिरने की सूचना पर मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य समेत अन्य सामाजिक कार्यकताओं ने पीड़ित परिवारों को आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने की मांग स्थानीय प्रशासन से की है.

## आस्था

### भगवा ध्वज थामे भक्त, जय श्रीराम के नारे से गूंजा शहर

# शौर्य जागरथ रथ का स्वागत, हुई पुष्प वर्षा



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** रामलला की धरती अयोध्या के निर्देशानुसार विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल की शौर्य जागरण रथ यात्रा 2 अक्टूबर सोमवार को रात करीब 10 बजे पचम्बा होते हुए गिरिडीह पहुंची. रथ पर अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर के डिजाइन के साथ भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की मूर्ति विराजमान थी. रथ का स्वागत करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. भगवा ध्वज और पारंपरिक त्रिशूल थामे सनातनियों ने जय श्री राम का नारा लगते हुए रथ का स्वागत किया. पुष्प वर्षा भी की गई. इससे पूर्व विहिप और बजरंग दल के पंकज कंधवे, शिवपूजन, सुरेश रजक, शिवशक्ति साहा, अनूप यादव, रवि शंकर पाण्डेय समेत हजारों की संख्या में राम भक्त बाइक व पैदल जुलूस की शक्ल में शौर्य जागरण रथ के साथ पचम्बा से गिरिडीह के लिए निकले. देर रात निकले शौर्य जागरण रथ को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. ढोल-नगाड़ों की थाप व राम धुन के भजनों पर युवाओं की टोली डांस करती दिखी. शहर भ्रमण करते हुए रथ संकट मोचन हनुमान मंदिर, वीटी बाजार पहुंचा, जहां भगवान की महाआरती की गई. शौर्य जागरण रथ यात्रा की सुरक्षा के मद्देनजर पूरे शहरी क्षेत्र में पुलिस के जवान मुस्तैद रहे. इसकी मॉनिटरिंग एसडीओ विशाल दीप खलको, एसडीपीओ अनिल सिंह, पचंबा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह, अमरजीत सिंह आदि खुद लगे हुए थे. मौके पर भाजपा नेता विनय सिंह, संजीव कुमार सिंह गुड्डू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# शौर्य जागरण यात्रा रथ का घाटशिला व धालभूमगढ़ में हुआ स्वागत, उमड़ी भीड़




नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** शौर्य जागरण यात्रा रथ मंगलवार को घाटशिला, धालभूमगढ़ एवं गालूडीह होते हुए टेल्को के लिए रवाना हुआ. सुबह से हो रही बारिश के बावजूद भक्तों में उमंग एवं उत्साह चरम पर दिखा. काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ के भव्य स्वागत में उपस्थित रहे. रथ के साथ बजरंग दल के विभाग संयोजक जनार्दन पांडेय ने बताया कि अयोध्या में बना रहे श्री राम मंदिर का अनावरण 15 जनवरी को होने जा रहा है. भव्य राम मंदिर के अनावरण का आमंत्रण पूरे देश में देने सहित जागरण के लिए रथ निकाला गया है. तमाम भक्तों को अनावरण आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है. रथ की अगवानी विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष मनोज प्रजापति, बजरंग दल जिला संयोजक श्रवण सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक घाटशिला शुभम शोनी, विश्व हिंदू परिषद सह पंचायत समिति सदस्य दीपक महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिमल कालिंदी, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ बेहरा, गुलशन कुमार, रोहित बेहरा, आकाश खंडेवाल, राहुल राउत, शर्मा धीवर आदि भक्त शामिल थे.

## गागर में सागर

### अजप्ता संघ इकाई ने आकलन परीक्षा में सफल सहायक अध्यापकों को दी बधाई



**बरकट्ठा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड ईकाई बरकट्ठा ने आकलन परीक्षा में सफल सहायक अध्यापकों को बधाई दी है. संघ के प्रखंड अध्यक्ष शशीभूषण प्रसाद एवं सचिव रामकिशुन महतो ने कहा की आकलन परीक्षा में सफल सहायक अध्यापकों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी. उन्होन सहायक अध्यापक को शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए हौसलाअफजाई बढ़ाया. हर्ष व्यक्त करने वालों में संघ के शिक्षक युगल ठाकुर, यमुना साव, यमुना बैठा, राजेंद्र प्रसाद यादव, छत्रु प्रसाद, मोहम्मद रियाजुद्दीन, रामचंद्र प्रसाद, महेश प्रसाद चौधरी, शंकर प्रसाद, रामकृष्ण प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, विनय कुमार सिंह, कार्तिक पासवान, राजेश कुमार शर्मा, पवन कुमार, बाबूलाल यादव, दिनेश्वर महतो, हासीर मुजफ्फर, सावित्री देवी, कलावती देवी, मनीषा कुमारी, शबाना शिरीन, अमलेश्वर दास, हीरालाल राणा, राकेश बिहारी पांडेय, अनवर हुसैन, सुन्दर यादव, दिनेश कुमार, दिनेश सिन्हा, फियाजुर रहमान, सफाउल रहमान, राजकुमार रविदास समेत समस्त शिक्षक शामिल है.

### रामगढ़ : टेलीकॉम वर्ल्ड मोबाइल दुकान में हजारों की चोरी

**रामगढ।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के जनता टॉकीज के समीप स्थित मोबाइल टेलीकॉम दुकान में चोरों ने चोरी का घटना को अंजाम दिया है। दुकान का एजबेस्टस और सिलिंग तोड़कर चोर हजारों रुपए के सामान सहित नकद 4200 रूपए ले भागे। इस संबंध में भुक्तभोगी दुकान संचालक सागीर ने बताया कि सोमवार की देर शाम रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर गये थे। मंगलवार की सुबह दुकान खोलने पर दुकान का एजबेस्टस टूटा पाया। उन्होंने बताया की चोरों ने दुकान से 4200 नकद सहित लगभग 20 से 25 हजार के सामान की चोरी की है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। पुलिस द्वारा बताया गया कि घटना में शामिल लोगों को शीघ्र पकड़ा जाएगा।

### रामगढ़ः पतरातू लेक महोत्सव तीन नवंबर से, होंगे कई कार्यक्रम

**रामगढ़।** पतरातू लेक महोत्सव का आयोजन तीन नवंबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा। कला एवं संस्कृति, संगीत, मौसमी, पाककला, नृत्य, एक्सपो व प्रदर्शनियां, सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। पतरातू में पहली बार झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा पतरातू लेक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। एक महीने तक चलने वाले राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति, संगीत, मौसमी,पाककला, एक्सपो, प्रदर्शनियां, भोजन उत्सव व सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राज्य सरकार की होने वाली कैबिनेट की बैठक भी पतरातू लेकर रिसोर्ट में आयोजित की जाएगी। एक माह तक चलने वाले इस आयोजन को लेकर पतरातू लेकर रिसोर्ट के होटल पर्यटन विहार व सरोवर बिहार के पूर्व में किए गए आवंटन की तिथियां में बदलाव का निर्देश पर्यटन मंत्रालय द्वारा जेटीडीसी प्रबंधन को दिया गया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार द्वारा इस प्रकार का कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष सर्दियों के मौसम में अक्टूबर से फरवरी माह के दौरान नेतरहाट में मनाया जाता रहा है।

### बरही में पंचायत समिति सदस्यों ने नवपदस्थापित सीओ का किया स्वागत



**बरही ।** प्रखंड प्रमुख मनोज रजक की अगुवाई में पंचायत समिति सदस्यों ने नवपदस्थापित अंचलाधिकारी राम नारायण खालको का उनके कार्यालय में बुके देकर स्वागत किया. इस दौरान प्रमुख ने अंचल की समस्याओं से सीओ को अवगत कराया. उपस्थित सभी सदस्यो ने प्राथमिकता के आधार पर पूरी निष्ठता और निष्पक्षता के साथ जनहित कार्यों को निष्पादित करने निवेदन किया. साथ ही पुरानी व्यवस्था को समाप्त करते हुए राजस्व कार्यों में तेजी लाने का भी आग्रह किया. सीओ ने प्रमुख सहित सभी सदस्यों की बातो को गंभीरता से सुना और हर संभव निष्ठता और निष्पक्षता से कार्य करने की बात कही. मौके पर पूर्व पंसस जितेंद्र गिरी, जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, प्रभु यादव, विकास सिंह आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

## डीसी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की

# डोर-टू-डोर जाएंगे बीएलओ, करेंगे सर्वे : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023- 24 के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023- 24 के तहत किए जा रहे हैं कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान सुपरवाइजर व बीएलओ द्वारा किए गए घर-घर जा कर सत्यापन के बारे में भी जानकारी दी गई। जिसमें घर - घर में स्टीकर चिपकाने, मतदाताओं को करेक्सन पर्ची देने, बीएलओ रजिस्टर में मतदाताओं से हस्ताक्षर लेने, अहतार्धारी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन लेने, डबल नाम/ स्थानीय रूप से स्थानांतरण/ मृतक मतदाताओं का नाम हटाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर विलोपित करने हेतु प्रपत्र - 7 लेने,नाम संशोधन/ स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 लेने एवं ब्लैक एंड व्हाइट एवं न्यून गुणवत्ता वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो में परिवर्तित करने के साथ-साथ प्रपत्र 6बी से आधार लिंक किए गए कार्यों का जानकारी दी गई । बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने हाउस टू हाउस सर्वे कार्यों में पीडब्ल्यूडी मतदाता, नए मतदाता एवम् मृत्य मतदाताओं का अच्छे से सत्यापन कर डाटा तैयार करने का निदेश दिया गया साथ ही हाउस तो हाउस सर्वे के दौरान मतदाताओं का सही डाटा उपलब्ध कराने को लेकर विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ अंतर्गत बूथ संख्या 1,44,51,85,91,94 बूथों का हाउस टू हाउस सर्वे पुनः कर मतदाताओं का सही सत्यापन करने का निर्देश दिया। वहीं, बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरहौर जनजाति व ट्रांसजेंडर के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य हेतु अथवा उनके अपने अधिकार से वंचित न हो इसके तहत उपस्थित सभी सुपरवाइजर को पीडब्ल्यूडी मतदाता व बिरहौर जनजाति एवं ट्रांसजेंडर जो 18 प्लस है उन सभी मतदाताओं का विशेष सर्वे अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी सुपरवाइजर से कहा कि डोर टू डोर सर्वे के दौरान मृत्य मतदाताओं का प्राप्त डाटा के आधार पर सहिया या सेविका व जनप्रतिनिधि के पंजी के अनुसार सत्यापन उपरांत मतदाता सूची से नाम हटाने का निर्देश दिया गया वहीं नए मतदाताओं का डाटा तैयार कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का निर्देश भी दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी सुपरवाइजर व बीएलओ को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं,जो सुपरवाइजर 5% से काम कार्य किए हैं उन पर शॉकोज करने का निर्देश दिया । बैठक में अनुपस्थित रहने वाले सुपरवाइजरों को एक दिन का वेतन स्थगित करते हुए शॉकोज का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, सभी अंचल अधिकारी, सुपरवाइजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## दर्जनों लोगों ने तिसासे का थाम दामन, किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रानीचुआ पंचायत के महूगढा में तिलेश्वर साहू सेना ने सांगठनिक मजबूती को लेकर बैठक किया. जिसमे बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू मौजूद रहे. मौके पर संगठन में विश्वास जताते हुए रानीचुआ पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी गाजो टुड्डू व पंसस राजाराम बेसरा के नेतृत्व में दर्जनों लोगो ने तिसासे का दामन थामा. जिन्हें केंद्रीय अध्यक्ष श्री साहू ने सेवा का पट्टा पहनकर स्वागत किया. केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उनके संगठन का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. लोगो का झुकाव और प्यार उनके संगठन के प्रति बढ़ा है. संगठन भी विस क्षेत्र में लगातार जनहित के कार्य को समर्पित भावना से कर रही है. उन्होंने बताया कि सेवा और संकल्प ही उनके संगठन की मूल पहचान है. आगमी विस चुनाव के लिए भी संगठन को भारी समर्थन मिल रहा है. अंत में सभी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के लक्ष्य पूर्ति हेतु समर्पित भाव से कार्य करने की बात कही. मौके पर संगठन के प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास,मीडिया प्रभारी बबलू साहू, पंकज टुडू, इस्लाम अंसारी, अजीत मंडल, मोहम्मद कयूम, शंकर साव, अजहरुद्दीन, संतोष मुर्मू आदि उपस्थित थे.

### कन्या मवि. संकुल में विभिन्न प्रतिवेदन को लेकर समीक्षा बैठक

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में मंगलवार को विभिन्न विभागीय प्रतिवेदन को लेकर संकुलाधीन विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता संकुल संचालक महेश प्रसाद चौधरी ने की। विदित हो कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार के आदेशानुसार विद्यालयों से विभिन्न प्रकार के प्रतिवेदन की मांग की गई थी। वहीं बैठक में प्रधानाध्यापकों ने माह सितंबर के प्रयास , हाउस का गठन, हाउस कप्तान ,हाउस लीडर ,हाउस समन्वयक के नाम ,माह अगस्त से माह सितंबर में उपस्थित होने में तुलनात्मक समीक्षा ,फॉलिक एसिड टेबलेट का वितरण ,एसएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अग्रिम शेड्यूल, एसडीएमआईएस का विद्यालय वार प्रोग्रेशन और फ्रिज, ई कल्याण पोर्टल में प्री मैट्रिक छात्रों का रजिस्ट्रेशन और वेरिफिकेशन, सामान्य जाति छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2023- 24 ,निशुल्क बैग, नोटबुक, पाठ्य पुस्तक तथा ज्ञानसेतु पुस्तक वितरण का प्रतिवेदन समेत अन्य प्रतिवेदन को प्रधानाध्यापकों द्वारा संकुल स्तरीय बैठक में समर्पित की गई।

## बापू की 154वीं जयंती पर संगोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मौके पर कुलाधिपति बी. एन. साह ने महात्मा गाँधी की 154 वीं जयन्ती की बधाई देते हुए कहा कि गांधी जी भारत के स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख चेहरा थे। सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आज महात्मा गाँधी को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। कुलपति प्रोफेसर (डॉ) शुक्ला महन्ती ने कहा कि आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने सम्पूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिन्दगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। इस मौके पर कुलसचिव ने कहा कि महात्मा गाँधी जी पूरे राष्ट्र के राष्ट्रपिता है उनके किए गए कार्यों को अनुसरण करते हुए पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है हमें भी बढ़ चढ़कर इसमें भाग लेना चाहिए ताकि हम भारतवर्ष को स्वच्छ रख सके। विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम ने विद्यार्थियों को कहा कि गाँधी जी का ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने न केवल मानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका सिखाया च न केवल स्वतंत्रता सेनानी थे बल्कि समाज सुधारक, दार्शनिक भी रहे। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान सीमा द्वितीय स्थान शिवम तथा तृतीय स्थान सुनैना ने प्राप्त किया। विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि महात्मा गाँधी जी के ग्राम स्वराज एवं विकास कार्यों में आप सभी छात्र योगदान दे सकते हैं तभी हम रामराज्य का सपना साकार कर पाएँगे। कार्यक्रम में राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, वित्त एवं लेखापदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, समिति के सदस्य अजय कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि एवं मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अबिका प्रसाद, मौसमी पॉल वर्मा, लाईब्रेरी साइस की व्याख्याता श्वता कुमारी एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## बरकट्ठा के पंचरुखी तिलैया में 2 महीने से ट्रांसफार्मर खराब, विभाग मौन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचरुखी तिलैया में विगत दो महीने से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीण को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वहीं ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुखिया रीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को दी।तत्पश्चात मुखिया ने आश्वाशन दिया कि आपलोग को बहुत जल्द ट्रांसफार्मर मिल जाएगा इसके लिए प्रयास जारी है। साथ ही ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मुखिया रीता देवी ने पत्रकारों से बात चीत में कहा कि बीते कुछ दिन पहले हाथियों का तांडव ने कई घरों को गिरा दिया। साथ ही कई लोग को घायल कर दिया था।जिसके बाद मुखिया ने संज्ञान लेते हुए घायल को निजी वाहन से अस्पताल लाकर इलाज करवाया।कहा कि बिजली रहती तो शायद हाथियों द्वारा इतने बड़े पैमाने पर नुकसान नहीं किया जाता।वहीं बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर एसडीओ सत्यदेव कुमार को लिखित शिकायत भी की। जिसमें कहा गया कि चेचकप्पी पंचायत क्षेत्र में 11हजार का तार काफी जर्जर हो गया है।जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। परंतु विभाग मौन धारण किए बैठे है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि जब क्षेत्र में बिजली बिल बकाया रहता है तो भुगतान करने के लिए कहा जाता है और जब ट्रांसफार्मर खराब हो जाती है तो बिजली विभाग कर्मी मौन धारण कर लेते हैं। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विभाग ने तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं किया तो मुखिया ग्रामीणों संग मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।मौके पर वार्ड सदस्य कैलाश टुडू, शीतल टुडू, दुलारचंद टुडू ,बाबूलाल मरांडी ,महादेव हंसदा ,सानू मरांडी, फूलचंद टुडू ,राजेंद्र टुडू समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक

**हजारीबाग।** मां दुर्गा का पावन पर्व में महज 10 दिन रह गये हैं. 15 अक्टूबर से कलश स्थापना के साथ नवरात्र प्रारंभ हो जायेगा. इसको लेकर हजारीबाग बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की पांचवी बैठक मंगलवार को संपन्न हुई. यह बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में उदय शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई. बैठक में इस वर्ष भी दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन 20 अक्टूबर पष्ठी तिथि को दोपहर 1 बजे करने का निर्णय लिया गया. जिसमें करीब 500 से भी अधिक गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों के बीच कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया जायेगा. साथ ही महाप्रसाद का भी वितरण किया जायेगा. दरिद्र नारायण सेवा कार्यक्रम से पहले बड़ा बाजार चौक के दो मुख्य स्थान पर कूपन का वितरण किया जायेगा. 21 अक्टूबर दिन शनिवार को महासप्तमी के दिन प्रातः काल में भव्य डोली यात्रा निकाली जायेगी. इस यात्रा में बड़ा बाजार क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है.

## तीन दिवसीय कार्यशाला में 32 शिक्षक प्रशिक्षित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** मंगलवार को शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंडस्तरीय बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण बीआरसी बरही में संपन्न हुआ. जिसके अंतर्गत प्रखंड के कक्षा एक एवं दो में हिंदी पढ़ाने वाले कुल बत्तीस शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया. बुनियादी साक्षरता के आठ घटकों मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्णज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन के साथ-साथ पुस्तकालय की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई. कार्यक्रम में निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रामसेवक प्रसाद दांगी ने सभी शिक्षकों को कक्षा में एफएलएन किट के उपयोग और शिक्षक संदर्शिका के अनुसार नियमित रूप से बच्चों के साथ पठन कार्य करने की बात कही गई. कार्यशाला में बतौर मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किशोरी महतो, तुलसी यादव, मुनिलाल राम, रामचंद्र यादव आदि उपस्थित थे.

## ऐतिहासिक होगा

## रामगढ़ में वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की बैठक

# 11 नवंबर को 'सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा' आयोजन का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच रामगढ़ की बैठक सरना उच्च विधालय कोठार में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता लीलावती देवी ने जबकि संचालन अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्माति से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 नवंबर 2023 दिन शनिवार को सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बताया गया सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा जिला मैदान से शुरू होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में जाकर समाप्त होगी। इस कार्यक्रम में झारखंड ही नहीं वरन पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भी हजारों लोग अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ 'बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच' के आह्वान पर 'सोहराई चांचइर आर बरदखूंटा' में शामिल होने के लिए रामगढ़ पहुँचेंगे। कहा गया की इस तरह का आयोजन इस बृहद झारखंड में अनूठा और ऐतिहासिक होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की संस्कृति को एक नए सिरे से उठाना और जीवित करना ही नहीं है वरन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पे पहचान भी दिलाना है। जैसा कि ज्ञात है कि विगत वर्षों में सोहराई पेंटिंग को जीआई टैग भी मिल चुका है। अतः अब हमलोगों का भी कर्तव्य बनता है कि इसे भव्य ही नहीं अपितु भव्यतम रूप दें और विश्व पटल में स्थापित करे। बैठक में ओमप्रकाश महतो, रमेश कुमार महतो, दीपक कुमार महतो, प्रभु महतो,अनिकेत ओहदार, संतोष टिडवार, जागेश्वर महतो नागवंशी, संतोष बंसीयार,संतोष महतो, पनेश्वर कुमार, आनंद कटियार, हेमलाल महतो, रवि कुमार महतो, गिरीशंकर महतो, राजेंद्र बेदिया, लालू महतो, सहदेव कुमार, पवन महतो, महेश निगम, कौलेश्वर महतो, मुनिनाथ महतो,देवानंद महतो, मुकेश महतो, सुधीर कुमार अकेला, केदार महतो, मनगोविंद महतो, मुरारी महतो, सुधीर मंगलेश , प्रकाश कुमार,लुमनाथ महतो, रूपा महतो, सूरज महतो, मेहता मुरली, चेतन महतो आनंद महतो, करण महतो,अनिल कुमार बिहारी महतो, उपेंद्र कुमार महतो,गौतम महतो, राजेश महतो,खिरोधर महतो ,अशोक कुमार चौधरी सूबेदार चौधरी, मिथिलेश महतो, राजेश महतो, गुलटन महतो ,रामचंद्र कुमार , चंदन कुमार ,रूपेश कुमार, प्रमोद कुमार, मोतीलाल महतो ,विशाल कुमार, धनंजय कुमार, लालप्रीत कुमार ,मनीष कुमार ,भीम कुमार ,योगेश चंद्र भारती, रोहित कुमार,अनुपम देवी, लीलावती कुमारी अंजन कुमार महतो, कुलदीप महतो, विनोद महतो, देवेंद्र कुमार , कृष्ण कुमार ,नीतीश कुमार महतो , प्रेम कुमार महतो ,रूपलाल महतो, अभय कुमार महतो, छटू महतो,तुलेश्वर महतो, ईश्वर महतो,देवेंद्र कुमार, राजन महतो, लक्ष्मण कुमार महतो ,महेश महथा, प्रेमनाथ चौधरी, कैलाश महतो भूपेंद्र कुमार, अमित महतो, रणविजय कुमार, भरत कुमार महतो, नीलकंठ महतो, लकेश्वर महतो, करमचंद महतो, राजदीप महतो, हरिलाल महतो, दीपक महतो, अंश श्रृंग, त्रिभुवन महतो, रवि कुमार ठाकुर, भवानी महतो, शिव कुमार, रविंद्र कुमार महतो, शीला देवी, प्रीति कुमारी, गुड़िया देवी, अनीता देवी, नीलम कुमारी, संजोती देवी, निखिल मेहुल, संदीप कुमार, अनूप बंसीरियार, पप्पू ओहदार, ब्रजेश महतो, सुमन महतो, प्रमोद कुमार ,गौतम कुमार, अर्जुन कुमार बिद्धू, ममता देवी, अनीता देवी, कुंवेरी देवी, सुजंती देवी, चुमनी देवी, बबिता देवी, बचनी देवी, गुलाबी देवी, रूपेश कुमार, दीपक कुमार, मिथलेश कुमार,चंद्रदेव, राहुल कुमार,सुरेंद्र महतो, विशाल कुमार, दीपक कुमार महतो, सुशिला देवी, राजेंद्र पटेल, दुर्गेश कुमार पटेल, सुदीप कुमार महतो, प्रभु दयाल कुमार, सुरेन महतो, कुलदीप महतो, अनूप प्रकाश, रवि कुमार ,उषा कुमारी, ममता देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गागर में सागर

### जेई की परीक्षा देने हजारीबाग जा रहे दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र स्थित उरवां मोड़ के पास मंगलवार को जेई की परीक्षा देने जा रहे दो अभ्यर्थियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी. मृतक की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के साथ निवासी मोहसिन अंसारी (22 वर्षीय), पिता- इंतयाज अंसारी और जोहित कुमार (21 वर्षीय), पिता झ्र घनश्याम राम के रूप में हुई है. सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गयी है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है. जानकारी के अनुसार, मोहसिन और जोहित अपने मोटरसाइकिल से हजारीबाग जेई की परीक्षा देने जा रहे थे. तभी तभी उरवां मोड़ के समीप हजारीबाग की ओर से आ रही एक कार से बाइक की सीधी टक्कर हो गयी. इस टक्कर के बाद दोनों युवक एक अज्ञात हाईवा की चपेट में आ गये, जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गयी.

### कोडरमा : पति की मौत की खबर सुनकर सदमे में पत्नी की भी मौत

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड के वार्ड नंबर 5 स्थित लेंगरा पीपर में एक ही घर में पति और पत्नी की मौत की खबर सुनकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई. मोहन पंडित, उम्र 75 वर्ष, की रात में खाना खाने के बाद देर रात स्वास्थ्य में अचानक गिरावट होने लगी. बेहतर चिकित्सा के लिए देर रात ही कोडरमा सदर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया. रांची जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. जब पति मोहन पंडित की मृत्यु की खबर उनकी पत्नी जितनी देवी, उम्र 70 वर्ष, को मिली तो सदमे में अचानक उनकी भी मौत हो गई. इस अचंभित करने वाली घटना से लेंगरा पीपर में शोक की लहर दौड़ गई. दोनों की मौत की खबर के बाद किशोर पंडित, राजू पंडित, विनोद मेहता, बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता सांसद प्रतिनिधि वसंत मेहता, राजू सिंह, पवन सिंह, द्वारका पंडित, प्रकाश राम, राजू पंडित यदि सैकड़ो लोगों ने शोक जताया.

### झारखंड कौशल विकास योजना केन्द्र में स्टार एलुमुनि कार्यक्रम आयोजित

**सिमडेगा।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तत्वाधान में एक्सेल डाटा सर्विसेज द्वारा संचालित सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना केन्द्र में स्टार एलुमुनि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व मे प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न संस्थानों में कार्यरत अभियार्थी ललिता कुमारी और पूजा कुमारी को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण केंद्र के केंद्र संचालक महेंद्र कुमार शर्मा ने अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में आए हुए पूर्व अभियार्थी को अपने प्रशिक्षण एव रोजगार के अनुभवों को वर्तमान में प्रशिक्षण हो रहे अभ्यर्थियों के साथ साझा किया। इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर 27 प्रशिक्षणार्थी हवाई मार्ग से फ्लिपकार्ट कंपनी के बंगलुर ब्रांच के लिए प्रस्थान कर रहे है। एयर एशिया और इंडिगो की विमान से रांची से बैंगलोर पहुचेंगे और 3अक्टूबर को कंपनी ज्वाइन करेंगे।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बेन्दोजोर करंजटोली के पास मंगलवार की सुबह 9 बजे के करीब सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बोलबा थाना क्षेत्र के अवगा घरसा निवासी दुरजन लोहरा के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दुर्जन किसी काम को लेकर मोटरसाइकिल से कुरडेग की ओर जा रहे थे ।इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक सवारी मैजिक वैन के द्वारा पीछे से धक्का मारते हुए फरार हो गया। मौके पर माथे में चोट लगने की वजह से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद मुफस्सिल थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं मृतक के शव अपने कब्जे में लेकर आगे कार्रवाई में जुटे।

### समसेरा पंचायत भवन में त्रैमासिक पेंशन दिवस का हुआ आयोजन

**बोलबा।** प्रखंड के समसेरा पंचायत में मंगलवार को त्रैमासिक पेंशन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं के बारे समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित पेंशन योजनाओं जैसे वृध्दापेंशन,विधवा पेंशन,एवं विकलांग पेंशन योजनाओं के लाभूक से प्राप्त शिकायतों का निष्पादन,योजनाओं की जानकारी एवं नये लाभूक का फार्म भरना आदि बातों की जानकारी दिये।सुदर्शन सिंह,अलिंगुड,बाहों देवी बोलवा,अनुप केरकेट्टा समसेरा वृध्दापेंशन एवं नूतन तिर्की समसेरा का विकलांग पेंशन का नया पेंशन के लिए फार्म भर गया।साथ ही सुखदेव सिंह,जगजीत सिंह,कामिल खएस्स,एवं इसराइल जी कुल चार लोगों का पेंशन 6 माह से रूका हुआ आवेदन प्राप्त मिला। अगला पेंशन दिवस 2 जनवरी 24 को पंचायत भवन सभागार में होगी। मौके पर नव पदस्थापित पंचायत सचिव अजीत कुमार वार्ड सदस्य विपिन ,किशोर कुमार सिंह, रंधीर बड़ाईक, पास्कल जी,के अलावे काफी संख्या में पेंशन से संबंधित लाभूक मौजुद थे।

# बांसजोर में आयुष्मान स्वास्थ्य मेला शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने नीति आयोग के द्वारा चयनित आकांक्षी प्रखंड बांसजोर पहुंचे। उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में संकल्प सप्ताह, सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास के तहत संपूर्ण स्वास्थ्य - एक संकल्प कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के बांसजोर प्रखंड में आज 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक ₹संकल्प सप्ताह₹ का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ 30 सितम्बर को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत मंडपम मैदान, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से किया गया था। इसी क्रम में आज सिमडेगा जिला के आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में इसका शुभारंभ किया गया। यह संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के प्रथम दिन 3 अक्टूबर को संपूर्ण स्वास्थ्य एक संकल्प का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से आयोजित आयुष्मान स्वास्थ्य मेला में आप सभी को नीति आयोग के इंडिकेटर्स के तहत टीकाकरण, एनीमिया जांच, टी.वी. जांच, ए.एन.सी.चेकअप, ब्लड जांच, शुगर जांच, आयुष्मान गोल्डन कार्ड का निर्माण सहित विभिन्न मुख्य बिंदुओं पर स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल वैन में लोगों को मुहैया कराए जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जानकारी लिया।साथ ही सभी स्टॉल का निरीक्षण कर जायजा लिया। नीति आयोग के द्वारा निर्धारित सभी इंडिकेटर पर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने की दिशा में सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पहले छह दिनों की थीम में 'संपूर्ण स्वास्थ्य', 'सुपोषित परिवार', 'स्वच्छता', 'कृषि', 'शिक्षा' और 'समृद्धि दिवस' शामिल हैं।4 अक्टूबर को सुपोषित परिवार एवं पोषण खाने का आयोजन महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया जाएगा।5 अक्टूबर को स्वच्छता एक संकल्प के अंतर्गत बांसजोर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में साफ- सफाई का अभियान चलाया जाएगा। 6 अक्टूबर को कृषि विभाग द्वारा कृषि मेला, 7 अक्टूबर को शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा एक संकल्प, 8 अक्टूबर को आजीविका मिशन के अंतर्गत समृद्धि दिवस एवं अंतिम दिवस 9 अक्टूबर को संकल्प सप्ताह समावेशी समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर शासन में सुधार करना है तथा नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर पर विकास का कार्य कर राज्य स्तर के औसत से अधिक वृद्धि करना है। इस कार्यक्रम में 40 इंडिकेटर्स निर्धारित किया गया है जिसमें सभी विभाग को मिलकर कार्य करते हुए आकांक्षी प्रखंड से बाहर निकलते हुए एक विकसित प्रखंड बनाना है। उपायुक्त ने प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु बांसजोर प्रखंड कार्यालय में बैठक कर प्रखंड विकास पदाधिकारी बांसजोर, प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा, अंचलाधिकारी, एडीएफ एवं पर्यवेक्षिका महिला को आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बांसजोर नीतेश रोशन खालखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा विजय राजेश बरला, अंचलाधिकारी समीर कच्छप, ए.डी.एफ. असीम सिन्हा, प्रखंड के कर्मीगण, जनप्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

## गांधी जयंती पर फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, विधायक प्रतिनिधि हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखड के टुकुपानी जामबहार गांव में गांधी जयंती के अवसर में जेएनवायएस क्लब के तत्वाधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का मंगलवार को समापन हुआ। फाइनल मैच बालिका वर्ग से जामबहार और आसानबेड़ा के बीच खेला गया जिसमें आसानबेड़ा की टीम पेनाल्टी में 3-2 से जीत हासिल की। वही बालक वर्ग काटुकोना बनाम खिजरी के खेला गया जिसमें काटुकोना 1-0 जीत हासिल किया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, मोहम्मद कारू, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,मोहम्मद वहीद द्वारा खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। खेल गतिविधियों में शामिल होना, हमें बहुत से रोगों से सुरक्षित करने में मदद करता है खेल से हम सबको को एक अच्छी प्रेरणा मिलती है और अनुसान सीखने को मिलता है साथ ही जीवन जीने का एक अच्छा शैली मिलता है। मौके पर मौजूद अंडर 17 राष्ट्रीय खिलाड़ी पूर्णिमा कुमारी,पंचायत समिति सुलोचना देवी, रामचंदन प्रधान, पंचायत अध्यक्ष लोरेंग डुंगडुंग, मिरास डुंगडुंग, प्रिंस कुमार, सुभाष सोरेंग, दोउद केरकेट्टा, संजय केरकट्टा, महिमा केरकट्टा, फिल्मोन केरकेट्टा संदीप केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### दुर्गापूजा को लेकर सदर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**सिमडेगा।** दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार की शाम सिमडेगा सदर थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजन हुआ। बैठक में विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव के अलावे शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे ।इसके अलावा मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए ढोढराय, अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद, नगर परिषद के प्रशासक सुमित कुमार महतो थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता मौजूद रहे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आगामी दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की, साथ ही जुलूस मार्ग में किन चीजों की आवश्यकता आदि चीजों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। जहां पर बताया गया कि यथावत पूर्व की भांति जुलूस मार्ग रहेगी नए मार्ग का चयन नहीं होगा। पूजा समिति के सभी सदस्यों की सूची अनुमंडल कार्यालय एवं थाना में जमा होगी जुलूस के दौरान किसी प्रकार की कोई भी व्यक्ति माहौल खराब नहीं करेंगे। माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के ऊपर कारवाई की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण घटिया सामग्री इस्तेमाल पर भड़के



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय सुविधा युक्त हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में स्टेडियम निर्माण कार्य की गुणवत्ता देख विधायक भड़क गए। साथ ही उन्होंने निर्माण किए गए दीवाल को तोड़ कर नए सिरे से निर्माण करने का निर्देश दिया। वहीं विधायक ने बहुत ही घटिया सामग्री से निर्माण कार्य किये जाने पर नाराजगी ब्यक्त करते हुए काम बन्द करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने पाया कि स्टेडियम निर्माण के लिए बनाए जा रहे बॉड्री निर्माण में एकदम ही घटिया किस्म का इंट का प्रयोग किया जा रहा है। इंट इतना कमजोर है कि पकड़ने से ही टूट कर भरभरा जा रही है। जिस पर विधायक ने उस ईंट से बनाये गए सभी बॉड्री को तोड़कर नए सिरे से एक नम्बर ईंट से बॉड्री का निर्माण करने का निर्देश दिया। विधायक ने देखा कि निर्माण कार्य मे एकदम ही घटिया किस्म के लोकल श्री जंग रोधक सीमेंट, लोकल सपकोन का छड़ एवं लोकल चिप्स का प्रयोग किया जा रहा है। छड़ भी सही से बांधा हुआ नहीं पाया गया। इतना ही नहीं बॉड्री निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे की गहराई भी कम पाई गई। विधायक ने देखा कि बॉड्री के आधे दीवाल तक ही छड़ बांधकर ऊपर में ढलाई किया जा रहा था। महिला मजदूरों को भी कम मजदूरी मिलने की शिकायत मिली। वहीं निर्माण कार्य मे बाल मजदूरी भी कराते हुए पाया गया। इसके अलावे बालू, सीमेंट एवं चिप्स का रेशियो भी सही मात्रा में नहीं मिला। मौके पर विधायक ने कहा कि विकास कार्य मे गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रष्ट संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करेंगे। विधायक ने निर्माण कार्य मे स्थानीय मजदूरों से करवाने के बजाय बहार के मजदूरों से कराए जाने पर भी कड़ी नाराजगी ब्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकल मजदूरों को काम मे रखें। हमारे मजदूर भाई काम की तलाश में ऐसे ही संवेदक के कारण पलायन करते हैं। निर्माण कार्य मे स्थानीय मजदूरों से ही काम होना चाहिए। निरीक्षण के क्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद भी उपस्थित थे।

## झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के तहत 9 अक्टूबर को होगा संविधान बचाओ धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक बरदान मड़की की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में विगत कई वर्षो पहले वन अधिकार कानून 2006 के तहत सामुदायिक एवं व्याक्तिगत दावा प्रपत्र पूरा कर सम्बन्धित विभाग में जमा किया गया है अभी तक पट्टा नहीं मिला है।जिसको लेकर महाधरना प्रदर्शन जिला स्तरीय ग्रामसभा मंच के अगुवाई में करने का निर्णय लिया गया था लेकिन जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक कर निर्णय लिया गया कि और छः संगठन मिलकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।जिसका समय सारिणी 9 अक्टूबर को अनुमण्डल कार्यालय सिमडेगा के सामने समय 10 बजे पूर्वाह्न सुनिश्चित किया गया है। जिसमें मुख्य मुद्दा होगा संविधान बचाओ अभियान इस धरना कार्यक्रम में जिला स्तरीय ग्रामसभा मंच, झारखण्ड जंगल बचाओ आन्दोलन,आदिवासी जागरूक मंच, गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच, मूल निवासी संघ,आदिवासी महिला जागृति संगठन, आदिवासी छात्र संघ सहित अन्य संगठनों के सहयोग द्वारा किया जायेगा। इस बैठक में जे जे बी के समर्पण सुरिन, अनूप लकड़ा, खुशीराम कुमार, सिपरियन समद, अमृत डांग, अपलुस एक्का,रेजिना टोप्पो, रॉयन डुंगडुंग, जोनसन कुल्लू, खिस्तदास किड़ो, मिखाइल लकड़ा, ललित टोप्पो, एलिजाबेथ टोप्पो, सुगढ़ लुगून, रसिकन लुगून, दीपक सुरिन, जोशेफ किड़ो, बेंजामिन लुगून, सिमोन डुंगडुंग, आनंद बरला, फुलकेरिया कुल्लू,अंजोर कुल्लू, रेमेजीयूस कुल्लू, स्टानिस्लास डुंगडुंग, भूषण टोप्पो, जोनसन लुगून,अनिल कुजूर आदि उपस्थित थे।संचालन खुशीराम कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमृत डांग ने किया।

### जिप सदस्य ने गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की सुनी समस्या

**ठेठाईटांगर।** पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कोनपाला और बाघचट्टा पंचायत के कोंगसेरा सहित कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या सुनी, ग्रामीणों ने कई समस्याओं को रखते हुए कहा कि अगस्त महिने का राशन नहीं मिलने से ग्रमिण परेशान हैं, कई जगह जलमिनार तो लगे हैं पर पानी नहीं मिल रहा है, वहीं ग्रामीणों ने कई राशन डीलरों के उपर किरोशिन तेल पर अधिक किमत लेने का भी आरोप लगाया है। जिप सदस्य श्री एक्का ने कहा कि राशन डिलरों और ठिकेदारों की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी एक एक शिकायतों को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखते हुए कार्रवाई की मांग करेंगे और कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे बैठक में कोनपाला मुखिया फ्रांसिस्का लकड़ा, अमृत टेटे, बिलियम टेटे, आंथ्रेस डुंगडुंग, जोसेफ बाः सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हाजी हुसैन अंसारी की तृतीय पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड के पूर्व मंत्री दिवंगत हाजी हुसैन अंसारी की तृतीय पुण्यतिथि मंगलवार को मरकच्चो के महुवाटांड़ मदरसा में मनाई गई. इस अवसर पर झामुमो प्रखंड समिति की ओर से महुवाटांड स्थित मदरसा में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नौशाद आलम की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नौसाद आलम ने कहा कि हाजी साहब सिर्फ मुस्लिम नेता नहीं थे, बल्कि वे जन-जन के नेता थे. वे जीवन भर गुरुजी शिबू सोरेन के सारथी बने रहे. कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव अफजल मियाँ ने किया. इस दौरान प्रखंड के दर्जनों मदरसा में कुरान खानी व मिलादुन्नबी का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दुआ मांगी गई. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दीवाकर तिवारी, बीस सूत्री सदस्य मो जावेद, नौसाद अंसारी, मो खलील, सोहराब आलम, साकीर अहमद, फयाज अंसारी, रियासात अली, मो युसूफ आदि उपस्थित थे।

**लोकसभा चुनाव** | आज जनता से कार्यकर्ताओं को जुड़ने की सलाह दी

# चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस, बनाई रणनीति



**नवीन मेल संवाददाता**

चाईबासा। जिला कांग्रेस कमेटी की एक बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास की अध्यक्षता में हुई. इसमें आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा हुई. साथ ही प्रखंड कमेटी, पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी की तैयारियों का जायजा लिया गया. सभी कमेटियों को 15 दिनों के भीतर जहां कहीं भी संगठन में कमी है उसे पूरा करने को निर्देश दिया गया व सोशल मीडिया एवं नवीनतम तकनीक को अपनाते हुए लोगों से जुड़ने की भी बात कही गई. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए कार्यकर्ता तैयार रहे. कार्यक्रम का मंच संचालन राजकुमार राजा एवं धन्यवाद ज्ञापन रंजीत यादव ने किया. जिला प्रभारी बंधु तिर्की ने कहा कि कार्यकर्ता अनुशासन और सहनशीलता को बनाए रखें. आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है. सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पहले से बेहतर करना है. इसके लिए कार्यकताओं को संकल्पित होना होगा. आधुनिकता, नई तकनीक सहित समसामयिक विषयों को समझने की जरूरत है, क्योंकि लड़ाई बड़ी है. मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से झारखंड सरकार की योजना जन-जन तक पहुंचना है एवं संसदीय कार्यकाल की उपलब्धि से भी आम जनता को अवगत कराना है. विधायक सोनाराम सिंकू ने कहा कि हम सभी कांग्रेस पार्टी के सिपाही हैं. आने वाले लोकसभा चुनाव में पहले से बेहतर परिणाम होगा, लोकसभा संयोजक डीएन चाम्पिया ने समेत अन्य नेताओं ने भी अपने-अपने विचार रखें. कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष सरायकेला खरसावां, छोटे राय किस्कु, अंबर राय चौधरी, नीतिमा बारी बोदरा, कुतुबुद्दीन खान, हस्लुद्दीन खान, रंजीत यादव देवराज चातर, लक्ष्मण हांसदा, तोहिद आलम के अलावा सभी प्रखंड एवं नगर अध्यक्ष, सभी एलडीएम एवं विधानसभा प्रभारी, सभी सांसद प्रतिनिधि एवं सभी जिला पदाधिकारी, सभी मंच मोर्चा संगठन के अध्यक्ष एवं चेयरमैन लोकसभा तैयारी बैठक में शामिल थे.

## तीन दिवसीय स्व. विश्वंभर सिंह स्मृति फुटबॉल का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** अखिल भारतीय भुईयां छात्र संघ एवं अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति बानो गद्दी के तत्वाधान में तीन दिवसीय स्व. विश्वंभर सिंह स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एम एस ब्रदर्स रायडीह बनाम बीएफसी बांगुरकेला के बीच खेल गया । जिसमें एम एस ब्रदर्स की टीम 1-0 से विजयी रही। प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के तौर पर तोरपा विधान सभा के विधायक माननीय कोचे मुंडा उपस्थित थे । उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के पश्चात स्व. विश्वंभर सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। फाईनल मैच मुख्य अतिथि के परिचय सत्र के पश्चात बॉल को किक मारकर शुरू की गई। जिसमें एम एस ब्रदर्स की टीम विजयी रही। समाज की ओर से विधायक महोदय को मांग पत्र सौंपा गया जिसमें स्व. विश्वंभर सिंह की आदम कद मूर्ति का अनावरण, स्मृति भवन निर्माण, जाति प्रमाण पत्र निर्गत संबंधी समस्याओं का निराकरण की मांग की गई। मौके पर , भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, विश्वनाथ बड़ाईक, गोपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, चित्रसेन सिंह, बिपिन सिंह, योगेंद्र सिंह, बालचंद सिंह, चंद्रकांत सिंह, शंकर सिंह सहदेव कोटवार, तिजमोहन नायक, विजय सिंह, अनिल सिंह, संदीप सिंह, राहुल नाईक, सूरज प्रसाद सिंह, सुदामा सिंह नरेंद्र नाईक, केदार सिंह व समाज के अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### प्रखंड प्रमुख ने रालेगण सिद्धि में प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे से की मुलाकात



**सगमा।** प्रखंड प्रमुख अजय साह सोमवार को देश के प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे से उनके आवास अहमदनगर के रालेगण सिद्धि में भेंट की। इस दौरान प्रमुख ने उन्हें उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बता दें कि राज्यस्तरीय जनप्रतिनिधियों का दल चार दिवसीय एक्पोजर विजिट में महाराष्ट्र का पुणे पहुंचा हुआ है। इस टीम में सगमा प्रमुख सहित अन्य राज्य के विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख शामिल हैं। अन्ना हजारे के आवास में जनप्रतिनिधियों के पहुंचने पर अन्ना हजारे ने जनप्रतिनिधियों को समाजसेवा के कई टिप्स दिये। अन्ना हजारे ने प्रमुखों से कहा कि जनता की सेवा करना है तब चुनाव मत लड़िए। स्वतंत्र रहकर जनता की सेवा कीजिए। उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति में शामिल करने के लिए विभिन्न दलों के नेता उनसे मिले, परंतु वे किसी भी दल में शामिल नहीं हुए। वे स्वतंत्र रूप से समाजसेवा का कार्य करते रहे। पुनः टीम ने रालेगण सिद्धि के विभिन्न स्थानों को देखा और प्रखंड के विकास के कई गुर सीखे। टीम में गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक के अलावा मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष श्याम पाठक, झामुमो नेता भैरव प्रसाद वर्मा सहित कई लोग शामिल हैं।

### वज्रपात होने से एक मवेशी की मौत

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के चेचरीया गांव में मंगलवार को तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में किसान देवेंद्र यादव की एक मवेशी की मौत हो गई। किसान देवेंद्र यादव मवेशियों को चारा खिलाकर घर के पास ही बांधे थे। इसी दौरान घर के समीप एक पेड़ पर तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुई, जिसमें एक मवेशी की मौत हो गई। किसान ने मुआवजे की मांग की है।

### वज्रपात में मवेशी की मौत, व्यक्ति घायल

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के अधोरा के घूरघुटी के पास वज्रपात की चपेट में आने से एक मवेशी कि मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पंडरिया पंचायत निवासी विजय यादव अधौरा के घूरघुटी के पास भैंस चरा रहे थे कि वज्रपात की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। वहीं घूरघुटी के पास भेड़ चरा रहे गोपाल पाल वज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गया। उसे परिजनों ने सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### आकांक्षी प्रखंड के तहत लगा हेल्थ कैंप



**महुआडांड़।** नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सम्पूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बरैदौनी, नेतरहाट, हामी,चटकपुर, परहाटोली, सेम्बरबुढ़नी और बांसकरचा उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया था। इसमें 552 मरीजों का पंजीकरण किया गया। शिविर में टीबी, कुष्ठ आदि बीमारी की जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.अमित खलखो ने बताया कि शिविर में सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधा मरीजों उपलब्ध कराई गई।

### साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतें सुनी एवं समाधान को आश्वासन दिया। इस दौरान नवागढ़ ग्राम निवासी तोरण देवी ने प्रधानमंत्री योजना के तहत आवास निर्माण की मांग की। वहीं मनिका प्रखंड के मतलौंग ग्राम के निवासियों ने टोला माड़ादाग में सड़क न होने की वजह से हो रही परेशानियों से उपायुक्त को अवगत कराते हुए सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। जनता दरबार में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य रूप से सेविका चयन, सड़क निर्माण, रोड निर्माण, प्रधान मंत्री आवास, जमीन विवाद, रोजगार आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### बीडीओ को दिया प्रभावित किसानों की सूची सौंपने का निर्देश

# डीसी ने किया कांडी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों नारायणपुर, सोनपुरा सहित कई अन्य कई गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने गांव के किसानों द्वारा लगाए गए हजारों एकड़ में धान एवं अन्य फसलों की पंडी नदी की बाढ़ से हुए नुकसान का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने बताया कि बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जाएगा।

कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी को निर्देश दिया गया है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों के किसानों की सूची तैयार कर अविलंब रिपोर्ट दें ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। साथ ही वर्षा से कई गांव में लोगों के मकान ध्वस्त हो चुके हैं। कई लोग बेघर हो गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर तत्काल सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही बेघर लोगों को जांच कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। वहीं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित किसानों ने उपायुक्त से अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि नारायणपुर गांव में पुल निर्माण से पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 27 लाख रुपये की लागत से डायवर्सन का निर्माण कराया गया था। पुल निर्माण पश्चात उक्त डायवर्सन को नहीं हटाने से आज हजारों एकड़ किसानों की धान की फसल डूब गई है। 10 से 15 फीट पानी जमा हो गया है। पूर्ण रूप से धान की फैसले बर्बाद हो गई। इस संबंध में निर्माण के संवेदक ने बताया कि अपने निजी खर्च से जेसीबी मशीन द्वारा डायवर्सन को तोड़कर पानी की निकासी कराई जा रही है ताकि किसानों फसल को बचाया जा सके। विदित हो कि सोमवार की सुबह पंडी नदी में बाढ़ आने से दर्जनों गांवों के सैकड़ों एकड़ में लगी धान, अरहर एवं मूंगफली तथा सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। लगातार तीन वर्षों से अकाल व सुखाड़ से जूझ रहे किसानों की कमर टूट गई है। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, प्रमुख सतेंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, सीआई जगरनाथ मांझी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ललन मेहता, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, अरुण दुबे, मुखिया प्रतिनिधि निरज कुमार सिंह, समाज सेवी सतेंद्र पाल, प्रदीप पाल आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### जन समस्याओं का निराकरण का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड सह अंचल कार्यालय का उपायुक्त शेखर जमुवार ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड और अंचल कर्मियों की उपस्थिति पंजी जांच की। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ की उपस्थिति में सभी प्रखंड और अंचल कर्मियों से बारी-बारी से सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीआई को पीएम किसान का लैंड सीडिंग जल्द करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों और जानता की समस्याओं को भी सुना।

उन्होंने जनता की समस्याओं के जल्द निराकरण का निर्देश बीडीओ मुकेश मछुआ को दिया। उपायुक्त ने बताया कि निरीक्षण में प्रखंड और अंचल के सभी कर्मी उपस्थित मिले। पत्रकारों द्वारा पूछने पर कि जेएसएमडीसी द्वारा संचालित पाचाडुमर बालू घाट अक्सर बंद रहता है पर उपायुक्त ने कहा की 15 अक्टूबर के बाद एनजीटी के रोक हटाने पर सुचारु रूप से सोन नदी से बालू का उत्खनन एवं भंडारण कर बिक्री की जायेगी। इस मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, प्रमुख चंद्रावती देवी,उप प्रमुख शम्भू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे। उपायुक्त सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर में दर्शन पुजन कर मत्था टेका। उन्होंने गढ़वा जिले में खुशहाली की मां चतुभुर्जी से कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई की प्रशंसा की।

## जेएसएलपीएस के तत्वधान में हुई सीएलएफ की वार्षिक आमसभा



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
पंचायत भवन में जेएसएलपीएस के तत्वधान में मंगलवार को खरौंधी एवं अरंगी सीएलएफ का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व उप प्रमुख गोरख नाथ चौधरी तथा समाजसेवी कृष्णा गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम में अरंगी एवं खरौंधी सीएलएफ के 505 सखी मंडल एवं 26 महिला ग्राम संगठन की महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम में वितीय वर्ष 2022 - 23 का दोनों सीएलएफ के आय व्यय का अंकेक्षण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद, बीपीएम मोनिका कुमारी, सीसी उमेश कुमार, सीसी प्रताप कुमार सिंह, एडमिन सोनु कुमार, डीओ ब्रजेश कुमार, आइपीआरपी मनीषा कुमारी, खरौंधी सीएलएफ की अध्यक्ष रेखा देवी, सचिव रेणु देवी, कोषाध्यक्ष संतरा देवी, अरंगी सीएलएफ की अध्यक्ष अनीता देवी, सचिव निशा श्रीवास्तव, खरौंधी की जेआरपी सुनीता देवी, अरंगी की जेआरपी सीमा देवी, बीआरपी सतवंती देवी आदि लोग मौजूद थे।

### एचपी गैस के प्रो. राणा प्रताप सिंह का हुआ निधन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर बस्ती निवासी सह एचपी गैस के प्रो. 72 वर्षीय राणा प्रताप सिंह का निधन सोमवार की शाम इलाज के दौरान मेदिनीनगर में हो गया। वे पिछले कई माह से गंभीर बिमारी से ग्रसित थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही भवनाथपुर में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार की रात जैसे ही उनका शव पैतृक आवास पहुंचा कई समाजसेवी व बुद्धजीवी उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम दाह संस्कार सोन नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र विकास कुमार सिंह ने दी। इस मौके पर गोविंद सिंह, अरुण सिंह, विनोद सिंह, महेंद्र सिंह, नीलू सिंह, बर्जेस सिंह, धीरेंद्र सिंह, रविकांत सिंह, बुचुल राम, पपु सिंह, सुनील सिंह आदि शामिल थे।

## भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से कई कच्चे घर गिरे



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण एक ओर जहां आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं बारिश की वजह से कई कच्चे मकान गिर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र की मकरी पंचायत में आधा दर्जन कच्चे मकान गिर गए, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। घर गिरने से पूर्व ही परिवार के सभी लोग घर से बाहर निकल गए थे।

धगरडीहा के वार्ड 20 के सुशीला देवी, वार्ड 1 के लालू तुरिया, वार्ड 6 के शिव कुमार पासवान, बुधनी कुवंर, वार्ड 25 के रजमनिया कुवंर, वार्ड 17 के सुरेश राम, गिराज राम, भरोसा राम के कच्चा मकान गिर गए। लोगों ने बताया कि गनीमत रही कि दीवार के गिरने की आवाज सुनकर परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर निकल गए थे। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। कहा कि वे लोग काफी गरीब हैं। उनके पास कोई घर नही है। लोगों ने मुखिया सरिता देवी एवं प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## वन्य प्राणी सप्ताह : प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
जिले के दक्षिणी वन प्रमंडल अंर्तगत टंडवा वन प्रक्षेत्र में प्रचार वाहन वन बचाओ, वन्यजीव बचाओ-धरती को स्वर्ग बनाओ जैसे अन्य नारों के माध्यम से प्रत्येक गांवों व कस्बों में प्रचार करेगा। मंगलवार को 1 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले वन्य प्राणी सप्ताह के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने रवाना किया। रेंजर ने बताया गया कि वन्य जीवों व जंगल को संरक्षित करने के लिए कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला जा रहा है। जंगलों की कटाई व आग लगाये जाने के कारण वन्यजीवों का भोजन तथा आश्रय नष्ट होता है, जिससे कुपित होकर वे आम इंसानों तथा फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन मनुष्यों का परम कर्तव्य है, इसे नष्ट कर सुखी जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पन्ना ने आगे बताया कि जागरूकता अभियान में विभिन्न स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। मौके पर वनरक्षी राकेश सिंह, रौशन नायक, सत्यनारायण, सुनील उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

## विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशन में निकाली गई जागरूकता रैली

### नारे लगाकर लोगों को किया गया जागरूक




नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया
नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के तत्वाधान में जागरूकता रैली निकाली गई। विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में आश्रम आवासीय विद्यालय जबड़ा के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को खासकर महिला, बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कानून की जानकारी देने के साथ बच्चों द्वारा बाल श्रम बंद करो, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, भारत माता की जय, वंदे मातरम सहित अन्य नारे लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्या जामवंती मिश्रा, पवन कुमार मिश्रा, पंकज कुमार, रिया कुमारी, विश्वजीत सिंह, उमेश यादव, नवनीत सिंह और नीलम देवी ने जागरुकता रैली में अहम योगदान दिया।

### मूसलाधार बारिश से गरीब का घर धराशायी हुआ, दूसरे के घर में रहने को हुआ विवश



**कुंदा।** लगातार रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश में मंगलवार को प्रखंड के मांझीपारा गांव निवाशी चौठी भुईया का खपरैल घर धराशायी हो गया। पीड़ित गरीब है और घर गिर जाने के कारण वह फिलहाल गांव के संजय भारती के नवनिर्मित घर में रहने को मजबूर है। भुक्तभोगी जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी करता है। बताया कि आर्थिक स्थिती इतनी अच्छी नहीं है कि वह खुद से अपना घर बना सके। अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं मुखिया मनोज साहू ने क्षतिग्रस्त घर को निरीक्षण कर उन्हें जल्द ही आपदा राहत के तहत उचित मुआवजा दिलाने की बात कही है।

## धर्म-कर्म

### कथा से जीवन में शांति की प्राप्ति होती है : जीयर स्वामी

# भगवान के अवतारों की कथा बार-बार सुननी चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



जीयर स्वामी ने प्रवचन करते हुये कहा कि जिस घर में श्रीमद्भागवत की पूजा होती है उस घर में लक्ष्मी का वास होता है। हर घर में श्रीमद्भागवत की पूजा होनी चाहिए। बार-बार कथा सुनने की बात को उन्होंने समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार एक बार भोजन कर लेने से एक बार सांस ले लेने से काम नहीं चल सकता है। उसी प्रकार एक बार कथा सुनने से काम कैसे चल सकता है। भगवान के अवतारों की चर्चा कथा के रूप में हमेशा सुननी चाहिए। इससे मन का विकार बाहर हो जाता है और मन चीत को शांति मिलती है। और सांसारिक मोहमाया में मन फंसने से बच जाता है। उन्होंने कहा कि कथा एक स्टेटस है, एक संस्कार है, यह ईश्वर की कृपा है। जिसे बार-बार सुनने के बाद जीवन में ईश्वर की कृपा बरसने लगती है। जीवन में शांति की प्राप्ति होती है, शालीनता आती है, सादगी आती है, विनम्रता आती है। जिन शब्दों को सुनने के बाद हमारे मन बुद्धि दिमाग को ईश्वर में स्थापित होने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उसे कथा कहते हैं। जैसे बाल्मीकि जी ईश्वर का नाम जपते जपते गलत मार्गो से हटकर प्रशस्त मार्गों के अधिकारी बन गए। अंगुली माल डाकू गौतम बुद्ध के उपदेशों को सुन कर अहिंसा का पुजारी बन गया। कालिदास जी अपनी पत्नी की कृपा से जीवन को धन्य कर लिया। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को श्रीमद्भागवत कथा सुननी चाहिए। ईश्वर के अवतारों की चर्चा बार-बार सुननी चाहिए।

उन्होंने कर्म के बारे में समझाते हुए विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि कर्म करते समय व्यक्ति को सतर्क रहने की आवश्यकता है। क्योंकि कर्म का फल अकाट्य होता है। इसका फल मिलना है मिलना होता है। बिल्कुल निश्चित है। क्योंकि जो जैसा कर्म करेगा वैसा फल मिलेगा ही मिलेगा। व्यक्ति को मांसाहार का भोजन नहीं करना चाहिए। अपनी आत्मा की पूर्ति और जीभ के स्वाद के लिए दूसरे जीवों को मारकर खा जाना यह बहुत ही घोर अपराध है। इससे बचना चाहिए। यह शास्त्रों के ठीक विपरीत है। ठीक उल्टा है। ऐसा नहीं करना चाहिए। हर जीव को अपनी जिंदगी जीने का पूर्ण अधिकार है। सबको ईश्वर ने जन्म दिया है। किसी भी जीव को दूसरे को मारने की अनुमति नहीं है। किसी जीव को प्रताड़ित करने का कोई अधिकारी नहीं है। अगर ऐसा करता है तो वह घोर नरक का भागी बनता है।

## भाकपा ने किसानों की मौत को लेकर पैदल मार्च कर मनाया काला दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मंगलवार को 3 अक्टूबर 2021 में हुई किसानों की मौत को लेकर काला दिवस के रूप में मनाया। कपूर्री चौक से प्रखंड कार्यालय तक पैदल मार्च किया। इस दौरान केंद्र सरकार विरोधी नारे भी लगाए। नेता गणेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा किसान विरोधी तीन काला कानून के खिलाफ एक साल से भी अधिक समय तक किसान दिल्ली बॉर्डर पर धरने पर बैठे रहे। यही कारण है कि मोदी सरकार को किसानों के सामने झुकना पड़ा और तीनों काले कानून को वापस लेना पड़ा।

गणेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे के द्वारा उतर प्रदेश के लखिमपुर खीरी में किसानों को अपनी गाड़ी से कुचल कर हत्या कर दी गई। इसको लेकर हम लोग 3 अक्टूबर को काला दिवस के रूप में मना रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरुण बिहारी यादव ने की। इस मौके पर राजकुमार राम, रामनाथ उरांव, गोपाल यादव, यशवंत चौबे, जयरूप यादव, गिरधारी सिंह, अनिरुद्ध यादव आदि उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

**कोई भी व्यक्ति हमारा मित्र या शत्रु बनकर संसार में नही आता.. हमारा व्यवहार और शब्द ही लोगों को मित्र और शत्रु बनाते है।**

**- अज्ञात**



# गलती व सजा के मायने

***गलतियों*** का खामियाजा हर किसी को भुगतना पड़ता है। यह बात सौ प्रतिशत सच है। लेकिन अगर वही गलतियां रसूक रखने वाले बड़े लोग करते हैं तो क्या सजा मिलती है? यह बड़ा सवाल है। आज देश के कई नामचीन नेता सदन बैठे हैं जो कहीं न कहीं किसी मामले में आरोपी हैं। ऐसे में हमारी लचर न्याय प्रणाली के कारण वे बेदाग भी साबित होते हैं। हां, यह सच है कि ईश्वर की अदालत में उनके रसूक का कोई फायदा नहीं होता है। यह यहां इसलिए चर्चा जरूरी है कि खनन पट्टा मामले में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की संलिप्ता सामने आयी है। ऐसे में राज्यपाल ने रिएक्ट किया है। बात भी सही है कि आदमी कितना भी बड़ा हो, वह भारत के संविधान से बड़ा नहीं हो सकता है। चाहे कोई हो। लेकिन एक बात नहीं भूलनी चाहिए कि आरोप लगा देने से कोई दोषी नहीं हो जाता है। इसका फैसला अदालत करेगी। बहरहाल किसी को अपनी गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। वर्तमान स्थिति में राज्य में अनेक समस्यायें हैं। उसे निपटाने की जरूरत है। सरकारें आयेगीं, जायेगीं लेकिन झारखंड को मजबूत रखना होगा। यहां संगठित अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। जिस तरह से आपराधिक गिरोहि जेल से काम कर रहे हैं और नक्सलियों की ओर से सुरक्षा कर्मियों की हत्या की जा रही है, वह चिन्ता की बात है। ऐसे समय में अगर किसी राज्य के सीएम के बारे में कथित संलिप्तता वाले किसी संदर्भ की बात होती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। 'कानून-व्यवस्था की स्थिति का केवल आंकड़ों के जरिये अध्ययन नहीं किया जा सकता। हमें संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। कोई जेल से गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और कोई विदेश से काम कर रहा है। ऐसे में सरकार को इससे निपटना होगा या हम सब को उससे निपटने की रणनीति बनानी होगी। यही कारण है कि पिछले दिनों राज्यपाल ने कहा था कि मैं सरकार से नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए बार-बार कहता रहा हूं। आप तलाश अभियान चलाते हैं और आप अपनी सारी खुफिया जानकारी का उपयोग करते हैं। आप चाहें तो मैं केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से सारी जानकारी ले सकता हूं, ताकि हम झारखंड में नक्सलवाद को कुचल सकें। मेरे कार्यभार संभालने के बाद हम पहले ही तीन कर्मियों को खो चुके हैं...यह बहुत दर्दनाक और चिंताजनक है। उन्होंने नक्सलियों की ओर से सुरक्षाकर्मियों की हत्या के बारे में मुख्यमंत्री से बात की थी। और बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि पुलिस बल को कोई भी कार्रवाई करने की पूरी आजादी दी जाये। मैंने खासकर नक्सल गतिविधियों के बारे में जानने के लिए मुख्य सचिव को बुलाया है। हर जगह से सभी नक्सली पश्चिमी सिंहभूम जिले की ओर बढ़ रहे हैं। राज्य के 24 जिलों में से लगभग 22 जिले नक्सल मुक्त हैं। वे खुद को साबित करना चाहते हैं। उनके हमलों का कोई मतलब नहीं है। वे अब भोजन के लिए नहीं लड़ रहे। इस देश में भुखमरी से मौत नहीं हो रहीं, फिर ये किस बात के लिए लड़ रहे हैं। राधाकृष्णन ने नक्सलियों के अपनी गुफाओं से बाहर निकलने और फिरौती मांगने की घटनाओं पर चिंता जताई है। ऐसी स्थिति में राज्यपाल के बयान के कई कारण निकाले जा सकते हैं,लेकिन सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है।

**सरकारें आयेगीं, जायेगीं लेकिन झारखंड को मजबूत रखना होगा। यहां संगठित अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। जिस तरह से आपराधिक गिरोहि जेल से काम कर रहे हैं और नक्सलियों की ओर से सुरक्षा कर्मियों की हत्या की जा रही है, वह चिन्ता की बात है।**

# क्या राजनीति में स्वच्छता का मोदी जादू चलेगा?





ललित गर्ग

***देश*** में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाये स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिकों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाये जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाय तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आयें इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए 'जागरूकता की झाड़ू' को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी है। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए है, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे। बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू ह्रदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गये। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा। नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किये बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। नोटबंदी, उड़ी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान समर्थित कश्मीर में एयर स्ट्राइक की विपक्ष ने आलोचना की, कश्मीर में राजनीतिक स्थिति में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। इन निर्णयों से कश्मीर के नेता बौखला गये, भारी विरोध किया, मगर नरेंद्र मोदी ने इस पर कभी अफसोस नहीं जताया। कोरोना की दूसरी लहर में लॉकडाउन के फैसला भी विरोधियों के निशाने पर रहा। सीएए को लेकर भी काफी हो-हल्ला हो चुका है। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं। 18 सितंबर 2023 से संसद का विशेष सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित किया। वैसे चुनाव से पहले राम मंदिर का उद्घाटन होना तय है। मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये। केंद्र की मोदी सरकार ने राजनीति में बड़े बदलाव भ्रष्टाचार और करप्शन के मुद्दे पर किये हैं। 1989 के चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बोफोर्स का मुद्दा उछाला था। बोफोर्स से जुड़े कांग्रेस नेताओं के नाम पर उन्होंने चुनाव जीता। नरसिंह राव की सरकार भी घोटालों के घिरी थी, जिसका फायदा बीजेपी समेत विपक्ष को मिला था। 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार कोयला घोटाले, 2जी और कॉमनवेल्थ घोटाले की चर्चा के बीच चुनाव में गई थी, नतीजा कांग्रेस चुनाव हार गई। कांग्रेस ने भी लगातार नरेंद्र मोदी सरकार को घोटाले पर घेरने की कोशिश की, मगर ब्रांड मोदी के सामने उसे चुनावी मुद्दा नहीं बना पाई। 2019 में कांग्रेस ने राफेल में करप्शन का मुद्दा उठाया। नोटबंदी में करप्शन के आरोप लगाये। अडानी और अंबानी के मुद्दे को चुनाव में उठाया, मगर मोदी मैजिक के सामने सारे वार फेल हो गये। 2024 से पहले कांग्रेस फिर अडानी और अंबानी के इर्द-गिर्द घूम रही है। इससे उलट इंडिया के कई नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच चल रही है।

**चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाये जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

**पहले किये सो बख्शहुं आगे करे न कोई कबीर कहे धर्मराय सौ नाम रटें मम सोई**
मेरी शरण में आने से पहले उन्होंने जो भी पाप किये हैं, मैं उन सब को माफ कर दूंगा। तुम उनका हिसाब मेरे पास ले आना। आप पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। तब भगवान कहते हैं
**ये करम भरम ब्रह्मण्ड के मैं पल में करहूं नेश जिन्ह हमरी दोही दई करो हमारे पेश**
कबीर भगवान ने धर्मराज (यम) से कहा, 'इस काल की दुनिया में अज्ञानता के कारण मेरी शरण में आने से पहले मेरे भक्तों ने जो भी पाप किये हैं, मैं उन्हें सेकंड में माफ कर दूंगा और आगे वह कोई पाप नहीं करेंगे। हे धर्मराज (यम) ! जो कोई मेरे मंत्र का जाप करेगा मैं उसके पापों को क्षमा कर दूंगा। उन लोगों का हिसाब तुम मत लेना जो आपसे कहते हैं कि हम कबीर साहेब के शिष्य हैं। उन्हें त्रिकुटी में मेरे स्थान पर भेज देना। मैं उनका हिसाब कर दूंगा। (त्रिकुटी में सभी का दूतावास है। इसी तरह एक कबीर परमेश्वर का है)।
**नोटः** यजुर्वेद अध्याय 8 मंत्र 13 इस बात का प्रमाण देता है कि परम अक्षर पुरुष / सत्यपुरुष / सर्वोच्च भगवान सच्चे भक्तों के घोर पापों को भी क्षमा कर देते हैं।
**शिवमंडल ब्रह्मापुरी चाहे विष्णुलोक में हो हमरे गुण भूले नहीं तो आन छुटाऊं तोह**
दयालु परमात्मा कबीर जी बताते हैं कि यदि मेरा कोई भी शिष्य गलती से भक्ति छोड़कर ब्रह्मा, विष्णु, शिव या काल की दुनिया में किसी अन्य स्थान पर चला जाता है और यदि वह स्वर्ग के भी सुख से विमुख होकर मुझे स्मरण करे तो मैं उस पवित्र आत्मा को वहाँ से भी मुक्त कर दूँगा।

*(क्रमशः)*

# विकास की मनभावन फाग विपक्ष का विषैला राग



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***राष्ट्रपिता*** महात्मा गांधी के चिंतन में स्वच्छता, ग्राम स्वराज, कृषि, पशुपालन, वंचितों का उत्थान आदि अनेक पहलू शामिल थे। वह देश को स्वतंत्र कराने के साथ ही साथ समरस और समृद्ध समाज का निर्माण भी चाहते थे, जिसमें किसी को भी जीवन की मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेलना ना पड़े। जब वह स्वच्छता की बात करते थे, तब उसमें निरोग विषय भी शामिल हुआ करता था। नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर नल से जल योजना शुरू की। यह अभियान सफल हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में इस अभियान को बहुत लाभदायक बताया है। उसने कहा कि इससे लाखों लोगों की जान बचाना सम्भव हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश चालीस वर्षों तक मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित था। योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ जल अपूर्ति सुनिश्चित की। स्वच्छता अभियान चलाया। इससे महामारी को समाप्त किया गया। बावजूद इसके विपक्ष का ताजा एलायंस कुआं पर राजनीति कर रहा है। कुछ दिन पहले इसके एक नेता ने राज्यसभा में काव्य पाठ किया। वह राजद के प्रवक्ता है। पढ़े-लिखे लोगों में शुमार हैं। उन्होंने किसी अन्य की कविता सुनाई- चूल्हा मिट्टी का/ मिट्टी तालाब की/ तालाब ठाकुर का/ भूख रोटी की/ रोटी बाजरे की/ बाजरा खेत का/ खेत ठाकुर का/ बैल ठाकुर का/ हल ठाकुर का/ हल की मूठ पर हथेली अपनी/ फसल ठाकुर की/ कुआं ठाकुर का/ पानी ठाकुर का/ खेत-खलिहान ठाकुर के/ गली-मोहल्ले ठाकुर के फिर अपना क्या?। इसके माध्यम से वह बिहार में अपनी पार्टी का जातीय समीकरण दुरुस्त करना चाहते थे। इस काव्य पाठ से लालू यादव भाव विभोर हो गए। कहा मनोज झा विद्वान आदमी हैं। उन्होंने सही बात कही है। आनंद मोहन ने कहा यदि मैं राज्यसभा में होता तो मनोज झा की जीभ खींचकर सभापति के आसन की तरफ उछाल देता। बिडम्बना देखिये मनोज झा उस पार्टी के हैं जिसके संस्थापक ने भूराबाल साफ करो को पार्टी का उद्देश्य बताया था। उसकी राजनीति एमवाई समीकरण पर आधारित थी। आज बिहार में जो ब्राह्मण- ठाकुर हो रहा है, वह तो राजद के समीकरण में शामिल ही नहीं है। ये वही नेता हैं जो बिहार के मंत्री द्वारा श्री रामचरित मानस पर अमर्यादित टिप्पणी पर मौन थे। एलायंस के अन्य दलों द्वारा हिन्दू धर्म को धोखा बताने, सनातन के उन्मूलन पर भी ये नेता विचलित नहीं हुए थे। यही इनकी राजनीति है। ये कूपमंडूक ही बने रहना चाहते हैं। सरकार स्वच्छ जल पहुंचा रही है। ये नेता ठाकुर का कुआं कविता में अटके हैं। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गई हैं। यह गठबंधन कुआं, जाति और मजहब से ऊपर ही नहीं उठ रहा। नमामि गंगे से प्रारंभ हुई यह यात्रा सिंचाई और पेयजल जैसी योजनाओं तक विस्तारित हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से जल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के प्रारम्भ के समय देश में जहां करीब सवा तीन करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल की आपूर्ति होती थी। अब करीब 12 करोड़ घरों में नल से जल की आपूर्ति हो रही है। इस मिशन से गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। इससे जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। इस योजना से पानी की बबार्दी रुकी है। साथ ही उसके दूषित होने की सम्भावना नगण्य हो गई है वर्ष 2015 में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' इस क्षेत्र में बड़ी पहल है। जल संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप यह योजना 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' सुनिश्चित करने के लिए सटीक-सिंचाई और जल संरक्षण तकनीक को अपनाने की परिकल्पना को साकार करती है। एक बार महात्मा गांधी काशी में श्रीविश्वनाथ धाम के दर्शन के लिए गये थे। उन्होंने वहां पर्याप्त स्वच्छता ना होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

**नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर नल से जल योजना शुरू की। यह अभियान सफल हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में इस अभियान को बहुत लाभदायक बताया है।**

**राजनीति**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# न्यूजक्लिक पर तगड़ा फ्लिक

***विदेश*** से मिले फंड खास तौर पर चीन से मिले पैसों के खुलासे के बाद विवादों से घिरे इंटरनेट समाचार सूचना प्लेटफार्म देश के न्यूजक्लिक पर दिल्ली पुलिस ने तगड़ा फ्लिक किया है। दिल्ली पुलिस ने इससे संबद्ध नोएडा और गाजियाबाद समेत कुछ स्थानों पर दबिश दी है। इसके कर्ता-धर्ता यानी प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ हैं। पुरकायस्थ को इससे पहले दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफिसेस विंग की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 22 अगस्त को नोटिस भी दिया था। याचिका में अंतरिम आदेश वापस लेने की अपील की गई थी। अंतरिम आदेश में प्रबीर के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर प्रतिबंध लगाया गया था। दिल्ली पुलिस ने इस बार अपने रडार पर कई चर्चित पत्रकारों को लिया है। इनमें पुरकायस्थ के अलावा अभिसार शर्मा, उर्मिलेश, संजय राजौरा, भाषा सिंह, औनिंद्यो चक्रवर्ती और सोहेल हाशमी हैं। इसकी वजह यह है कि यह सभी न्यूजक्लिक से किसी न किसी तरह संबद्ध हैं। इनको कुछ न कुछ पैसे मिले हैं। दो साल पहले 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट ने सात जुलाई को प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार न करने का आदेश पुलिस को दिया था। मगर दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पुरकायस्थ को अधिकारियों के निर्देशों के मुताबिक जांच में सहयोग करना होगा। न्यूजक्लिक के वित्तपोषण की गूंज इस साल संसद के मानसून सत्र में हो चुकी है। सात अगस्त को लोकसभा में भाजपा के निशिकांत दुबे ने न्यूजक्लिक को मिलने वाली चाइना की फंडिंग का मुद्दा जोरशोर से उठाया था। यह वही दिन है जब राहुल गांधी सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे थे। दुबे ने कहा था कि देश में पड़ोसी देश के पैसे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूजक्लिक में पड़ोसी देश से पैसा आया। इस पर कांग्रेस ने काफी बवाल किया। आखिर में दुबे की टिप्पणी के कुछ अंश हटाये गये। विरोध की लपटें शांत न होने पर केंद्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर को सामने आना पड़ा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की 'नकली मोहब्बत की दुकान' में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे हैं।' अनुराग ठाकुर ने कहा था कि न्यूजक्लिक को कहां-कहां से पैसा मिला, इस सबकी जानकारी है। इनकी फंडिंग का जाल देखेंगे तो नेवल रॉय सिंघम ने इसको फंडिंग की। फंडिंग उसे चीन की ओर से आई। दिल्ली पुलिस की न्यूजक्लिक पर ताजा कार्रवाई को कांग्रेस को पच नहीं रही। तीन अक्टूबर दिन मंगलवार की यह कार्रवाई 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले पर आधारित है। इसमें धारा 153ए (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और धारा 120बी (आपराधिक साजिश) लगी हैं। यहां यह भी जानना जरूरी है कि न्यूजक्लिक के संबंध में न्यूयॉर्क टाइम्स ने विस्फोटक रिपोर्ट छापी थी। इसमें भी दावा किया गया था कि इस वेबसाइट को चीन से वक्त बे वक्त पर फंड मिलता है। इसके बाद यह भी आरोप लगे कि इस वेबसाइट को 'अमेरिकी टेक मुगल नेविल रॉय सिंघम' वित्त पोषित करते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि साल 2021 में जब भारत की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मनी लॉन्ड्रिंग के पुख्ता सबूतों के आधार पर न्यूजक्लिक के खिलाफ जांच शुरू की तो कांग्रेस और पूरे वाम उदारवादी पारिस्थितिकी तंत्र ने उसका बचाव किया। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले ईडी की जांच में पता चला था कि न्यूजक्लिक को चीन और विदेशी स्थानों से लगभग 38 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली। यह किसी से छुपा नहीं है कि नेविल रॉय सिंघम काफी उदार हैं। वह एनजीओ, शिक्षण संस्थानों और मीडिया संस्थानों को फंड करने को लेकर चर्चित हैं। 69 वर्षीय नेविल समाजवादी चिंतक और यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क में प्रोफेसर रहे आर्चिबॉल्ड डब्ल्यू सिंघम के बेटे हैं। 1991 में आर्चिबॉल्ड का निधन हुआ था। उन्हें आर्चि सिंघम भी कहा जाता था। आर्चि मूल रूप से श्रीलंका के रहने वाले थे।

**सात अगस्त को लोकसभा में भाजपा के निशिकांत दुबे ने न्यूजक्लिक को मिलने वाली चाइना की फंडिंग का मुद्दा जोरशोर से उठाया था। जब राहुल गांधी सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे थे।**

**देश-विदेश**

■ मुकुंद

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### बिहार एसटीईटी 2023 का रिजल्ट जारी,79.9 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल

**पटना।** माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) 2023 का रिजल्ट मंगलवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने अपने कार्यालय से जारी किया। बिहार एसटीईटी परीक्षा चार से 15 सितंबर 2023 तक आयोजित की गयी थी। परीक्षा में कुल 428387 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से कुल 3 लाख 726 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कुल सफल शिक्षक अभ्यर्थियों की संख्या प्रतिशत 79.9 प्रतिशत है।
परीक्षा परिणाम जारी करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए आनंद किशोर ने बताया कि इस बार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 15 दिनों के अंदर ही परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित किया है, जो अब तक का सबसे फास्ट जारी किया गया रिजल्ट है।
परीक्षा में असफल हुए अभ्यर्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि जो भी परीक्षार्थी इस परीक्षा में सफल नहीं हुए हैं उन परीक्षार्थियों को निराश होने की जरूरत नहीं है। अब प्रत्येक वर्ष दो बार एसटीईटी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जो भी अभ्यर्थी किसी कारणवश इस परीक्षा में सफल नहीं हो पाए हों सभी फिर से तैयारी करें और बहुत जल्द अगली परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। पूरी मेहनत और लगन के साथ परीक्षा में बैठें मेहनत उनके कदम चूमेगी। अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि क्वालिफाइड और नॉट क्वालिफाइड की ही सूचना परीक्षा फल में रहेगी। मेरिट लिस्ट या मेधा क्रमांक का प्रावधान राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार इस एसटीईटी परीक्षा में नहीं किया गया है और अगली परीक्षा में भी फिलहाल विचार नहीं है।

### पद्मावती नदी किनारे अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

**झाबुआ।** जिले के थान्दला में पद्मावती नदी किनारे मंगलवार सुबह अज्ञात युवक का शव मिला देखा गया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार जांच शुरू कर दी गई है। मंगलवार सुबह जब नदी किनारे पर राहगीरों ने अज्ञात व्यक्ति की लाश देखी जाने की बात नगर में बताई, तो बड़ी संख्या में लोग नदी पर पहुंच गए। अज्ञात व्यक्ति की आयु करीब 45 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस थांदला रवीन्द्र राठी ने कहा कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में ले लिया गया। पुलिस द्वारा मामले में जांच शुरू कर दी गई है। लाश के फोटो भी मीडया पर सकुर्लेट किए गए हैं, ताकि जल्द लाश की शिनाख्त हो सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के मायके के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। हापुड़ नगर की मजीदपुरा कॉलोनी निवासी हनीफ की पुत्री मंतशा का निकाह दो वर्ष पूर्व मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के सद्दीक नगर निवासी आदिल के साथ हुआ था। मंतशा ने एक बेटे को जन्म दिया। परिवार से अनबन के बाद आदिल अपनी पत्नी मंतशा के साथ समर गार्डन में किराए पर रहने लगा। मंगलवार सुबह मंतशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मिलने पर मृतका के मायके वाले घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि आदिल का कहना है कि वाशिंग मशीन का करंट लगने से मंतशा की मौत हुई है। समर गार्डन चौकी प्रभारी अजय शुक्ला के अनुसार, मृतका के हाथ पर करंट का निशान है। जबकि मृतका के मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है।

### मजदूर की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह रामगंगा नदी पुल के नीचे झाड़ियों में एक वृद्ध का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पत्थर से कूचकर वृद्ध की हत्या की थी।थाना कटघर क्षेत्र के गुलाबबाड़ी निवासी मजदूर श्याम लाल (52) अविवाहित और मजदूरी करके अपनी जीविका चलाता था। परिवार की माने तो सोमवार देर रात वह बिना बताए कही चला गया और वापस घर नहीं लौटा। उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई। मंगलवार की सुबह 10 बजे करीब रामगंगा नदी पुल के नीचे बने मंदिर में सफाई करने वाला छोटे लाल पहुंचा तो उसने देखा कि मंदिर के पास झाड़ियों में श्यामलाल का शव पड़ा हुआ है। पुरोहित ने घटना के संबंध में पुलिस व आस-पास के लोगों को सूचना दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# बच्चों को मिलेगी नीट और जेईई की फ्री कोचिंग : सीएम बघेल

**एजेंसी। रायपुर**




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी ह्यस्वामी आत्मानंद कोचिंग योजनाह्य का मंगलवार को अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल और स्कूल शिक्षा मन्त्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने राज्य के विकासखंडों के कोचिंग सेंटर में उपस्थित बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए की एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकासखण्डों में करेंगे। मुख्यमंत्री ने कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह योजना बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर क्षेत्र में वातावरण का निर्माण करें। इस दिशा में हमारी सरकार द्वारा सबसे पहले कृषि के क्षेत्र में वातावरण बनाया। इससे कृषकों की संख्या और कृषि क्षेत्र की रकबा तथा उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के वातावरण के लिए हमारी सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत स्कूलों के अधोसंरचना विकास के लिए बडी तादात में 1100 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया। इस राशि से स्कूलों के भवन का संधारण और कक्ष तथा अतिरिक्त कक्ष सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई। स्कूलों में 30 हजार शिक्षकों की भर्ती शुरू कर दी है।

## प्रश्नपत्र लीक, बिहार सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा रद्द

**एजेंसी। पटना**

प्रश्न पत्र लीक होने का मामला उजागर होने के बाद केंद्रीय चयन परिषद ने बिहार सरकार की सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा मंगलवार को रद्द कर दिया। साथ ही 07 और 15 अक्टूबर को होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा भी अगले आदेश के लिए स्थगित कर दी गई है। बीते एक अक्टूबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में सिपाही भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इस दौरान दोनों पालियों में बड़ी संख्या में नकल करते हुए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं चिट-पूर्जों के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में अभ्यर्थी पकड़े गए थे। इसके बाद अभ्यार्थियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी शिकायत पर केन्द्रीय चयन परिषद ने यह फैसला लिया है। फिलहाल, पूरे मामले की जांच चल रही है। अनुसंधान में इस तरह के और मामले सामने आने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। इन क्रिया-कलापों के कारण परिषद की लिखित परीक्षा की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पटना, नवादा, समस्तीपुर, भोजपुर, बक्सर,सारण, आरा समेत अन्य जिलों में इस तरह की शिकायतें मिली थीं। इस मामले में कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। अब तक सभी जिलों में 61 एफआईआर दर्ज होने की सूचना है। अब इस मामले की जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) को दिया गया है। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी जिलों में दर्ज एफआईआर मंगवा ली गई है। विशेष टीम का गठन कर मामले की छानबीन शुरू की गयी है।

## मेट्रो ट्रेन का हुई ट्रायल रन सीएम ने दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन शुरू हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुभाष नगर डिपो से हरी झंडी दिखाकर ट्रायल का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया। इस दौरान मेट्रो की तकनीकी टीम और अधिकारी भी साथ रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल से मंडीदीप, भोपाल से सीहोर और भोपाल से विदिशा भी हम मेट्रो को ले जाएंगे। उन्होंने भोपाल वासियों को मेट्रो के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री चौहान ने सुभाष नगर डिपो में आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भोपाल मेट्रो अपने यहां परिवहन में क्रांति लेकर आई है। झीलों के अपने शहर को हम 'मेट्रो' से निहारने का सुख उठाएंगे। मुझे बताते हुए खुशी है कि भोपाल ने तांगे से अपने सफर की शुरूआत की थी और आज ये सफर मेट्रो ट्रेन तक आ पहुंचा है। भोपाल में मेट्रो का काम जिस तेज गति से हुआ है, उसके लिए मैं पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हूं। अब ये मेट्रो असमानता की खाई को भी पाट देगी। मेट्रो का यह ट्रॉयल रन सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक हुआ। सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक लगभग पांच किलोमीटर की दूरी है। गौरतलब है कि भोपाल मेट्रो रेल परियोजना की स्वीकृत लागत 6941 करोड़ रुपये है। भोपाल में पहले चरण में लगभग 30.95 किलोमीटर पर मेट्रो रेल का काम चल रहा है।

## भारत और भारतीयता के लिए समर्पित रहा महंत अवेद्यनाथ का जीवन : सीएम योगी

**एजेंसी। गोरखपुर**



गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज का जीवन अपने गुरु युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज के आदर्शों के अनुरूप भारत और भारतीयता के लिए, सामाजिक जीवन मूल्यों के लिए, राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित रहा है। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं महंत अवेद्यनाथ ने जिन परिस्थितियों में कार्य किया वे चुनौतीपूर्ण थे। उस समय देश में जो दुष्प्रवृतियां थी उनके खिलाफ मुखर होकर इन्होंने कार्य किया, जिसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।
मुख्यमंत्री योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 54वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन मंगलवार (आश्विन कृष्ण चतुर्थी) को महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। श्रद्धांजलि समारोह में अपने भावों को शब्द रूप देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्मलीन महंतद्वय की पुण्य स्मृति में साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान जो भी विषय रहे, उनका केंद्र देश और धर्म था। यही विषय ब्रह्मलीन महंतद्वय के जीवन के भी केंद्र रहे। उन्होंने दोनों पूज्य संतों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महंतद्वय के संकल्पों के अनुरूप गोरक्षपीठ पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।श्रद्धांजलि समारोह में रोहतक हरियाणा से पधारे अलवर राजस्थान के सांसद महंत बालकनाथ ने कहा कि आज हमारा वंश जिस धरातल पर टिका हुआ है, उसके निर्माण में बहुत बड़ा श्रेय गोरक्षपीठ का रहा है। उन्होंने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवेद्यनाथ के पदचिन्हों पर चलते हुए योगी आदित्यनाथ को भी आने वाला समय एक युगपुरुष के रूप में जानेगा। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य ने कहा कि श्रद्धांजलि में श्रद्धा का सबसे बड़ा विधान है। यह श्रद्धा, विश्वास का प्रतीक है। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने इस राष्ट्र को एक करने में अपना अमूल्य योगदान दिया । नैमिषारण्य से पधारे स्वामी विद्या चैतन्य ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ जी ने राम जन्मभूमि व गोरक्षा जैसे विषयों का आगे आकर नेतृत्व किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक सुभाष जी कहा कि गोरक्षपीठ के संत महापुरुषों की एक लंबी परंपरा है। सभी ने भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक पहचान के लिए कार्य किया।

## टीएमसी के आरोप पर भाजपा का पलटवार मनरेगा घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**




तृण मूल कांग्रेस (टीएमसी) की ओर से केंद्र सरकार पर मनरेगा के मद में 15 हजार करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने मनरेगा और अन्य योजनाओं में राज्य सरकार पर गंभीर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाते हुए इनकी सीबीआई जांच की मांग की है।
मनरेगा योजना के तहत बकाया राशि को लेकर तृणमूल कांग्रेस मंगलवार को जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रही है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि मनरेगा के तहत केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को 15 हजार करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया।
भाजपा मुख्यालय में यहां मंगलवार को पत्रकार वार्ता में पं. बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष एवं भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी के इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में अपने खिसकते जनाधार को वापस लाने के लिए टीएमसी की ओर से यह राजनीतिक प्रोपेगंडा चलाया जा रहा है। टीएमसी के सारे आरोप झूठे हैं। यह मनगढ़ंत आरोपों को लेकर एक राजनीतिक अभियान के सिवाय कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में पिछले 12 साल से सत्ता में है। वह कुछ फर्जी आरोपों के आधार पर और संघीय ढांचे की अवहेलना करके केंद्र के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन का नाटक कर रही है। इनके सभी घोटालों की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी की सरकार जानबूझ कर जनता का ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार पर आवंटन नहीं देने का आरोप लगा रही है। जबकि केंद्र ने हर योजना मद में पूर्व की यूपीए सरकार से ज्यादा आवंटन दिया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकार के मंत्री और टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ईडी की जांच के दायरे में आए हैं। इससे तय है कि सरकार में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुए हैं। सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि जिस तरह से टीएमसी ने गांधी जयंती पर राजघाट पर समिति या दिल्ली पुलिस से अनुमति लिये बिना प्रदर्शन किया, उससे देश भर से गांधी जी को श्रद्धांजलि देने आ रहे लोगों को तीन घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा। यह गुंडों की पार्टी है। यह आईएनडीआईए का हिस्सा है और इसके तीन एजेंडे हैं - वंशवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण।
उन्होंने टीएमसी के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि यूपीए के मुकाबले एनडीए की सरकार ने पश्चिम बंगाल को अधिक फंड जारी किया है। मनरेगा के तहत भी फंड जारी किया गया है।

## केंद्र राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराए : मायावती

**एजेंसी। लखनऊ**



बिहार सरकार के जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने के बाद अब पूरे देश में भी जातीय जनगणना कराये जाने की मांग उठने लगी है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराना चाहिए। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने की खबरें आज काफी सुर्खियों में हैं। उस पर गहन चचाएं जारी हैं। कुछ पार्टियां इससे असहज जरूर हैं, लेकिन बसपा के लिए ओबीसी के संवैधानिक हक के लंबे संघर्ष की यह पहली सीढ़ी है। बसपा को खुशी है कि देश की राजनीति उपेक्षित 'बहुजन समाज' के पक्ष में इस कारण नया करवट ले रही है। इसका नतीजा है कि एससी, एसटी आरक्षण को निष्क्रिय एवं निष्प्रभावी बनाने तथा घोर ओबीसी एवं मंडल विरोधी जातिवादी एवं साम्प्रदायिक दल भी अपने भविष्य के प्रति चिंतित नजर आने लगे हैं। यूपी सरकार को अब अपनी नीयत व नीति में जनभावना व जन अपेक्षा के अनुसार सुधार करके जातीय जनगणना अविलंब शुरू करा देना चाहिए, लेकिन इसका सही समाधान तभी होगा जब केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराकर उन्हें उनका वाजिब हक देना सुनिश्चित करेगी।

**पहल**

### उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का डेमो पेश करेगी सरकार

# अत्याधुनिक सुविधायुक्त स्कूलों की होगी शुरूआत

**स्कूलों में लैंग्वेज लैब के साथ कम्प्यूटर लैब की सुविधा उपलब्ध होगी।**

**स्कूलों में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी भी रहेंगे।**

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए सरकार बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। 57 जनपदों में सरकार अत्याधुनिक सुविधायुक्त मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की शुरूआत करने जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश की राजधानी लखनऊ और बाराबंकी के मुख्य मार्गों पर अवस्थित 10 विद्यालयों को भी अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है। इन विद्यालयों को सरकार डेमो विद्यालय के रूप में विकसित करेगी, ताकि विभिन्न राज्यों और विदेश से लखनऊ आने वाले प्रतिनिधियों और मेहमानों को प्रदेश की बेहतर शिक्षा व्यवस्था और विकास से परिचित कराया जा सके। प्रस्ताव के अनुसार, स्थलीय परीक्षण एवं प्रेरणा पोर्टल पर जियो टैग तकनीक के आधार पर गैप एनालिसिस कर इन विद्यालयों का चयन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने स्वयं लखनऊ और बाराबंकी मुख्य मार्ग पर विद्यालयों को चिन्हित कर उन्हें अपग्रेड किए जाने के निर्देश दिए थे।



महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार, 'यह विद्यालय स्ट्रीमिंग और डेमॉन्सट्रेशन के लिए होंगे। लखनऊ में जो लोग आते हैं, उन्हें इसके माध्यम से दिखाया जाएगा कि राज्य शिक्षा नीति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्या होती है और उसे स्कूलों में कैसे लागू किया जाता है। इसके माध्यम से एक्सीलेंट लर्निंग और लर्निंग बाय डूईंग जैसे यूनीक कांसेप्ट को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके प्रशिक्षण का भी आइडिया है। इस प्रोजेक्ट को इसी वर्ष शुरू किया जाएगा।' प्रस्ताव के अनुसार, जनपदों द्वारा किए गए गैप एनालिसिस के आधार पर 10 परिषदीय कम्पोजिट विद्यालयों को अपग्रेड करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए के व्यय का अनुमान है। इस तरह प्रत्येक विद्यालय के उच्चीकरण और सुविधाओं से युक्त करने पर 66 लाख रुपए के खर्च का अनुमान है।इन विद्यालयों को मॉडल डेमो स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें तमाम शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ स्कूलों की सफाई और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन विद्यालयों में लैंग्वेज लैब के साथ कम्प्यूटर लैब की सुविधा उपलब्ध होगी।स्मार्ट क्लास का भी प्रस्ताव है। इसके साथ ही माड्यूलर साइंस लैब, रोबोटिक्स एवं मशीन लर्निंग लैब्स के अलावा वाई-फाई इनेबल्ड कैम्पस से लैस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी भी रहेंगे, जिन्हें बेसिक शिक्षा विभाग के आवर्तक बजट से नियुक्त किया जाएगा।

### दुर्गा प्रतिमा तोड़े जाने की घटना से तनाव

**बालुरघाट।** दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट थाना क्षेत्र के कामारपाड़ा इलाके में भगवती दुर्गा की प्रतिमा टूटा हुआ पाए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूत्रों के अनुसार, कामारपाड़ा के 'काचीपता संघ' क्लब की तरफ से शरदोत्सव मनाया जा रहा है। देवी के आह्वान की तैयारी चल रही है। प्रतिमा का निर्माण क्लब परिसर में किया जा रहा है। मंगलवार सुबह आयोजकों को मूर्ति टूटी हुई मिली। खबर फैलते ही भीड़ जमा हो गई। इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। इस संबंध में क्लब की ओर से शीतल सरकार ने कहा, "हमें संदेह है कि किसी पागल ने यह काम किया होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिछले साल हैदराबाद में पूजामंडप में घुसकर दुर्गा प्रतिमा तोड़ने की घटना से इलाके में तनाव फैल गया था।

## गागर में सागर

### कबड्डी के पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश को 55-18 से हराया



**हांगझोऊ।** भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को पूल ए मैच में बांग्लादेश पर 55-18 की आसान जीत के साथ शानदार शुरूआत की। भारत ने खेल के शुरूआती चरण में बांग्लादेश के खिलाफ चीजें मजबूत रखी और मैच के पांचवें मिनट में बोर्ड पर अपना पहला अंक प्राप्त करने में सफल रहे। अनुभवी रेडर नवीन कुमार ने सुपर रेड पूरी की, जिसके बाद ऑल-आउट करके भारत का स्कोर 11- 2 कर दिया। बांग्लादेश ने भारतीय कप्तान पवन सहरावत के खिलाफ सुपर टैकल किया और पहले हाफ के अंत तक मैच में बने रहे। हालांकि, स्कोर भारत के पक्ष में 24-9 था। दूसरे हाफ में भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी, जिससे उन्हें अपने रेडरों को मैट पर रोटेट करने का मौका मिला। सचिन और आकाश ने मिलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। फिर, 2018 के कांस्य पदक विजेताओं ने स्कोर को 37-10 तक ले जाने के लिए एक और ऑल-आउट किया और खेल के अंत तक गति बनाए रखते हुए 55-18 से आसान जीत हासिल की। भारत बुधवार को अपने दूसरे मैच में थाईलैंड से खेलेगा और गुरुवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में चीनी ताइपे से भिड़ेगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### अंतर्राष्ट्रीय एथलीट फोरम का लुजान में समापन




**लुजान।** अंतर्राष्ट्रीय एथलीट फोरम 2023, दो दिवसीय बैठक के बाद संपन्न हुआ। जिसमें 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने उन विषयों पर चर्चा की जो खेल के भविष्य को आकार देंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी), अंतर्राष्ट्रीय महासंघों (आईएफ) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के एथलीट आयोग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने सोमवार को फोरम के समापन पर प्रतिनिधियों के साथ करीब दो घंटे की बैठक आयोजित की। जिसमें ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024, सुरक्षित खेल, एथलीटों के मानसिक स्वास्थ्य और कई विषयों पर विचारों और समाधानों पर चर्चा हुई। थॉमस ने कहा, (ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024) हमारे ओलंपिक एजेंडे के सुधारों के अनुरूप योजनाबद्ध और वितरित किए जाने वाले पहले ओलंपिक और पैरालंपिक खेल होंगे। ओलंपिक खेल पेरिस 2024 भी लैंगिक समानता वाला पहला ओलंपिक खेल होगा। आईओसी ने महिला और पुरुष एथलीटों को बिल्कुल समान संख्या में कोटा स्थान आवंटित किए हैं। स्पैनिश बास्केटबॉल खिलाड़ी पाउ गैसोल, अमेरिकी धावक एलिसन फेलिक्स और अमेरिकी अल्पाइन स्कीयर लिंडसे वॉन जैसे उल्लेखनीय ओलंपियनों ने भी खेलों में अपने अनुभव साझा किए और आधुनिक खेल पर अपने दृष्टिकोण पेश किए।

### केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने पहुंचे क्रिकेटर ऋषभ पंत



**देहरादून।** भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ऋषभ पंत 10 महीने बाद ठीक होकर मंगलवार को केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में दर्शन करने पहुंचे। ऋषभ पंत हरिद्वार के रुड़की में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद उनका मुंबई के अस्पताल में इलाज चला। ऋषभ पंत अब पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। पंत मैदान में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। मंगलवार को ऋषभ धार्मिक यात्रा पर निकले। उन्होंने देहरादून हेलीपैड से केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के लिए उड़ान भरी। ऋषभ पंत ने पहले बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए। जहां तीर्थ पुरोहितों ने ऋषभ का स्वागत किया और पूजा-अर्चना कराई। बद्रीनाथ धाम के दर्शन के बाद ऋषभ केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। जब ऋषभ पंत बद्री विशाल पहुंचे तो सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं और फैन्स उनकी एक झलक पाने के लिए उत्साहित दिखे। सभी लोगों ने ऋषभ पंत के जल्द स्वस्थ होने और भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी की कामना की। इस दौरान खानपुर विधायक उमेश कुमार भी साथ में मौजूद रहे।

## वनडे वर्ल्ड कप : बारिश की भेंट चढ़ा भारत-नीदरलैंड्स मैच

# अब चेन्नई में सीधे मैच खेलने उतरेगी टीम इंडिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और नीदरलैंड के बीच मंगलवार को तिरुवनंतपुरम में होने वाला अभ्यास मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। भारतीय टीम अब सीधे अपना पहला मैच 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेलने उतरेगी। इससे पहले भारतीय टीम को इंग्लैड से गुवाहाटी में अपना अभ्यास मैच खेलना था, जो बारिश की वजह से धुल गया था। भारत इस तरह एकमात्र टीम है जो विश्व कप में अभ्यास मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी का अभ्यास करे बिना उतरेगी।

**देखें दोनों देशों की टीमें**

**भारतीय टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव.

**नीदरलैंड्स की टीमः** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान और विकेटकीपर), मैक्स ओ'डोड, बास डी लीडे, विक्रम सिंह, तेजा निदामानुरु, पॉल वैन मीकेरेन, कॉलिन एकरमैन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, रयान क्लेन, वेस्ले बरेसी, साकिब जुल्फिकार , शारिज अहमद, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट।

### प्रीति ने जीता ब्रॉन्ज, लवलीना खेंलेगी एशियाड में गोल्ड मेडल मैच

**हांगझोऊ।** लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल के लिए मैच खेलेंगी। वहीं, उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्पॉट बुक कर लिया है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को थाईलैंड की मानेकोन बाइसन पर 5:0 की जीत के साथ एशियाई खेलों में महिलाओं की 75 किग्रा मुक्केबाजी स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले, 54 किग्रा भार वर्ग में अंतिम चार में पहुंचकर 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली प्रीति ने मंगलवार को सेमीफाइनल में चीन की युआन चांग से हारने के बाद कांस्य पदक जीता। सेमीफाइनल में प्रीति को चीनी खिलाड़ी के खिलाफ 5:0 से हार का सामना करना पड़ा। प्रीति के कांस्य पदक ने 13 स्वर्ण, 24 रजत और 25 कांस्य पदक सहित कुल 62 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर भारत की स्थिति को और मजबूत कर दिया है।

# एशियाई खेल : तीरंदाजी में भारत के 3 मेडल पक्के



**एजेंसी। हांगझोऊ**

अभिषेक वर्मा और ओजस देवतले एशियन गेम्स में पुरुषों की कंपाउंड तीरंदाजी व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल के लिए एक दूसरे से प्रत?स्पर्धा करेंगे। यानी पुरुषों की तीरंदाजी में भारत के लिए दो मेडल पक्के हो चुके हैं। देवताले और वर्मा दोनों ने मंगलवार को सेमीफाइनल में कोरियाई विरोधियों को हराकर 7 अक्टूबर को फाइनल में मुकाबला तय किया, जिससे पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत में भारत के दो पदक पक्के हो गए। कंपाउंड महिला व्यक्तिगत में भी भारत का पदक पक्का हो गया क्योंकि ज्योति ने सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन और हमवतन अदिति को हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। पुरुष कंपाउंड इंडिविजुअल में, अभिषेक ने पहले सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य के जू जाहून को 147-145 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में ओजस देवताले ने कोरियाई यांग जियोवोन को 150-146 से हराया। कंपाउंड महिला व्यक्तिगत फाइनल में ज्योति 7 अक्टूबर को फाइनल मुकाबले में कोरिया गणराज्य की सो चैवोन से भिड़ेंगी।

## क्रिकेट विश्व कप 2023: संजय बांगड़ बोले-

# बड़े शतक बना सकते हैं रोहित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी और पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर के अनुसार रोहित शर्मा अपना समय शीर्ष क्रम पर ले सकते हैं और शीर्ष पर गेंदबाजों के पीछे जाने के बजाय 'संचायक भूमिका' में लौट सकते हैं। बांगड़ ने कहा कि वह समझते हैं कि रोहित ने हाल के दिनों में अधिक आक्रामक रवैया क्यों अपनाया है, लेकिन उन्होंने कप्तान से आग्रह किया कि वह अपना समय लें और शानदार शतक लगाएं जिसके लिए वह जाने जाते हैं। बांगर ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह एक संचायक है। उसे क्या भूमिका निभानी चाहिए? वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसे एकदिवसीय खिलाड़ी के रूप में अभूतपूर्व सफलता मिली है। और कई बार उसने अपना शतक 30वें ओवर के आसपास बनाया है। 3 दोहरे शतक जिनके बारे में हम बात करते हैं और उनकी इतनी प्रशंसा करते हैं, उनमें तेजी आखिरी 10-12 ओवरों में आई, जहां वह सिर्फ गेंदबाजी करते हैं।' उन्होंने कहा, 'तो एक खतरनाक रोहित शर्मा, अगर वह 35 ओवर के आंकड़े तक पहुंच जाता है, तो भारत का स्कोर 350 के आसपास होना तय है। अगर वह उस तरह के टेम्पलेट पर कायम रहता है... मुझे पता है कि वह कुछ अन्य चीजें करने की कोशिश कर रहा है। शायद खेल को गेंदबाजों से दूर ले जाएं, लेकिन उनके पास एक अभूतपूर्व, निडर शुबमन गिल है वह संचायक को खेलने का जोखिम उठा सकते हैं जो गारंटी देगा कि भारत एक बड़ा स्कोर हासिल करेगा।'

# पाकिस्तान ने हांगकांग को हराया

## भारत-पाक के बीच हो सकता है फाइनल

**एजेंसी। हांगझोऊ**

चीन में चल रहे एशियाई खेलों में मंगलवार को पाकिस्तान बनाम हांगकांग पुरुष क्रिकेट मुकाबले के दूसरे क्वार्टरफाइनल में हांगकांग को 68 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। इससे पहले भारत ने नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। ऐसे में यदि दोनों टीमें भारत और पाकिस्तान अपने-अपने मैच जीत लेते हैं तो एशियाई खेल में भारत-पाक के बीच फाइनल के लिए खिताबी जंग देखने को मिल सकती है।



पाकिस्तान और हांगकांग मैच की बात करें तो हांगकांग ने आज यहां टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही और पहले ओवर में मिर्जा बेग शून्य को शुक्ला ने बाबर हयात के हाथों कैच आउट कराकर पहला झटका दिया। तीसरे ओवर में शुक्ला ने रोहेल नजीर 13रन को मोहम्मद खान के हाथों कैच कराकर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। चौथे ओवर में हैदर अली 4 रन के रूप में पाकिस्तान का तीसरा विकेट गिरा। उसके बाद चौथा झटका अनस खान ने कासिम अकरम 12 को निजाकत खान के हाथों कैच कराकर दिया। खुशदिल शाह 13 रन को मोहम्मद गजनफर ने बाबर हयात के हाथों कैच करवाया। छठे विकेट के रूप में आसिफ अली 25 को भी मोहम्मद गजनफर ने हमद खान के हाथों कैच आउट कराया। इस मुकाबले में एक समय पाकिस्तान 13 ओवर में महज 73 रन पर 6 विकट गंवा चुकी थी लेकिन 9वें नंबर पर खेलने आए आमेर जमाल ने 16 गेंद पर 41 रन जड़कर पाकिस्तान को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया। उसे शुक्ला ने खान के हाथों कैच आउट करवाया। अराफात मिन्हास (25) को भी मोहम्मद गजनफर ने आउट किया। अरशद इकबाल शून्य को भी शुक्ला ने मोहम्मद गजनफर के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान की पारी को समेट दिया। सुफियान मकीम एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 160 रन बनाए। हांगकांग की ओर से आयुष शुक्ला ने 49 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं मोहम्मद गजनफर ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए। अनस खान को दो और एहसान खान को एक विकेट मिला। 161 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हांगकांग की शुरूआत भी खराब रही। 10 रन के कुल योग पर ही ओपनर मुहम्मद खान (0) पवेलियन लौट गए। उन्हें अराफात मिन्हास ने रोहेल के हाथों कैच आउट कराया। निजाकत खान 11 रन को अराफात मिन्हास ने बोल्ड कर दिया। बाबर हयात (29) खुशदिल ने बोल्ड आउट किया। इनके आउट होते ही पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। टीम के चार खिलाड़ी खाता भी नहीं खोल सके और शून्य पर आउट हो गए। पूरी टीम महज 92 रन पर सिमट गई।

# मैक्सवेल लौटे फॉर्म में, लगाए 6 छक्के भारत के लिए बजी खतरे की घंटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले प्रैक्टिस मैच खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को उसके ऑलराऊंडर ग्लेन मैक्सवेल का सहारा मिला जिन्होंने 5 चौके और 6 छक्कों से सजी 77 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को मजबूत स्थिति प्रदान की। इससे पहले हैदराबाद के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को डेविड वार्नर और मिचेल मार्श ने अच्छी शुरूआत दी थी। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए हैदराबाद का मैदान वॉर्नर के लिए घरेलू मैदान रहा था। ऐसे में अपने मनपसंद मैदान पर वॉर्नर ने खुलकर शॉट लगाए।

वार्नर ने मार्श के साथ पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े। वार्नर 33 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 48 रन बनाए तो मार्श ने 48 गेंदों पर 31 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 27 तो मार्नेस लाबुछेन ने 31 गेंदों पर 40 रनों का योगदान दिया। एलेक्स कैरी के 11 पर रन आऊट होने के बाद जब ऑस्ट्रेलियाई टीम मुश्किल मेंदिखी तो



ग्लेन मैक्सवेल ने अपना बल्ला चलाया। मैक्सवेल ने पाकिस्तान के टॉप गेंदबाजों की गेंदों पर जमकर चौके-छक्के बरसाए और 77 रनों की पारी खेली। विश्वकप शुरू होने से पहले मैक्सवेल का फार्म वापसी ऑस्ट्रेलिया के लिए सुखद खबर है। लेकिन यह टीम इंडिया के लिए खतरे की घंटी बजने की तरह है। टीम इंडिया ने विश्व कप में अपना पहला ही मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। मैक्सवेल का वैसे भी भारत के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा रहता है। ऐसे में भारतीय टीम घरेलू मैदानों पर पहला ही मुकाबला गंवाना नहीं चाहेगी।

**दोनों टीमें-**

पाकिस्तान (बल्लेबाजी एकादश, क्षेत्ररक्षण एकादश): अब्दुल्ला शफीक, इमाम-उल-हक, बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), आगा सलमान, इफ्तिखार अहमद, फखर जमान, मोहम्मद नवाज, शादाब खान (कप्तान), उसामा मीर , मोहम्मद रिजवान, हसन अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, मोहम्मद वसीम जूनियर।

ऑस्ट्रेलिया (बल्लेबाजी एकादश, क्षेत्ररक्षण एकादश): डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, जोश इंग्लिस, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, मैथ्यू शॉर्ट, पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन , मार्कस स्टोइनिस, सीन एबॉट, ट्रैविस हेड, एडम जम्पा।

# भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में, हांगकांग चीन को 13-0 से हराया

**एजेंसी। हांगझोऊ**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को अपने आखिरी पूल ए मैच में हांगकांग चीन पर 13-0 की शानदार जीत के साथ 19वें एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। मैच में भारत के लिए वंदना कटारिया (2', 16', 48'), दीपिका (4', 54', 58') मोनिका (7'), दीप ग्रेस एक्का (11', 42'), संगीता कुमारी (27', 55'), वैष्णवी विट्ठल फाल्के (34') और नवनीत कौर (58') ने गोल किये।




भारतीय टीम ने खेल की शुरूआत आक्रामक तरीके से की और पहले क्वार्टर में 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैच के दूसरे ही मिनट में वंदना कटारिया ने एक शानदार फील्ड गोल के साथ भारत को बढ़त दिलाई, जिसके बाद दीपिका (4'), और मोनिका (7') ने भी एक-एक फील्ड गोल के साथ भारत की बढ़त 3-0 कर दी। इसके अतिरिक्त, मैच के 11वें मिनट में भारत की उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 4-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने खेल पर अपना मजबूत नियंत्रण बनाए रखा। वंदना कटारिया ने 16वें मिनट में एक प्रभावशाली फील्ड गोल के साथ भारत को 5-0 से आगे कर दिया। इसके अलावा, संगीता कुमारी ने 27 वें मिनट में गोल कर भारत को 6-0 की बढ़त दिला दी।

मध्यांतर तक भारतीय टीम 6-0 से आगे रही। भारतीय टीम तीसरे क्वार्टर में भी आक्रामक रही। मैच के 34वें मिनट में वैष्णवी विट्ठल फाल्के और 42वें मिनट में दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक-एक गोल किया और अंतिम क्वार्टर के अंत तक भारतीय टीम को 8-0 से आगे कर दिया।

चौथे क्वार्टर में वंदना कटारिया (48'), दीपिका (54', 58'), संगीता कुमारी (55') और नवनीत कौर (58') ने गोल कर भारत की 13-0 से शानदार जीत सुनिश्चित की। भारतीय टीम पूल चरण में अजेय रही। भारतीय महिला हॉकी टीम अब गुरुवार, 5 अक्टूबर को सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेगी।

## फाइनल मुकाबला | अदाणी फॉउंडेशन का फुटबॉल टूर्नामेंट

# महावीर युवा क्लब बना विजेता

### उपविजेता रही बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल की टीम

### तीसरे नंबर पर रहा हारम का युवा क्लब



**नवीन मेल संवददाता। बड़कागांव**

गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में महावीर युवा क्लब बड़कागांव की टीम ने प्लस टू हाई स्कूल को चार गोल से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। प्लस टू हाई स्कूल मैदान में 27 सितम्बर से शुरू हुए इस प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों के 176 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से 21 हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया गया। वहीं, उपविजेता टीम को 15 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को सात हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर इनाम के रूप में दिया गया। इसके अलावा बेस्ट गोलकीपर के रूप में पवन कुमार को एक हजार का गिफ्ट हैम्पर, प्लेयर ऑफ द मैच के रूप में प्रकाश कुमार और मैन ऑफ द मैच के रूप में परमेश्वर कुमार को एक-एक हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर दिया गया।

प्रतियोगिता के दौरान चार-चार टीमों ने क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इन आठ टीमों के बीच हुए मुकाबले में चार विजेता टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई, जिसके बाद फाइनल मुकाबले के लिए दो मैच खेले गए, जिसमें बड़कागांव महावीर युवा क्लब चार गोल से जीतकर फाइनल का विजेता बना। वहीं, बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल की टीम को उपविजेता का खिताब मिला। तीसरे नंबर पर हरली की पीटीसीएच और हारम के युवा क्लब के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें युवा क्लब हारम ने जीत दर्ज की।

**16 टीमों ने लिया हिस्सा**

- न्यू स्पोर्टिंग क्लब, कदमाडीह
- युवा क्लब, हारम
- नव युवा क्लब, बेस
- प्लस टू हाई स्कूल, बड़कागांव
- महावीर युवा क्लब, बड़कागांव
- महुगाई खुर्द क्लब
- टाइगर युवा क्लब, ढेंगा
- महुगाई कला युवा क्लब
- अम्बाजीत टीम
- युवा अम्बेडकर क्लब, बादम
- सम्राट युवा क्लब, चंदौल
- सुपर स्पोर्टिंग क्लब, चोरका
- रूदी टीम
- चटी टीम, गुरुचट्टी
- चुरचू टीम
- पीटीसीएच, हरली।



## गागर में सागर

### विश्व बैंक का अनुमान, वित्त वर्ष 2024 में 6.3% की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** निवेश और घरेलू मांग के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। विश्व बैंक की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल की पृष्ठभूमि में भारत लगातार लचीलापन दिखा रहा है। विश्व बैंक की भारत की वृद्धि से जुड़ी अद्यतन जानकारी के अनुसार, भारत जो दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा है, वहां 2023-24 में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मुद्रास्फीति पर रिपोर्ट में कहा गया कि खाद्य पदार्थों की कीमतें सामान्य होने और सरकारी कदमों से प्रमुख वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलने से इसके धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है।

### निर्यातकों का सरकार से छोटे उद्यमों को किफायती दर पर कर्ज उपलब्ध कराने का अनुरोध



**नई दिल्ली।** प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के बीच निर्यातकों ने नकदी की कमी के कारण एमएसएमई को किफायती और आसान शर्तों पर कर्ज उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में आपातकालीन क्रेडिट लिंक्ड गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) को 31 मार्च, 2024 तक बढ़ाने का भी अनुरोध किया है। इसके अलावा फियो ने एमएसएमई विनिमार्ताओं के लिए पांच प्रतिशत ब्याज सब्सिडी लाभ को बहाल करने की भी मांग की है। पत्र में कहा गया है कि वैश्विक नरमी के कारण निर्यात में गिरावट के चलते कुछ एमएसएमई क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। ऐसे में फियो ने ईसीएलजीएस को 31 मार्च, 2024 तक बढ़ाने का आग्रह किया है क्योंकि इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एणएसएमई) को इस कठिन समय से उबरने में मदद मिलेगी। देश के कुल निर्यात में एमएसएमई की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। वैश्विक मांग में कमी के कारण पेट्रोलियम और रत्न एवं आभूषण जैसे प्रमुख क्षेत्रों से निर्यात में गिरावट के कारण अगस्त में भारत का निर्यात 6.86 प्रतिशत घटकर 34.48 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

### शेयर बाजार में गिरावटः सेंसेक्स 323 अंक टूटा, निफ्टी 19550 के नीचे

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी का असर मंगलवार की सुबह भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखा। मंगलवार को शुरूआती कारोबार में ही सेंसेक्स 300 अंकों से अधिक टूट गया। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 19550 के नीचे पहुंच गया। मंगलवार के कारोबारी सेशन के दौरान मेटल सेक्टर के शेयरों में कमजोरी दिखी। इस दौरान सेंसेक्स गिरावट के साथ 65,813.42 पर खुला जबकि निफ्टी में 19,622.40 के स्तर पर ओपनिंग हुई। शुरूआती कारोबार में बाजार लुढ़क गया और सेंसेक्स में 300 अंकों से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, निफ्टी भी टूटकर 19550 के नीचे पहुंच गया। इससे पहले बाजार को ग्लोबल मार्केट से सुस्ती के संकेत मिले। अमेरिकी बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। डाउ जोंस की 300 अंक की कारोबार के बीच 75 अंकों तक टूट गया। वहीं नैस्डैक पर लगातार चौथे दिन बढ़त दिखी।

### जीडीपी वृद्धि दर 2023-24 में 6.5% रहेगी : राजीव कुमार

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले नौ साल में जो सुधार किए हैं, उससे देश की व्यापक आर्थिक स्थिति को फायदा हो रहा है। कुमार ने यह भी कहा कि भारत को आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की जरूरत है और देश ऐसा करने में सक्षम है। देश की युवा आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करने और अपने कार्यबल के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा करने के लिए आर्थिक वृद्धि को इस स्तर पर लाना जरूरी है। उन्होंने कहा, "मेरा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहेगी। मुझे लगता है कि हम अगले कुछ साल इस वृद्धि दर को आसानी से बनाए रख सकते हैं। भारत की जीडीपी वृदि दर 2022-23 में 7.2 फीसदी रही थी, जो 2021-22 के 9.1 फीसदी से कम है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रह सकती है।

### 126 साल पुराने गोदरेज ग्रुप का हो सकता है बंटवारा

# 1897 में ताले बेचकर की गई थी शुरूआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

1.76 लाख करोड़ रुपए की वैल्यूएशन वाले गोदरेज ग्रुप की शुरूआत 1897 में हुई थी। अब इस 126 साल पुराने बिजनेस ग्रुप पर बंटवारे की तलवार लटक रही है। गोदरेज ग्रुप की शुरूआत ताले बेचने से हुई थी। इसी ग्रुप ने 1897 में भारत का पहला लीवर टेक्नोलॉजी वाला बनाया था। उस समय मुंबई में अपराध बढ़ रहा था। लोगों की जान-माल की सेफ्टी के मद्देनजर गोदरेज ने शुरू में खास ताले बनाना शुरू किया। ग्रुप की शुरूआत दो भाइयों अर्देशिर गोदरेज और पिरोजशा बुरजोरजी गोदरेज ने की थी। समय के साथ ग्रुप ने कई सेक्टरों में कामयाबी हासिल की। मगर अब इस ग्रुप का बंटवारा हो सकता है। आज गोदरेज ग्रुप कई सेक्टरों में कारोबार करता है, जिनमें इंजीनियरिंग, इक्विपमेंट, सिक्योरिटी सॉल्यूशंस, एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स, रियल एस्टेट और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स शामिल हैं।



एक रिपोर्ट के अनुसार इन सभी सेक्टरों में फैले कारोबार का बंटवारा किया जा सकता है। हालांकि अभी गोदरेज ग्रुप की तरफ से बंटवारे पर कोई बयान नहीं आया है। गोदरेज फैमिली काउंसिल कुछ महत्वपूर्ण चीजों पर काम कर रही है, जिसमें दो अहम बिंदु शामिल हैं। पहला विभाजन के बाद गोदरेज ब्रांड नाम का उपयोग और उसके लिए संभावित रॉयल्टी का भुगतान और इस समय गोदरेज एंड बॉयस के पास मौजूद जमीन का वैल्यूएशन। क्या हैं बंटवारे में चुनौतियांइन्हीं दोनों पक्षों में 3400 एकड़ की जमीन का बंटवारा भी होगा। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार इस जमीन को लेकर कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें सुलझाना जरूरी है। ये भी माना जा रहा है कि ग्रुप के सामने बंटवारे की वैल्यूएशन, वित्तीय और कानूनी चुनौतियों भी हैं।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने त्योहारों पर नई खूबियों के साथ उत्पाद किया लॉन्च

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सबसे सुरक्षित कारों की निमार्ता के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाये रखा है और इसके पास वयस्कों तथा बच्चों के लिये 5-स्टार-रेटेड कारों का पूरा बेड़ा है। उत्पादों के मामले में कंपनी 2023 में भी लगातार सक्रिय है। इस साल त्योहारों के दौरान भी कंपनी कई सौगात लेकर आ रही है। कंपनी व्यापक पोर्टफोलियो के साथ ही, त्योहारों की अवधि में आकर्षक कीमतों, कारों में कई नई खूबियों की पेशकश करेगी। इतना ही नही, स्कोडा ऑल-न्यू स्लाविया मैट एडिशन भी लॉन्च कर रही है। पहले से बेहतर पोर्टफोलियो के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड डायेक्टर पेट्र सोल्क ने कहाः उत्पादों के मामले में हमारी पेशकश का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों का स्कोडा परिवार में स्वागत करना है और संयोग से यह पेशकश देश में त्योहारों के जोश के साथ हो रही है। हमने अपने ग्राहकों के लिए हमेशा सबसे सुरक्षित फैमिली कारें मुहैया कराने की कोशिश की है और हम अपने



उत्पादों एवं सेवाओं से ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा संतुष्टि देना चाहते हैं। त्योहारों के लिये यह पेशकशें और हमारे उत्पादों में कई अपग्रेडेशन इन मामलों में शानदार है और हमारे ग्राहकों के लिये बेहतरीन महत्व लेकर आती हैं। कुशाक और स्लाविया के उच्च-श्रेणी वाले स्टाइल वैरियेंट्स में बिलकुल नये फीचर्स हैं, जैसे कि ड्राइवर और को-ड्राइवर के लिये इलेक्ट्रिक सीटें जोकि सेगमेंट में पहली बार पेश की गई हैं, और इल्युमिनेटेड फुटवेल एरिया। यह खूबिया नये स्लाविया मैट एडिशन में भी हैं। लिमिटेड-एडिशन वाली इस सेडान में कार्बन स्टील पेंट को मैट फिनिश से सजाया गया है। कार्बन स्टील पूरी तरह से बिना चमक वाला है और डीप ग्लॉसी ब्लैक में डोर हैण्डल्स तथा ओआरवीएम जैसी डिजाइन के सुंदर सजावटों के साथ जुड़ता है।

### सितंबर में भारत का कारखाना उत्पादन थोड़ा कम, लेकिन मजबूत

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने अगस्त की तुलना में सितंबर के दौरान विकास में हल्की मंदी दर्ज की है, लेकिन एसएंडपी के अनुसार, उत्पादन, इनपुट खरीद और रोजगार में निरंतर विस्तार के कारण नए ऑर्डरों में तेज वृद्धि के कारण यह अभी भी मजबूत बना हुआ है। मंगलवार को जारी वैश्विक पीएमआई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) सितंबर में 57.5 दर्ज किया गया, जो अगस्त में 58.6 था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि पांच महीनों में सबसे कम, नवीनतम रीडिंग 50.0 के बिना किसी बदलाव के निशान और इसके दीर्घकालिक औसत (53.9) से ऊपर बनी हुई है, इसलिए यह विस्तार की तेज दर का संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपूर्ति-श्रृंखला की स्थिति मोटे तौर पर स्थिर थी।

## विदेश

### चीन समर्थक मालदीव के नए राष्ट्रपति ने उगला जहर, कहा-

# अपने कार्यकाल से पहले देश से भारतीय सैनिकों को निकालेंगे

**एजेंसी। कोलालमपुर**

मालदीव में राष्ट्रपति बनते ही चीन समर्थक मोहम्मद मुइजू ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। भारत समर्थित सरकार के पतन बाद मालदीव की कमान संभालते ही मोहम्मद मुइजू चीन के पक्ष में बयानबाजी करने लगे हैं। चुनावी कैम्पेन में भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले मुइजू ने एक बार फिर कहा है कि मालदीव से भारतीय सैनिकों को बाहर निकाला जाएगा। मोहम्मद मुइजू ने अपनी घोषणा को दोहराते हुए कहा है, कि अपने कार्यकाल की शुरूआत के पहले ही दिन से मालदीव से भारतीय सैनिकों को बाहर निकालने की तैयारी शुरू कर दी जाएगी और भारत के लिए हिंद महासागर में ये अच्छी खबर नहीं है।



मोहम्मद मुइजू 17 नवंबर को अपने कार्यकाल की शुरूआत करने वाले हैं और तब तक भारत समर्थनक इब्राहिम मोहम्मद सोलिह देश के राष्ट्रपित रहेंगे, जो पिछले हफ्ते हुए चुनाव में हार चुके हैं। मालदीव के लोगों ने राष्ट्रपति चुनाव में भारत-समर्थक इब्राहिम सोलिह के खिलाफ देश का नेतृत्व करने के लिए चीन समर्थक नेता मोहम्मद मुइज्जू को चुना है। भारत के लिए मालदीव कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है, कि जब नरेन्द्र मोदी दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गये थे, तो उनका पहला विदेशी दौरा मालदीव का ही था। पीएम मोदी 8-9 जून को मालदीव की यात्रा पर गए थे। माना जा रहा है, कि 100 प्रतिशत मुस्लिम राष्ट्र मालदीव में शीर्ष पद के लिए मुइजू के चुनाव का भारत के साथ द्वीप राष्ट्र के संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता है।मुइज्जू चीन समर्थक खेमे का हिस्सा है और अब्दुल्ला यामीन प्रशासन (2013-2018) के दौरान आवास और बुनियादी ढांचे के मंत्री थे, जिसके तहत मालदीव ने निर्माण परियोजनाओं के लिए चीन से भारी उधार लिया था।

## समझौता — नेपाल के प्रधानमंत्री के चीनी सहयोग के दावे निकले खोखले

# नेपाल में कागजों तक सिमटा बीआरआई प्रोजेक्ट

**एजेंसी। काठमंडू**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड बेशक चीन के साथ सहयोग और समझौतों को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं लेकिन हकीकत कुछ और ही है। प्रचंड ने संसद में कहा कि चीनी नेताओं के साथ उनकी हालिया बैठकों के दौरान स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में सहयोग विस्तार के अलावा उत्तरी सीमा क्षेत्र में ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण, सीमा पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना, विभिन्न सड़कों के निर्माण और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन सच तो यह है कि नेपाल में कई चीनी परियोजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं। प्रचंड ने संसद में दावा किया कि चीन के नेताओं के साथ हाल ही में हुई उनकी मुलाकात के दौरान ट्रांसमिशन लाइन बनाने के अलावा सीमा पर सोलर पावर प्लांट लगाने, सड़कें और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में



विस्तार पर भी सहमति बनी है। प्रचंड भले ही चीन के साथ दोस्ती बढ़ने का दावा करें लेकिन नेपाल में चीन के सारे प्रॉजेक्ट कागजी साबित हो रहे हैं जबकि भारत की मदद वाले सभा प्रॉजेक्ट बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। नेपाल को भारत ने कुल 63 अरब डॉलर की आर्थिक सहायता मुहैया कराई है। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रचंड को अपनी पिछले दिनों हुई चीन यात्रा के दौरान 12 प्रॉजेक्ट के लिए फंडिंग का आश्वासन मिला है। वह भी तब जब नेपाल के अंदर बेल्ट एंड रोड प्रॉजेक्ट अभी तक शुरू भी नहीं हुआ है। नेपाल ने चीन के साथ साल 2017 में इफ्क्रसमझौता किया था। भारत पर निर्भरता को कम करने के लिए नेपाल के नेता चीन के साथ इफ्क्र प्रॉजेक?ट को आगे बढ़ाना चाहते थे कि लेकिन यह संभव नहीं सका। नेपाल के विदेश मंत्री ने खुद ही माना है कि अभी तक इफ्क्रप्रॉजेक्ट शुरू नहीं हो सके हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों चीन के नेपाल में राजदूत बौखला गए थे और उन्होंने भारत पर निर्भरता को लेकर जहरीला बयान दिया था। चीन लगातार नेपाल पर दबाव बना रहा है कि इफ्क्रप्रॉजेक्ट को आगे बढ़ाए लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिनपिंग का यह ड्रीम प्रॉजेक्ट क्यों रुका हुआ है। इसके विपरीत साल 2018 से भारत की ओर से शुरू किए गए प्रॉजेक्ट या तो पूरे हो गए हैं या फिर पूरे होने वाले हैं। सीमा चेक पोस्ट से लेकर हेल्थकेयर सर्विस तक या फिर रोड-रेल लिंक हो, ये सभी पूरे होने की कगार पर हैं। भारत ने पड़ोसी नेपाल में विभिन्न क्षेत्रों में कई प्रॉजेक्ट शुरू किए हैं।

# महिलाओं को मिलेगा सस्ता कर्ज नवरात्र के दौरान हो सकती है घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार महिलाओं के लिए एक बड़ी घोषणा करने की दिशा में काम कर रही है। सूत्र बता रहे हैं कि महिलाओं के नाम पर लिए जाने वाले हर तरह के कर्ज की ब्याज दरें पुरुषों के मुकाबले कम रखी जाएंगी। इससे संबंधित योजना की घोषणा नवरात्र के दौरान हो सकती है। केंद्र सरकार ने महिलाओं



को सस्ता कर्ज दिलाने के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली है। इस सवाल पर वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अफसर का कहना है कि अभी इसका खुलासा नहीं किया जा सकता। लेकिन, यह संभव है कि 30-40 लाख रुपए तक का होम लोन लेने वाली महिलाओं को ब्याज में छूट मिलेगी। यदि महिला होम लोन के को-एप्लिकेंट हों तो भी यह छूट मिल सकती है। कर्ज के ब्याज में छूट के लिए महिलाओं को वगीर्कृत किया जाएगा। सामान्य महिलाओं को तो छूट मिलेगी ही, लेकिन सिंगल चाइल्ड मदर ओनली गर्ल चाइल्ड मदर या विधवा को अधिक छूट मिल सकती है। कामकाजी युवतियों को भी सस्ती दरों पर कर्ज देने का विचार चल रहा है।

## पेज एक के शेष

### लोकतंत्र के ...

ने कहा कि राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ विश्व का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा संसदीय राष्ट्रों का गठबंधन है। पूरे विश्व में संसदीय व्यवस्था को और कारगर व लोक हितकारी बनाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो 6 दिनों के इस सम्मेलन में तीन विषयों पर अपने वक्तव्य विश्व पटल पर रखेंगे। बता दें कि तीन विषयों में पहला विषय ऊर्जा संकट और पर्यावरण संरक्षण है। दूसरा विषय संसद में महिला आरक्षण का महिला सशक्तीकरण में योगदान है और तीसरा विषय ई-संसद के माध्यम से ससदीय प्रक्रिया को और कारगर बनाया जाना है। इन तीनों विषयों पर रबींद्रनाथ महतो वक्तव्य देंगे।

### जल्द कई विभागों में ...

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ हमने निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में स्थानीय युवक -युवतियों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है, ये रोजगार जाने-माने औद्योगिक समूहों में मिला है। हमारी सरकार ने राज्य में स्थापित औद्योगिक सेक्टरों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी मिले, इस बाबत नियम बनाएं हैं। जिससे अब झारखंड के युवक-युवतियों के लिए बड़ी संख्या में रोजगार सृजन का रास्ता साफ हुआ है। राज्य के कई जिलों में रोजगार मेला लगाकर कहीं 10 तो कहीं 12 हजार युवक- युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे गए हैं। नियुक्ति पत्र बांटने का सिलसिला निरंतर जारी है। यह निश्चित रूप से मन को सुकून देने वाले कार्यक्रम रहे। ये नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पूरे राज्य के लिए खुशी का मौका बना। हमारी सरकार सिर्फ पढ़े-लिखे अभ्यर्थियों को ही नहीं बल्कि कम पढ़े-लिखे तथा मजदूर वर्ग के युवक-युवतियों के लिए भी रोजगार का मार्ग प्रशस्त करने की जिम्मेदारी उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना शुरू करने का निर्णय इसलिए लिया, क्योंकि इस राज्य के बुजुर्गों विधवाओं और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा दे सकें। सामाजिक सुरक्षा अगर समाज के अंदर नहीं है तो विकसित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अलग पहचान के रूप में झारखंड अपने आप को खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि वित्त प्रबंधन में हम गुजरात से भी आगे हैं और देश के पांचवें राज्य में हम शुमार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी को मालूम है कि जब हमारी सरकार बनी तो कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले लिया। दो-ढाई वर्ष तक सरकार लोगों की जीविका और जीवन को बचाने में ही लगी रही। इसके बाद हमारी सरकार ने विकास को गति देने की शुरूआत की। कई नई योजनाएं शुरू की गई। इसी दौरान हमें सुखाड़ जैसी स्थिति का भी सामना करना पड़ा। लेकिन इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए इस राज्य और राज्य वासियों के विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों से कहा- अब आप सरकार के अभिन्न अंग बन गए हैं। आपसे इस राज्य के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। आप पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। जनता की समस्याओं का समाधान पूरी संवेदनशीलता के साथ करें। आप सभी के सहयोग से राज्य को हम आगे ले जा सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अधिकारियों- कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर सरकार तेजी से कार्य कर रही है ताकि बिना संकोच और निर्भीक होकर हमारे कर्मचारी कार्य कर सकें। आप लोगों के साथ-साथ सरकार के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि सरकार के पास जो अधिकारियों -कर्मियों की कमी है, वह धीरे-धीरे पूरी हो रही हैं। अभी कुछ क्षेत्रों में झारखंड आगे है, लेकिन इस राज्य में क्षमता और दक्षता की कमी नहीं है। बस थोड़ा सा प्रयास करने की आवश्यकता है, इससे निश्चित रूप से इस राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में भी खड़ा किया जा सकता है। इसी उम्मीद के साथ आप सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### 3 को दिया...

प्रकाश की बेहद छोटी पल्स बनाने का एक तरीका प्रदर्शित किया है, जिसका उपयोग उन तेज प्रक्रियाओं को मापने के लिए किया जा सकता है जिनमें इलेक्ट्रॉन चलते हैं। 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना की पुरस्कार राशि पुरस्कार विजेताओं के बीच समान रूप से साझा की जाएगी। 1987 में, एनी एल'हुलियर ने पाया कि जब उन्हें एक नोबल गैस के माध्यम से अवरक्त लेजर प्रकाश प्रसारित किया तो प्रकाश के कई अलग-अलग ओवरटोन उत्पन्न हुए। प्रत्येक ओवरटोन एक प्रकाश तरंग है जिसमें लेजर प्रकाश में प्रत्येक चक्र के लिए चक्रों की एक निश्चित संख्या होती है। वे गैस में परमाणुओं के साथ लेजर प्रकाश की परस्पर क्रिया के कारण होते हैं। यह कुछ इलेक्ट्रॉनों को अतिरिक्त ऊर्जा देता है जो बाद में प्रकाश के रूप में उत्सर्जित होती है। एल'हुइलियर ने इस घटना का पता लगाना जारी रखा, और बाद की सफलताओं के लिए जमीन तैयार की। साल 2001 में ऑगस्टिनी लगातार प्रकाश स्पंदों की एक श्रृंखला का उत्पादन और जांच करने में सफल रही, जिसमें प्रत्येक स्पंद केवल 250 एटोसेकेंड तक चली। उसी समय फेरेंस क्राउसज एक अन्य प्रकार के प्रयोग के साथ काम कर रहे थे, जिन्होंने 650 एटोसेकंड तक चलने वाले एकल प्रकाश पल्स को अलग करना संभव बना दिया। पुरस्कार विजेताओं के योगदान ने उन प्रक्रियाओं की जांच को सक्षम किया है, जो इतनी तेज हैं कि उनका पालन करना पहले असंभव था। भौतिकी की नोबेल समिति की अध्यक्ष ईवा ओल्सन ने कहा,' "अब हम इलेक्ट्रॉनों की दुनिया का दरवाजा खोल सकते हैं। एटोसेकंड भौतिकी हमें उन तंत्रों को समझने का अवसर देती है जो इलेक्ट्रॉनों द्वारा शासित होते हैं। अगला कदम उनका उपयोग करना होगा।" कई अलग-अलग क्षेत्रों में संभावित अनुप्रयोग हैं। उदाहरण के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स में, यह समझना और नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है कि किसी सामग्री में इलेक्ट्रॉन कैसे व्यवहार करते हैं। एटोसेकंड पल्स का उपयोग चिकित्सा निदान जैसे विभिन्न अणुओं की पहचान करने के लिए भी किया जा सकता है।

### दिल्ली में गिरफ्तार ...

पर छूटा तो पुणे चला गया था। बताया जाता है कि माइनिंग इंजीनियर होने के चलते उसे बम ब्लास्ट का ज्ञान है। उसने बम बनाने के कई प्रयोग भी किए। उसने वहीं किसी लड़की से शादी की। उसके खिलाफ पुणे के जंगल में बम विस्फोट का ट्रायल करने के मामले में केस दर्ज हुआ था। चितौड़गढ़ ब्लास्ट में भी जांच एजेंसी को उसकी तलाश थी। एनआईए ने मोहम्मद शाहनवाज के ठिकाने से पिस्टल, आइईडी बनाने के सामान, विस्फोटक, केमिकल, जेहादी व बम बनाने का साहित्य आदि बरामद किया था। मोहम्मद शाहनवाज के दूसरे साथी, जिस मोहम्मद अरशद वारसी को गिरफ्तार किया गया है, वह गढ़वा शहर के रॉकी मोहल्ला का रहने वाला है। वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का छात्र रहा है। उसके पिता वारिस खान एक सरकारी शिक्षक हैं। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझिआंव में उनकी पदस्थापना है। अरशद की गिरफ्तारी की जानकारी मीडिया से लोगों को मिली तो लोग सन्न रह गए।

### नफा-नुकसान पर...

कि वोटर सिर्फ जाति के नाम पर ही वोट देता है। क्योंकि पार्टियां अपने आधार पर गणना कर उम्मीदवार देती हैं। उन्होंने कहा कि इस सर्वे से कोई बड़ा उलट पुलट हो जाएगा, ऐसा नहीं लगता। जानकारों का कहना है कि झारखंड में आदिवासी बहुलता है। उनके साथ कुर्मी भी पुरातन कारणों से जुड़े हुए हैं। लिहाजा, ट्राइबल की राजनीति करने वाली झामुमो को फायदा होगा। क्योंकि कुर्मी को एसटी का दर्जा देने की मांग को लेकर आए दिन आंदोलन किए जा रहे हैं। इससे ट्राइबल की हकमारी होगी। इसकी वजह से ट्राइबल की गोलबंदी बढ़ेगी। शिबू सोरेन की इस समाज पर पकड़ है। लिहाजा, अपनी हकमारी की संभावना रोकने के लिए ट्राइबल झामुमो के लिए इंटैक्ट होंगे। इसका झारखंड में भाजपा के वोटबैंक पर असर पड़ेगा। क्योंकि भाजपा हिंदू बनाम अल्पसंख्यक की राजनीति को आगे बढ़ा रही है।

बिहार में हुए कास्ट सर्वे के मुताबिक 14.26 प्रतिशत आबादी के साथ यादव जाति टॉप पर है। दूसरे नंबर एससी कोटे की दुसाध जाति की आबादी 5.31 और रविदास की आबादी 5.2 प्रतिशत है। वहीं धर्म के आधार पर मुस्लिमों का प्रतिशत 17.70 है। यही वो फॉर्मूला है जिसे लालू यादव सबसे पहले समझे थे और माई समीकरण के साथ सत्ता में बने रहे। लेकिन वक्त के साथ ओबीसी वोट बैंक को भाजपा ने अपनी ओर कर लिया। 2019 के चुनाव के वक्त सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में भाजपा को ओबीसी का 26 प्रतिशत वोट मिला था जबकि राजद को 11 प्रतिशत और जदयू को 25 प्रतिशत। उत्तर प्रदेश में 61 प्रतिशत ओबीसी वोटर भाजपा के साथ थे। वहां सपा को 14 और बसपा को 15 प्रतिशत ओबीसी वोट मिला था। पश्चिम बंगाल में भाजपा को रिकॉर्ड 68 प्रतिशत ओबीसी वोट हासिल हुआ था। वहीं तेलंगाना में 23, कर्नाटक में 50 और ओड़िशा में 40 प्रतिशत ओबीसी वोट पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

### झारखंड में...

से सड़कों पर पर नालों का पानी बहने लगा है। इससे लोगों को काफी परेशानी भी हो रही है। अब विभाग ने 6 से लेकर 8 अक्टूबर तक भारी बारिश की संभावना है। इधर, राज्य में आने वाले दिनों मौसम के मिजाज को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों से सावधान और सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि तेज बारिश के समय पेड़ों के नीचे जाने से बचे, बिजली के खंभों से दूरी बनाए, बारिश के दौरान मेघ गर्जन हो रही हो उस वक्त फोन का इस्तेमाल ना करने समेत कई बातों को लेकर लोगों से अपील की है।

**राज्य के किन हिस्सों में कितनी हुई बारिश :** राज्य में पिछले 24 घंटे में कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। सबसे अधिक 191.5 मिलीमीटर बारिश गढ़वा के भवनाथपुर में हुई। सरयू में 130, हजारीबाग में 126, केतार में 120, बरडीहा में 114.2, शियालचक में 98.5, लातेहार में 92.6, कांके में 84.4, बोकारो में 76.6, बोकारो थर्मल में 75.6, धुरकी में 2.5 और चंद्रपुरा में 68 मिलीमीटर बारिश हुई। डालटनगंज में 62.8, कांडी में 62.7, डुमरी में 60, नंदडीह में 59.6, मांडू में 58.7 और तुलाडीह में 56.3 मिलीमीटर बारिश हुई। इस दौरान रांची में भी 46.4 मिलीमीटर बारिश हुई। खलारी में 44.2, गढ़वा में 44,रामगढ़ में 43.2, तोरपा में 40.2, रामगढ़ में 43.2 बरही में 36.6, मांडर में 36.2, तिलैया में 34, बबोकारो में 23, सिमडेगा में 18.5 और सहेबगंज में 3.5 मिलीमीटर बारिश हुई।




## गागर में सागर

### डोमिनिकन गणराज्य की उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** डोमिनिकन गणराज्य की उपराष्ट्रपति रकेल पेना रोड्रिग्ज ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान भारत और डोमिनिकन गणराज्य के बीच निरंतर आदान-प्रदान और संपर्क से द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर सहमति हुई। उपराष्ट्रपति रकेल पेना रोड्रिग्ज भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार सुबह नई दिल्ली पहुंची हैं। उपराष्ट्रपति रोड्रिग्ज की यह पहली भारत यात्रा है। डोमिनिकन उपराष्ट्रपति रकेल पेना रोड्रिग्ज ने राष्ट्रपति भवन में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। भारत में उनका स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस यात्रा का समय बहुत उपयुक्त है क्योंकि भारत और डोमिनिकन गणराज्य अपने राजनयिक संबंधों की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मधुर और मैत्रीपूर्ण हैं, जो लोकतंत्र के साझा मूल्यों की मजबूत नींव और वैश्विक मुद्दों पर विचारों के व्यापक मेल पर आधारित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि डोमिनिकन गणराज्य लैटिन अमेरिका में भारत का 8वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि व्यापार बास्केट में और विविधता लाने की संभावना है। मुर्मू ने कहा कि फार्मास्युटिकल उत्पादों, समुद्री विज्ञान, मौसम विज्ञान, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे और डिजिटल भुगतान प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में एक साथ काम करने और हमारे अनुभव एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की गुंजाइश है।

### राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो जवान घायल

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सूम और ब्रोह गांव के जंगली इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सेना के दो जवान घायल हो गए। सोमवार को भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने आतंकियों की मौजूदगी के संदेह में सूम और ब्रोह गांवों के जंगली इलाकों की घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। बताया गया है कि इस दौरान सोमवार देरशाम आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान रात तक भीषण गोलीबारी जारी रही। इसमें सेना के दो जवान घायल हो गए। दोनों को राजौरी के सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया।

### कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई का काफिला दुर्घटनाग्रस्त, 7 घायल



**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई का काफिला उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जब वह मंगलवार को कछार जिले में एक पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, कांग्रेस नेता को कोई चोट नहीं आई क्योंकि टक्कर होने से पहले ही उनका वाहन गुजर गया था। पुलिस ने बताया कि लगभग 100 वाहन सांसद गोगोई और अन्य कांग्रेस सदस्यों को कछार जिले के कुम्भीरग्राम हवाई अड्डे से सिलचर के कांग्रेस भवन तक ले जा रहे थे, तभी काफिले में से एक वाहन को उसी राजमार्ग पर एक वाहन ने टक्कर मार दी। काफिला तेज गति से यात्रा कर रहा था, तभी एक कार अचानक काफिले के एक वाहन के सामने आ गई और उसी लेन में अन्य वाहनों से टकरा गई। टक्कर में शामिल वाहनों में से एक में सवार कुछ महिलाओं सहित सात कांग्रेस सदस्यों को चोट लगी है। पूर्व मंत्री अजीत सिंह उन लोगों में से एक थे जिन्हें मामूली चोटें आईं। इस घटना में गोगोई को चोट नहीं आई क्योंकि टक्कर होने से पहले उनकी कार वहां से गुजर चुकी थी।

# देश का गरीब ही सबसे बड़ी जाति : पीएम

**एजेंसी। जगदलपुर/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर देश को जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश का गरीब ही सबसे बड़ी जाति है और उसके कल्याण के लिए काम करना ही उद्देश्य। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि जितनी आबादी, उतना हक। मैं कहता हूं इस देश में अगर कोई सबसे बड़ी आबादी है तो वह गरीब है। इसलिए मेरे लिए गरीब ही सबसे बड़ी आबादी है और गरीब का कल्याण ही मेरा मकसद। छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर जगदलपुर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यहां भाजपा की परिवर्तन संकल्प रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का होने संबंधी बयान को दोहराते हुए कहा कि अब कांग्रेस कह रही है कि समुदाय की आबादी तय करेगी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार किसका होगा। प्रधानमंत्री ने सवालिया लहजे में कहा कि तो अब क्या वे (कांग्रेस) अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कम करना चाहते हैं?



क्या वे अल्पसंख्यकों को हटाना चाहते हैं? इसका अर्थ यह हुआ कि हिंदुओं का ही हक है, मुसलमान का कोई हक नहीं है क्योंकि वह अल्पसंख्यक हैं। मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस को उसके नेता नहीं बल्कि वे लोग चला रहे हैं जो देश विरोधी ताकतों से मिले हुए हैं। कांग्रेस के बड़े नेता मुंह पर ताला लगा कर बैठे हैं और परदे के पीछे बैठे लोग देश विरोधी ताकतों से मिले हुए हैं। इनका मकसद हिंदुओं को सता कर देश को तबाह करना है। उन्होंने कहा कि गरीबों में आत्मविश्वास जगाने की केंद्र की योजनाएं बनाई गई। देश के गरीबों का भला ही देश का भला है। कांग्रेस ने आजतक नहीं बताया कि उसने दूसरे देश के साथ क्या गुप्त समझौता किया। कांग्रेस को देश की बुराई करने में ज्यादा मजा आता है। असल में उसका भारत प्रेम कम हो गया है। हमें कांग्रेस और उसके सहयोगियों की नई साजिश से सतर्क रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि दलित, पिछड़ा, आदिवासी या सामान्य वर्ग से से भी कोई गरीब हो तो उसकी चिंता करना उनकी सरकार का काम है और इसी से देश बदलेगा। कांग्रेस जातियों के बीच बैर बढ़ाना चाहती है। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और अपराध को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है। राज्य इन दो मोर्चों पर राजस्थान से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। कांग्रेस ने 'लोकतंत्र' को 'लूटतंत्र' और 'प्रजातंत्र' को 'परिवारतंत्र' बना दिया है। भाजपा सरकार बनते ही पीसीएस घोटाले की जांच होगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने सिर्फ पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ की जो हालत कर दी है, उसे पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस के विधायक और मंत्रियों ने जो कारनामे यहां किए हैं, उससे हर कोई त्रस्त है। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा, कभी-कभी लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में स्पर्धा चल रही है कि कहां सबसे ज्यादा हत्याएं होती है, कहां सबसे ज्यादा लूट होती है, कहां सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास या तो पोस्टरों और बैनरों में दिखता है, या तो कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में दिखता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को सिर्फ झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार दी है। इसलिए आज छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है, अउ नइ सहिबो बदल के रहिबो। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर बस्तर की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि दशकों तक इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई। मोदी ने कहा कि ये कांग्रेसी स्टील प्लांट को अपने बच्चों और रिश्तेदारों की तिजोरियां भरने का माध्यम बनाना चाहते हैं। लेकिन मोदी ऐसा नहीं होने देगा क्योंकि स्टील प्लांट के मालिक बस्तर के लोग हैं। मैं किसी भी कांग्रेसी नेता को इस इस्पात संयंत्र का मालिक नहीं बनने दूंगा।

# काशी में डेंगू का प्रकोप

**आरएनएम। वाराणसी**

काशी में इन दिनों डेंगू ने कहर मचा दिया है। मौसम में बदलाव और मच्छरों की भरमार व प्रकोप से वायरल फीवर , डेंगू, चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग हर घर में कोई न कोई बीमार है। डॉक्टर लोगों को जांच कराने की सलाह दे रहे हैं। स्थिति यह है कि जिला अस्पताल में डेंगू की रिपोर्ट के लिए लोगों को दो से तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके कारण बहुत से लोगों की दवा भी नहीं शुरू हो पा रही है। जिले के सरकारी अस्पतालों में डेंगू वार्ड से लेकर अन्य वार्ड मरीजों से भरे पड़े हैं। इसमें कुछ लोगों को डेंगू है, तो कोई तेज बुखार, जोड़ों में दर्द और सिरदर्द का अस्पतालों में इलाज करा रहा हैं। मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा, जिला अस्पताल में जहां अगस्त महीने में 1000 से 1200 मरीज पहुंचते थे, वहीं सितंबर के पहले सप्ताह से अब तक यह संख्या 1500 से 1700 हो गई है। शास्त्री अस्पताल रामनगर में भी हर दिन 1000 से 1200 मरीज आ रहे हैं।

#### जिला अस्पताल में 500, बीएचयू में 200 से अधिक सैंपल की जांच

जिले में केवल दीनदयाल अस्पताल और बीएचयू में ही डेंगू के सैंपल की जांच की सुविधा है। इसमें दीनदयाल अस्पताल में हर दिन 500 से अधिक सैंपल आ रहे हैं। इसमें कुछ लोग खुद जाकर सैंपल दे रहे हैं, जबकि कुछ अन्य सरकारी अस्पतालों से आ रहे हैं। आईएमएस बीएचयू के माइक्रोबायोलॉजी लैब में भी हर दिन 200 से ज्यादा सैंपल आ रहे हैं। यहां तो वाराणसी के अलावा आसपास के जिलों से भी आने वाले सैंपल की जांच रिपोर्ट देनी होती है।

इसमें आधे से अधिक वायरल फीवर और डेंगू से ग्रसित हैं। डॉक्टर की सलाह पर लोग अपना सैंपल तो सरकारी अस्पताल की लैब में दे रहे हैं ,लेकिन इसकी रिपोर्ट उन्हें दो से तीन दिन बाद ही मिल रही है। अस्पताल की ओर से लैब में सैंपल अधिक आने को वजह बताई जा रही है।

# नेपाल, दिल्ली, उप्र और कई राज्यों में भूकंप के झटके

**आरएनएम। नई दिल्ली**

दिल्ली एनसीआर में भूकंप के जोरदार झटके महसूस होते ही बहुत से लोग घर से बाहर निकल आये। चौदह से बीस मंज़िल ऊंची बिल्डिंग में रहने वालों की तो हालत खराब हो। मंगलवार तीन अक्टूबर को दोपहर लगभग 2.51 बजे आए भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गई। इसका केंद्र नेपाल के दिपायल में था। इससे पहले नेपाल में दोपहर 2.25 मिनट पर भी भूकंप का झटका महसूस किया गया था, इसकी तीव्रता 4.6 मापी गई थी। भूकंप के झटके दिल्ली, उप्र सहित कई राज्यों में महसूस किए गए। बीते जून में भी जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस तरह कुछ समय से भारत, नेपाल, पाकिस्तान, भूटान के पहाड़ी इलाकों में भूकंप के झटके बार-बार आ रहे हैं। विशेषकर हिमालयन रेंज में तो लगातार झटके महसूस किए जा रहे हैं। इसको लेकर आईआईटी कानपुर के शोध के अनुसार, भारत के हिमालयी राज्यों में कभी भी भयावह भूकंप आ सकता है। यह भूकंप 1505 व 1803 में आए भूकंप जैसा हो सकता है। इस बारे में आईआईटी कानपुर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर व जियोसाइंस इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ प्रो. जावेद एन मलिक का कहना है, 'हिमालय रेंज में टेक्टोनिक प्लेट अस्थिर हो गई है। इसके चलते अब लंबे समय तक इस तरह के भूकंप आते रहेंगे। इस बार आए भूकंप का भी यह एक बड़ा कारण है। ये झटके हिमालयन रेंज पर आते हैं। जम्मू कश्मीर, लद्दाख, नेपाल, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में आने वाले भूकंप का असर कई बार दिल्ली एनसीआर और आसपास के राज्यों में भी देखने को मिलता है। प्रो. जावेद मलिक का कहना है कि वह और उनकी टीम लंबे समय से भूकंप को लेकर अध्ययन कर रही है। इसमें भारत के लिए एक तरह की चिंताजनक स्थिति बन रही है। यदि लोग सोच रहे हैं कि भारत में बड़े भूकंप नहीं आएंगे तो वह गलत हैं।

- **भारत के हिमालयन रेंज में बड़े भूकंप की आशंका :** हिमालयन रेंज यानी नेपाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बड़ा भूकंप आ सकता है। इसकी तीव्रता 7.8 से 8.5 के बीच रह सकती है। यह बड़ा खतरा है। इसके लिए हर संभव सुरक्षा की तैयारी करनी होगी।
- **भूकंप के समय में प्रवेश कर चुका है भारत :** भारत भूकंप की साइकिल जोन में पहले से ही प्रवेश कर चुका है। इसका मतलब यह है कि हम लोग उस टाइमलाइन में दाखिल हो चुके हैं, जब कभी भी किसी भी समय हिमालयन रेंज में भयावह भूकंप के झटके आ सकते हैं। हिमालय भी इस ओर इशारा कर रहा है।'
- **हिमालयन रेंज में भूकंप का असर पूरे उत्तर भारत में दिखेगा :** मलिक का कहना है कि जब भी हिमालयन रेंज में भूकंप के झटके आएंगे, तब उसका असर पूरे उत्तर भारत में देखने को मिलेगा। फिर समतल जगह ही क्यों न हो। वहां भी गंभीर असर होगा। उत्तराखंड में खासतौर पर गढ़वाल और कुमाऊं वाले इलाके रेड जोन में हैं। ये इलाके भूकंप के केंद्र हो सकते हैं।
- प्रो. मलिक ने पुराने भूकंप के झटकों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, 1505 और 1803 में उत्तराखंड में तीव्र भूकंप आ चुका है। 1505 में आए भूकंप का उल्लेख अकबरनामा और बाबरनामा में भी है। उस दौरान काफी नुकसान हुआ था। इसी तरह 1803 में भी तीव्र भूकंप आया था। जिसका असर दिल्ली एनसीआर, मथुरा तक देखने को मिला था। उस समय भी बहुत नुकसान उठाना पड़ा था।

# विदेशी फंडिंग: न्यूज क्लिक से जुड़े 30 ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज क्लिक वेबसाइट से जुड़े पत्रकारों के 30 से अधिक ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी कर साक्ष्य जुटाए हैं। यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर में स्थित परिसरों में की गई है। छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य समेत कई मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। आरोप है कि न्यूज क्लिक ने विदेशी फंडिंग के जरिए अवैध रूप से पैसे जुटाए हैं। वेबसाइट पर चीन से फंडिंग लेकर खबरों के माध्यम से भारत विरोधी एजेंडा चलाने का



आरोप है। इस मामले में केस दर्ज हुआ था। इसे पहले ईडी भी छापेमारी कर चुकी है। सैदुलाजाब 275 वेस्ट एंड मार्ग पर स्थित न्यूज क्लिक के दफ्तर पर लगातार दिल्ली पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि न्यूज क्लिक के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसी की यह कार्रवाई किसी मीडिया संगठन पर होने वाली अपनी तरह की पहली कार्रवाई है। इस छापेमारी से पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने न्यूजक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था, जिसमें न्यूज पोर्टल पर विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन करते हुए विदेशी फंडिंग प्राप्त करने का आरोप लगाया गया था।

#### न्यूज क्लिक से जुड़ा क्या है मामला

डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म न्यूज क्लिक के ऊपर विदेशी फंडिंग का केस दर्ज हुआ है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल से पहले ईडी भी न्यूज क्लिक के ऑफिस और इससे जुड़े लोगों के यहां छापेमारी कर चुकी है। ईडी ने बताया था न्यूज क्लिक को विदेशों से लगभग 38 करोड़ रुपए की फंडिंग हुई थी। जिसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2005 से 2014 के बीच कांग्रेस को भी चीन से बहुत सारा पैसा मिला है। इतना ही नहीं गत दिनों न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में भी बताया गया था कि न्यूज क्लिक को विदेशी फंडिंग से करोड़ों रुपए मिले थे।

### चंद्रबाबू नायडू को अंतरिम राहत नहीं, 9 को याचिका की होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तेलुगु देशम पार्टी सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। चंद्रबाबू नायडू कथित कौशल विकास निगम घोटाले से जुड़े मामले में सलाखों के पीछे हैं। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने मामले को 9 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया। इसी बीच पीठ ने राज्य सरकार से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष दायर सभी दस्तावेजों का संकलन पेश करने को कहा है।


## FILMY हलचल

### मोना सिंह, राजेश तैलंग गैंगस्टर ड्रामा सीरीज 'पान पर्दा जर्दा' में आएंगे नजर



**एक्ट्रेस** मोना सिंह, राजेश तैलंग, प्रियांशु पेन्युली और तान्या मानिकतला समेत कई अन्य कलाकार अपकमिंग गैंगस्टर ड्रामा सीरीज 'पान पर्दा जर्दा' में नजर आएंगे। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, गैंगस्टर ड्रामा सीरीज मध्य भारत में अवैध अफीम तस्करी की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसे जियो स्टूडियोज ने रिलायंस एंटरटेनमेंट और ड्रीमर एंड डूअर्स कंपनी के सहयोग से निर्मित किया है। प्रिंसिपल फोटोग्राफी पान पर्दा जर्दा पर शुरू हो गई है। कलाकारों में तन्वी आजमी, सुशांत सिंह और मनु ऋषि भी शामिल हैं। 'वैरायटी' की रिपोर्ट के अनुसार, सह-निर्देशक गुरमीत सिंह और शिल्पी दासगुप्ता, शोरनर मृगदीप सिंह लांबा और लेखक सुपर्ण एस वर्मा, हुसैन दलाल, अब्बास दलाल, राधिका आनंद और विभा सिंह के बीच एक सहयोग है। सिंह ने कहा, हम जियो स्टूडियोज के सहयोग से 'पान पर्दा जर्दा' के साथ एक बिल्कुल नई यात्रा शुरू करने को लेकर उत्साहित हैं। सीरीज में यूनिक कलर और टेक्सचर है, यह मध्य भारत में अवैध अफीम तस्करी की पृष्ठभूमि पर आधारित प्रेम कहानी, एक्शन, पारिवारिक नाटक के तत्वों से भरपूर मनोरंजन है।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत 'योद्धा' अब 8 दिसंबर को होगी रिलीज



**अभिनेता** सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म 'योद्धा' की रिलीज डेट बदल गई है। अब यह 15 दिसंबर को अपनी निर्धारित रिलीज से एक सप्ताह पहले 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिद्धार्थ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म निमार्ता करण जौहर की एक पोस्ट साझा की और लिखा, हम 8 दिसंबर 2023 को योद्धा को सिनेमाघरों में उतारने के लिए तैयार हैं।" करण ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हम 8 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।" फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पटानी और राशि खन्ना हैं। इसका निर्देशन नवोदित निर्देशक जोड़ी सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा द्वारा किया जा रहा है। यह धर्मा प्रोडक्शंस और शशांक खेतान की मेंटर डिसिपल फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

### जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होगी 'ओएमजी 2'

**बॉलीवुड** एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'मिशन रानीगंज' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। अक्षय कुमार इससे पहले अगस्त में रिलीज हुई 'ओएमजी 2' में नजर आए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। अब जो दर्शक 'ओह माय गॉड 2' सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, वे अब घर पर फिल्म का आनंद ले सकते हैं। जल्द ही 'ओएमजी 2' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नजर आएगी। 'ओएमजी 2' 2012 की 'ओह माय गॉड' का आधिकारिक सीक्वल है। पिछली बार इसका निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था। इसके सीक्वल का निर्देशन अमित राय ने किया है। 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी 'ओएमजी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। खुशी की बात है कि अब 'ओएमजी 2' नेटफ्लिक्स के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इस फिल्म को दर्शक 8 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी घोषणा हाल ही में नेटफ्लिक्स के सोशल मीडिया हैंडल पर की गई थी। 'ओएमजी 2' एक ऐसी फिल्म है जो यौन शिक्षा जैसे गंभीर विषयों पर आधारित है।




अपने विषय के कारण फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट हासिल करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा 'ओएमजी 2' और सनी देओल की 'गदर 2' एक ही दिन रिलीज हुई थी। इतनी बड़े बजट की फिल्म होने के बावजूद 'ओएमजी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। फिल्म में अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

## रणनीति

### पूर्वी लद्दाख में निगरानी रख रही है भारतीय वायुसेना

# जुटा रही है खुफिया जानकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना चीन से लगी सीमा पर विशेष चौकसी बरतते हुए लगातार निगरानी कर रही है। खासकर पूर्वी लद्दाख में वायुसेना द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर निगरानी की जा रही है। भारतीय वायु सेना ने मंगलवार को दिल्ली में यह जानकारी दी। वायु सेना अध्यक्ष, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायुसेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है। खासकर पूर्वी लद्दाख में लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही माध्यमों से सीमा पर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। हमारी परिचालन योजनाएं गतिशील हैं और विकासशील स्थितियों के अनुसार बदलती रहती हैं। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बताया कि वायुसेना 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस मार्क 1ए खरीदने की अपनी



योजना पर आगे बढ़ रही है। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल चौधरी ने यह भी बताया कि भारतीय वायुसेना को रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन यूनिट मिलीं। वायुसेना को अगले साल तक मिसाइल सिस्टम की शेष दो और यूनिट मिलने की उम्मीद है। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को यह भी कहा कि भारतीय वायु सेना अगले सात-आठ वर्षों में 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपये के सैन्य प्लेटफॉर्म, उपकरण और हार्डवेयर को शामिल करने पर विचार कर रही है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अनिश्चित जियोपॉलिटिकल स्थिति ने एक मजबूत सेना की आवश्यकता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत को प्रदर्शित करने का आधार बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अग्निपथ योजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए वायुसेना ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। थिएटराइजेशन योजना पर उन्होंने कहा कि इस पर काम चल रहा है। वायु सेना अध्यक्ष यहां मंगलवार को दिल्ली में, 8 अप्रैल को होने वाले वायु सेना दिवस की तैयारी के संबंध में जानकारी दे रहे थे। इस दौरान बताया गया कि 8 अक्टूबर को वायु सेना दिवस का अवसर प्रयागराज निवासियों के लिए यादगार रहेगा। वायु सेना दिवस के मौके पर प्रयागराज में वायु सेना द्वारा अपने शौर्य का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। यहां प्रयागराज में एशिया का सबसे बड़ा एयर शो होगा। जिसमें सेना के कई विमान अपना करतब दिखाएंगे।